# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

मंगलवार, 21 जुलाई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 14, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceofflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 443 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे और सेंसेक्स 443 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 96 अंक के नुकसान में रहा। } 10

## मोल्दोवा के साथ रिश्तों को मजबूत करने पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मोल्दोवा की ऐतिहासिक यात्रा पर पहुंची, इस यात्रा का मकसद व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में संबंधों को प्रगाढ़ करना है। } 12



# लखनऊ के जवाहर भवन में लगी आग

## कोई हताहत नहीं, दमकल की कई गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊके व्यस्त हजरतगंज क्षेत्र स्थित बहुमंजिला सरकारी इमारत जवाहर भवन में सोमवार सुबह आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और आग पर काबू पा लिया गया है। जवाहर भवन में उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के निदेशालय और कार्यालय हैं। आग चौथी मंजिल पर स्थित एक कार्यालय में लगी। सूत्रों के मुताबिक सुबह कार्यालय पहुंचे कर्मचारियों ने इमारत से धुआं उठता देखा, जिसके बाद पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी गई। अग्निशमन विभाग ने एक बयान जारी कर कहा कि सुबह नौ बजकर 53 मिनट पर जवाहर भवन में आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद हजरतगंज अग्निशमन केंद्र और जिले के अन्य सभी अग्निशमन केंद्रों से तत्काल दमकल की गाड़ियां मौके पर रवाना की गईं। बयान कहा गया मौके पर पहुंचकर अग्निशमन कर्मियों ने त्वरित और प्रभावी कार्वाई करते हुए एक घंटे के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। आग जवाहर भवन के पिछले हिस्से में चौथी मंजिल पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

# जम्मू कश्मीर में बारिश से भारी तबाही, अब तक 15 की मौत

एजेंसी

पुंछ। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारी बारिश के चलते मंडी तहसील के लोरन ब्लॉक के पीर पंजाल पहाड़ियों में स्थित दोमेल ढोक क्षेत्र में हुए भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ। अब तक 11 लोगों की मौत हो गई, जिससे पिछले दो दिनों में मरने वालों की संख्या 23 बताई जा रही है।

सोमवार को लगातार बारिश के बीच दोमेल ढोक इलाके में अचानक भूस्खलन हुआ, जिसमें कई लोग मलबे की चपेट में आ गए। यह क्षेत्र बेहद दूरदराज और दुर्गम होने के कारण घटना की जानकारी प्रशासन तक देर शाम पहुंची। घटना की सूचना मिलते ही मंडी प्रशासन और पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। राहत और बचाव कार्यों के लिए प्रशासन एवं पुलिस दल को घटनास्थल की ओर रवाना कर दिया गया है।

लगातार बारिश के कारण पुंछ जिले के कई इलाकों में हालात चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।



पिछले दो दिनों की भारी बारिश से सार्वजनिक और निजी बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। पुंछ में 10 लोगों की मौत हुई और छह लापता हैं, जबकि राजौरी में दो लोगों की जान गई और एक जल शक्ति कर्मचारी लापता है। बचाव और राहत कार्य लगातार हो रही भारी बारिश से बाधित हुए हैं। बचाव दल में पुलिस, सेना, एसडीआरएफ, नागरिक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी में 24 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी

लखनऊ। दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय होने से अगले 24 घंटों में उत्तर प्रदेश के 12 जिलों और उनके आसपास के इलाकों में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, कासगंज, एटा, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं जिलों तथा उनके आसपास के इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान अत्यधिक भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की गयी। आईएमडी के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक 174 मिलीमीटर (मिमी) वर्षा बहेड़ी (बरेली) में हुई, इसके बाद मुसमरी (बिजनौर) में 160 मिमी, कालीनगर (रामपुर) में 152.4 मिमी और ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सपा-कांग्रेस विकास की विरोधी : योगी

## ○ युवाओं को सपा की गुंडागर्दी, उपद्रव व लूट के बारे में बतायें बुजुर्ग ○ केडी सिंह बाबू की हवेली को बनाएंगे संग्रहालय

भूपेन्द्र पाल सिंह

लखनऊ/बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बाराबंकी की धरा से प्रदेशवासियों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व समाजवादी पार्टी विरासत, विकास, गांव-गरीब, किसानों, नौजवानों और महिलाओं की जन्मजात विरोधी हैं। इनसे सावधान और सतर्क रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे अन्यथा जैसे ही इनसे सटेंगे तो खतरा बढ़ेगा। सीएम ने बुजुर्गों से अपील की कि युवाओं को सपा की गुंडागर्दी, उपद्रव, सरकारी धन की डकैती व लूट के बारे में बताइए। मुख्यमंत्री ने लोधेश्वर महादेव के सामने से जाने वाली सड़क को टूलेन से फोरलेन बनाने और गेट को भव्य बनाने के लिए प्रस्ताव मांगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बाराबंकी में रामनगर व दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 542 करोड़ से अधिक की 82 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया।

सीएम ने साहित्यिक विभूतियों, खिलाड़ियों, किसानों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, सीमा की सुरक्षा करने वाले युवाओं आदि का नाम लेकर बाराबंकी को विरासत, आध्यात्मिकता, साहित्य, समर्पण, युवा शक्ति से ओतप्रोत, स्वतंत्रता आंदोलन में अविस्मरणीय योगदान वाली प्रतिभाशाली व समृद्ध धरा बताया। सीएम ने कहा कि बाराबंकी को लोधेश्वर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त है। सोमवार को बाबा का दर्शन कर अंतःकरण से आनंद की अनुभूति हुई। यहां अगल-बगल के कई जनपदों से श्रद्धालु आते हैं, फिर भी मंदिर जीर्ण-शीर्ण ही रहा। आजादी के बाद भी आपके पैसे से विकास की लौ कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल तक तो पहुंची, लेकिन लोधेश्वर महादेव मंदिर, केडी सिंह बाबू की हवेली, पारिजात के महाभारत कालीन वृक्ष के संरक्षण, महादेवा, अयोध्या, काशी विश्वनाथ, गोला गोकर्णनाथ, महापुरुषों, वीरांगनाओं आदि के नाम पर योजनाओं के लिए पैसा नहीं मिला। हमारी सरकार भगवान लोधेश्वर महादेव का कॉरिडोर बना रही है, जिससे देश-प्रदेश के हर कोने से यहां आने वाला श्रद्धालु अभिभूत होगा और बाराबंकीवालों को आशीर्वाद व धन्यवाद देकर जाएगा। सरकार गोला गोकर्णनाथ में भी भव्य कॉरिडोर बना रही है। विंध्यवासिनी मंदिर का कॉरिडोर बन गया। पहले काशी में गंदगी थी और गलियां संकरी थीं लेकिन अब वह भी ...शेष पृष्ठ 10 पर



## नाइट सफारी जल्द शुरू हो, फायर सुरक्षा मानकों में न हो लापरवाही

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की छठी बैठक में प्रदेश में संचालित प्रमुख आधारभूत संरचना, औद्योगिक विकास, निवेश, जनकल्याण और सेवा वितरण से जुड़ी परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने जीरो पॉवर्टी अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की विशेष टीम गठित कर पात्र परिवारों का अंत्योदय कार्ड बनवाया जाए और उन्हें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास सहित सभी पात्र योजनाओं से चरणबद्ध रूप से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का समग्र लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचना चाहिए। बैठक में बताया गया कि जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बाढ़ हो या सूखा, हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित हो : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बाढ़ हो या सूखा, प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा, किसानों की फसल और आमजन की आजीविका की रक्षा करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी संवेदनशीलता, तत्परता और समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति तक समयबद्ध सहायता पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री सोमवार को प्रदेश में अनियमित वर्षा से उत्पन्न दोहरी चुनौती, एक ओर कम वर्षा वाले क्षेत्रों में सूखे की आशंका और दूसरी ओर अतिवृष्टि वाले क्षेत्रों में संभावित बाढ़, के दृष्टिगत आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में प्रत्येक ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

## त्रिपुरा के डीजीपी ने की आत्महत्या

अगरतला। त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग धनखड़ का शव सोमवार को पुलिस मुख्यालय स्थित उनके आधिकारिक कक्ष के शौचालय में फंदे से लटका हुआ मिला। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद वह मुख्य सचिव और गृह सचिव समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस मुख्यालय पहुंचे। साहा ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा मैं त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक अनुराग धनखड़ के दुखद निधन से बेहद स्तब्ध और दुखी हूं। उनका शव आज आधिकारिक कक्ष के शौचालय में फंदे से लटका हुआ मिला। उन्होंने बताया कि 1994 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी को तुरंत अगरतला स्थित जीबीपी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें अस्पताल पहुंचने से पहले ही मृत घोषित कर दिया।

## कानपुर : 100 करोड़ की ठगी का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर में पुलिस ने सोमवार को नौकरी का झांसा देकर और बिना पंजीकरण के आयुर्वेदिक उत्पाद बेचकर 60 हजार से अधिक लोगों से करीब 100 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले एक अंतर-राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि विन मेकर आयुर्वेद और विन मेकर वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से संचालित कंपनी बेरोजगार युवाओं को 25 हजार से 50 हजार रुपये मासिक वेतन वाली नौकरी का झांसा देकर सेमिनार में बुलाती थी। वहां उन्हें 12 हजार से 30 हजार रुपये देकर अपंजीकृत आयुर्वेदिक दवा किट खरीदने और एमएलएम नेटवर्क से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाता था तथा इसके बाद उनसे नए लोगों को जोड़ने के लिए कहा जाता था।

# कॉजपा के प्रदर्शन में पुलिस का लाठीचार्ज

## प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प में 50 से अधिक पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को संसद मार्ग पर तब आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठियां भांजीं, जब मानसून सत्र के पहले दिन हजारों प्रदर्शनकारी संसद भवन की ओर मार्च कर रहे थे। सत्र के पहले दिन के लिए संसद में सभी सांसद जुटे हुए थे। मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों के साथ हुई झड़प के दौरान 50 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। घायल कर्मियों को इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जबकि पुलिस ने हिंसा के बाद स्थिति को नियंत्रण में कर लिया।

शिक्षा में सुधार के लिए कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) द्वारा आहूत विरोध प्रदर्शन में छात्र संगठनों ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के कार्यकर्ताओं और कई पेशेवरों ने हिस्सा लिया। हालात तब तनावपूर्ण हो गए, जब पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे प्रदर्शनकारियों ने संसद मार्ग पुलिस थाने के सामने लगे एक प्रमुख अवरोधक को तोड़ दिया ...शेष पृष्ठ 10 पर



## भारी बारिश से ढहा मकान, पांच की मौत

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिले के फुगाना क्षेत्र में रविवार को भारी बारिश के दौरान ढहे एक मकान के मलबे में दबने से चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए।

उप जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि फुगाना थाना क्षेत्र के हबीबपुर गांव में बारिश के दौरान एक मकान ढहने से चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान इस्लाम, अहद, रुखसार, अलशिफा और जीशान के रूप में हुई है। इस घटना में घायल हुए पांच अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना तब हुई जब भारी बारिश के दौरान घर में लोग खाना खा रहे थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिये हैं। सहारनपुर के मंडलायुक्त डॉ. ...शेष पृष्ठ 10 पर

# भारी बारिश, भूस्खलन से थमी चारधाम यात्रा

## हालात सामान्य होने तक आगे नहीं बढ़ेंगे श्रद्धालु : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में सक्रिय मानसून के कारण लगातार हो रही भारी बारिश ने चारधाम यात्रा की रफ्तार पर फिलहाल विराम लगा दिया है। पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन और सड़कों पर मलबा आने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने चारधाम यात्रा को अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया है। मौसम विभाग की ओर से जारी रेड और ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर यह निर्णय पूरी तरह एहतियात के तौर पर लिया गया है।

बारिश के चलते बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री को जोड़ने वाले कई प्रमुख मार्ग प्रभावित हुए हैं। कई स्थानों पर चट्टानें गिरने और मलबा जमा होने से सड़कें असुरक्षित हो गई हैं, जिसके कारण यात्रियों की आवाजाही रोक दी गई है। प्रशासन का कहना है कि यात्रा तभी दोबारा शुरू होगी, जब सभी मार्गों का निरीक्षण कर उन्हें पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया जाएगा। गढ़वाल मंडलायुक्त आनंद स्वरूप ने चारधाम यात्रा से जुड़े सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्गों पर जहां भी श्रद्धालु ठहरे हुए हैं, ...शेष पृष्ठ 10 पर





आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- प्रदेश में कांवड़ यात्रा को लेकर हाई अलर्ट (पृष्ठ-02)
- 1.95 लाख से अधिक पुराने वाहन चलन से बाहर (पृष्ठ-02)
- रुपया 14 पैसे टूटकर 96.44 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- सोना 1,400 रुपये चढ़ा, चांदी में गिरावट का जारी (पृष्ठ-10)
- बजट पेश, विकास योजनाओं को मिलेगी रफ्तार (पृष्ठ-10)


विशेष खबर — इण्डियन पैरा जूडो एकेडमी, लखनऊ में छः दिवसीय जूडो महाकुम्भ प्रदेशीय प्रतियोगिता का समापन

# विराज सागर दास ने जूडो प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। इण्डियन पैरा जूडो एकेडमी, हलवासिया कोर्ट, हजरतगंज, लखनऊ में सम्पन्न हुई छः दिवसीय जूडो महाकुम्भ प्रदेशीय प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वॉइस प्रेसिडेंट, उप्र बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष व यूपी ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास शामिल हुए। उन्होंने विजेताओं को कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया।

इण्डियन ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो एसोसिएशन एवं यूपी जूडो एसोसिएशन द्वारा संचालित जूडो महाकुम्भ के छठे एवं अंतिम चरण में सीनियर प्रदेशीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जूडोकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया एवं अद्भुत खेल प्रतियोगितायें दिखाई। मुरादाबाद की पुरूष एवं महिला टीम ने 03 स्वर्ण, 03 रजत व 03 कांस्य पदक जीतकर इण्डिया पेस्टिसाइड्स सीनियर विजेता कैश अवार्ड जीता जबकि लखनऊ की पुरूष एवं महिला टीम ने 03 स्वर्ण, 03 रजत व 01 कांस्य पदक जीतकर इंडिया पेस्टिसाइड्स सीनियर उप विजेता कैश अवार्ड जीता। विराज सागर दास ने सभी सीनियर ग्रुप के पुरूष एवं महिला विजेता टीमों एवं बेस्ट जूडोकाओं को कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया। साथ ही सीनियर प्रदेशीय जूडो प्रतियोगिता एवं जूडो महाकुम्भ का समापन किया। सीनियर महिला वर्ग में कानपुर नगर की अंजना बाजपेयी एवं सीनियर पुरूष वर्ग में लखनऊ के कार्तिकेय मिश्रा इंडिया पेस्टिसाइड्स ...शेष पृष्ठ 10 पर





# अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को न दें राजनीतिक रंग

## सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी जांच पर यूपी सरकार से पूछा सवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार से अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले चढ़ावे में कथित हेराफेरी की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाने की संभावना के बारे में जानकारी मांगी और याचिकाकर्ताओं को चेतावनी दी कि वे इस मुद्दे का राजनीतिकरण न करें। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से निर्देश लेने को कहा कि क्या स्थानीय पुलिस के बजाय एसआईटी को इस मामले की जांच की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है, जिसने प्राथमिकी दर्ज होने से पहले पूरे मामले की जांच की थी। सीजेआई ने कहा बस एक बात का ध्यान रखें। कृपया इस मामले को राजनीतिक रंग न दें। अदालतें राजनीति की जगह नहीं हैं। यह अपराध का एक साधारण मामला है। हम (यहां) सिर्फ यह सुनिश्चित करने के लिए हैं कि इसकी ठीक से जांच हो। शुरुआत में, मेहता ने कहा कि पहले के आदेश का पालन करते हुए राज्य सरकार ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है।

# बीबीडी विश्वविद्यालय में भारतीय भाषाओं में अनुवाद पर तीन दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला सम्पन्न






**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू), लखनऊ के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय भाषा संस्थान (सीआईआईएल), मैसूर, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय अनुवाद मिशन के सहयोग से 16 से 18 जुलाई 2026 तक 'भारतीय भाषाओं (हिन्दी, उर्दू एवं सिंधी) में अनुवाद' विषय पर तीन दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देना तथा भारतीय भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण ज्ञान-सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अनुवाद कौशल का विकास करना था।

कार्यशाला का उद्घाटन प्रो. (डॉ.) एस. के. श्रीवास्तव, कुलपति, बीबीडी विश्वविद्यालय ने किया। इस अवसर पर डॉ. एस. सी. शर्मा, प्रति-कुलपति, डॉ. दिनकर प्रसाद, भाषा सलाहकार, केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर तथा डॉ. सी. एम. नौटियाल, बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान, लखनऊ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला के संयोजक एवं अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो. एस. अहमद अली ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया, जबकि डॉ. दिनकर प्रसाद ने कार्यशाला के उद्देश्यों एवं राष्ट्रीय अनुवाद मिशन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

अपने उद्घाटन संबोधन में कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भारतीय भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण ज्ञान-सामग्री उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है तथा अनुवाद इस दिशा में एक महत्वपूर्ण माध्यम है।तीन दिनों तक आयोजित विभिन्न तकनीकी सत्रों में देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने अनुवाद के विविध आयामों पर व्याख्यान दिए। डॉ. सी. एम. नौटियाल ने वैज्ञानिक लेखन की कला विषय पर व्याख्यान देते हुए वैज्ञानिक लेखन में स्पष्टता, शुद्धता और सरलता के महत्व तथा वैज्ञानिक साहित्य के अनुवाद में इन गुणों को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रो. आर. पी. सिंह ने साहित्यिक अनुवाद की चुनौतियों, डॉ. राजीव कुमार सिंह ने विधिक (लीगल) अनुवाद की जटिलताओं, डॉ. एस. मोहम्मद फैयाज ने उर्दू अनुवाद में भाषिक एवं सांस्कृतिक पक्षों, सुंदरदास वी. गोहराणी ने सिंधी भाषा में अनुवाद एवं लिप्यंतरण की चुनौतियों, डॉ. मंजरी जौहरी ने साहित्यिक अनुवाद के व्यावहारिक पक्ष तथा प्रो. रजनीश अरोड़ा ने भाषा शिक्षण में अनुवाद की उपयोगिता पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रो. एस. अहमद अली, डीन, बेसिक साइंस, ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में अनुवाद के माध्यम से विज्ञान एवं गणित को सुलभ बनाना विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने विज्ञान एवं गणित के ज्ञान के वैश्विक प्रसार में अनुवाद की ऐतिहासिक भूमिका, वैज्ञानिक एवं गणितीय ग्रंथों के अनुवाद की कार्यप्रणाली, मानकीकृत वैज्ञानिक पारिभाषिक शब्दावली की आवश्यकता तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए कहा कि वैज्ञानिक अनुवाद की गुणवत्ता और प्रामाणिकता सुनिश्चित करने में विषय-विशेषज्ञों की भूमिका सर्वोपरि बताया। कार्यशाला में व्याख्यानों के साथ-साथ व्यावहारिक अभ्यास, संवादात्मक सत्र, मूल्यांकन तथा प्रतिभागियों की सहभागिता पर विशेष बल दिया गया, जिससे प्रतिभागियों को अनुवाद के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों पक्षों की उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई।

समापन समारोह में डॉ. दिनकर प्रसाद, भाषा सलाहकार, केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर ने प्रतिभागियों को संबोधित किया, जबकि डॉ. वी. के. सिंह, निदेशक, बीबीडी एनआईआईटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रो. एस. अहमद अली ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, प्रतिभागियों, केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान, राष्ट्रीय अनुवाद मिशन तथा विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यशाला ने भारतीय भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण ज्ञान-सामग्री के विकास, वैज्ञानिक एवं तकनीकी साहित्य के अनुवाद तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों की पूर्ति में अनुवाद की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रभावी ढंग से रेखांकित किया।

# प्रदेश में 1.95 लाख से अधिक पुराने वाहन चलन से बाहर

## वाहन मालिकों को 15 प्रतिशत तक रोड टैक्स पर छूट के साथ कई फायदे

- प्रदेश में अब तक 50 रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी सेंटर शुरू हुए

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की व्हीकल स्क्रैप पॉलिसी सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में प्रभावी साबित हो रही है। पॉलिसी लागू होने के बाद 30 जून 2026 तक प्रदेश में 1.85 लाख से अधिक निजी और 10 हजार से अधिक सरकारी वाहनों को अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्रों के माध्यम से स्क्रैप किया जा चुका है। प्रदेश में अब तक कुल 1.95 लाख से अधिक पुराने व अनुपयोगी वाहनों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने वाहन स्क्रैपिंग की पूरी प्रक्रिया को तकनीक आधारित, पारदर्शी और आसान बनाया है। प्रदेश में वर्तमान समय में 101 रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी (आरवीएसएफ) का पंजीकरण किया जा चुका है, जिनमें से 50 केंद्र पूरी तरह संचालित हैं। इन केंद्रों के माध्यम से पुराने और अनुपयोगी वाहनों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा रहा है। पूरी प्रक्रिया केंद्र सरकार के वी-स्क्रैप पोर्टल व वाहन प्रणाली के जरिए ऑनलाइन संचालित होती है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होने के साथ वाहन स्वामियों को भी भागदौड़ से राहत मिल रही है।

परिवहन विभाग के मुताबिक प्रदेश सरकार व विभाग का उद्देश्य केवल पुराने वाहनों को हटाना नहीं, बल्कि सुरक्षित, स्वच्छ और आधुनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करना है। इस पॉलिसी से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन घटेगा, ईंधन दक्षता बढ़ेगी। साथ ही स्क्रैप धातु एवं अन्य सामग्रियों का वैज्ञानिक पुनर्चक्रण संभव होगा। इसके साथ ही निवेश को बढ़ावा मिलने और रोजगार के नए अवसर सृजित होने की भी उम्मीद है। पॉलिसी के तहत ऐसे पुराने और प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है, जो निर्धारित तकनीकी और सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते।

वाहनों की फिटनेस जांच आधुनिक ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) में अत्याधुनिक कम्प्यूटरीकृत मशीनों से मानवीय हस्तक्षेप के बिना की जाती है। यदि कोई वाहन निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरता, तो उसे पहले अनफिट घोषित किया जाता है और पुनः परीक्षण में भी असफल रहने पर उसे एंड ऑफ लाइफ व्हीकल (ईएलवी) घोषित कर स्क्रैपिंग की प्रक्रिया में शामिल किया जाता है। प्रदेश सरकार स्क्रैपिंग नेटवर्क का तेजी से विस्तार भी कर रही है। जिन जिलों में अभी तक स्क्रैपिंग केंद्र स्थापित नहीं हुए हैं, वहां निजी निवेश के माध्यम से नए केंद्र खोलने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। वर्तमान में 30 नए स्क्रैपिंग केंद्रों के प्रस्ताव व आवेदन प्रक्रियाधीन हैं, जिससे आने वाले समय में यह सुविधा प्रदेश के ज्यादातर जिलों तक पहुंच जाएगी।

पॉलिसी में वाहन स्वामियों के हितों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्र पर वाहन जमा करने के बाद उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट जारी किया जाता है। इस प्रमाणपत्र के आधार पर नया वाहन खरीदने पर व्यावसायिक वाहनों के लिए रोड टैक्स में 10 प्रतिशत तक व निजी वाहनों के लिए 15 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान है। इसके अलावा वाहन मालिक को स्क्रैप किए गए वाहन का मूल्य भी प्राप्त होता है। यदि वाहन स्वामी तुरंत नया वाहन नहीं खरीदता, तो वह अपने डिपॉजिट प्रमाणपत्र को निर्धारित व्यवस्था के तहत किसी अन्य जरूरतमंद को बेच सकता है। इस नीति से सिर्फ पर्यावरण संरक्षण व सड़क सुरक्षा को ही मजबूती नहीं मिलेगी, बल्कि ऑटोमोबाइल, स्टील, एल्युमिनियम, तांबा, प्लास्टिक और रबर रीसाइक्लिंग उद्योगों को भी बेहतर कच्चा माल उपलब्ध हो पा रहा है। इससे विनिर्माण लागत कम हो रही है। वाहन स्क्रैपिंग, लॉजिस्टिक्स, मशीन संचालन, गुणवत्ता परीक्षण व पर्यावरण प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

# 122वें मंडी सचिव प्रशिक्षण का शुभारंभ

- कृषि विपणन व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा 45 दिवसीय 122वें मंडी सचिव प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमांशु पांडे, मुख्य अभियंता, सीपीडब्ल्यूडी ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मंडियों के कुशल संचालन, पारदर्शिता और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी रूप से करने का आह्वान किया।

निदेशालय की ओर से उप-कृषि विपणन सलाहकार श्री भवेश कुमार जोशी ने मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण मंडी प्रबंधन, कृषि विपणन सुधार, गुणवत्ता नियंत्रण और किसानों के लिए बेहतर विपणन सुविधाएं विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी जितेन्द्र सिंह, एम. जे. अहमद और अनुपम कुमार ने भी प्रतिभागियों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान से आए मंडी सचिव हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें कृषि विपणन से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी। इसके अलावा प्रतिभागियों के लिए 14 दिवसीय अखिल भारतीय अध्ययन भ्रमण भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें उन्हें देश के विभिन्न राज्यों की उन्नत कृषि विपणन व्यवस्थाओं को समझने का अवसर मिलेगा। अधिकारियों ने प्रशिक्षण मंडी सचिवों को अपने-अपने राज्यों में कृषि विपणन प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने में सक्षम बनाएगा।

# जदयू प्रदेश कार्यालय में मना निशांत कुमार का जन्मदिवस



**लखनऊ।** जनता दल (यूनाइटेड) उत्तर प्रदेश ने सोमवार को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार का जन्मदिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर, मिठाइयां वितरित कर तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं सफल सार्वजनिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर जनता दल (यूनाइटेड) उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने अपने संदेश में कहा कि जिस प्रकार नीतीश कुमार ने विकास, सुशासन एवं सामाजिक न्याय की राजनीति के माध्यम से देशभर में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उसी प्रकार प्रदेश का प्रत्येक जदयू कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय एवं विकास की भावना को पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करे। कार्यक्रम में जदयू उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता डॉ. जितेंद्र सिंह ने निशांत कुमार के चित्र के समक्ष केक काटकर जन्मदिवस समारोह का शुभारंभ किया। इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव हरि शंकर, सुभाष पाठक, कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी जय वीर सिंह, कोषाध्यक्ष अमर सिंह कटियार, प्रदेश प्रवक्ता दिवाकर सिंह, अनिल चौधरी, भगवान सिंह गुर्जर, सुनील पटेल, अवधेश सिंह, फूल चंद आर्य, चंदन, पप्पू पांडे, अशोक वर्मा, एचएन सिंह, मनीष श्रीवास्तव सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश कार्यालय के अतिरिक्त विभिन्न जनपदों में भी जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में निशांत कुमार का जन्मदिवस मनाया।

# छात्रों पर लाठी, आंसू गैस चलाना लोकतंत्र पर हमला: लोकदल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने संसद के बाहर प्रतियोगी छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और आंसू गैस के प्रयोग की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। सरकार को छात्रों की बात सुननी चाहिए थी, न कि उन पर लाठियां बरसानी चाहिए थीं।

उन्होंने कहा कि सरकार पूरे देश को बैठाकर अपनी मन की बात सुनाती है, लेकिन यदि वह इन छात्रों की भी मन की बात सुन लेती, तो लाठीचार्ज और आंसू गैस की नौबत ही नहीं आती। चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि शाहीन बाग से लेकर किसानों के आंदोलन और अब छात्रों तक, हर विरोध की आवाज का जवाब बल प्रयोग से देना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। आखिर ये छात्र भी इसी देश के बेटे-बेटियां हैं, बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान या अन्य देश के नागरिक नहीं।

# मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना से प्रतापगढ़ के शिवम को मिली नयी पहचान

- डेयरी से सालाना 20 लाख रुपये की कमाई, ग्रामीण उद्यमिता की बने मिसाल

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बन रही है। प्रतापगढ़ जिले के सांड़वा चंडिका गांव निवासी शिवम सिंह इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरे हैं। एक घायल देसी गाय की सेवा से शुरू हुआ उनका सफर आज आधुनिक डेयरी उद्यम में बदल चुका है, जिससे उन्हें सालाना 20 लाख रुपये से अधिक की आय हो रही है।

शिवम सिंह बताते हैं कि करीब पांच वर्ष पहले उनके पिता राकेश सिंह को रास्ते में एक घायल देसी गाय मिली थी। परिवार ने उसे घर लाकर उपचार और देखभाल शुरू की। इसी दौरान गोपालन के प्रति उनका लगाव बढ़ता गया और धीरे-धीरे गोवंश की संख्या बढ़कर 25 तक पहुंच गई। गोपालन को व्यवस्थित व्यवसाय का रूप देने की सोच के बीच उन्हें यूट्यूब के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना की जानकारी मिली, जिसने उनके जीवन को नई दिशा दी।

योजना के तहत आवेदन और चयन के बाद शिवम को पांच लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस सहायता से उन्होंने राजस्थान से साहीवाल और गिर नस्ल की 10 उच्च गुणवत्ता वाली गायें खरीदीं और आधुनिक डेयरी की स्थापना की। वर्तमान में उनकी डेयरी से प्रतिदिन लगभग 110 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। इससे उन्हें सालाना 20 लाख रुपये से अधिक की आय प्राप्त हो रही है।

\डेयरी के विस्तार के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। शिवम ने अपनी डेयरी में आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए नस्ल सुधार पर विशेष ध्यान दिया है। उनका कहना है कि भविष्य में वे दूध से घी और अन्य मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पादों का उत्पादन शुरू करेंगे, जिससे बाजार में अलग पहचान बनाई जा सके।

# गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या समेत 16 जिलों में तीन महीने में घर पर नही हुई डिलीवरी

- योगी सरकार ने मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य में हासिल की बड़ी उपलब्धि
- आशा कार्यकर्ताओं, एंबुलेंस सेवाओं और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का अहम योगदान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश के 16 जिलों में अप्रैल से जून 2026 के दौरान सभी प्रसव स्वास्थ्य संस्थानों में संपन्न हुए हैं। इस अवधि में इन जिलों में एक भी गैरसंस्थागत यानी घर या अन्य स्थान पर प्रसव दर्ज नहीं किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह उपलब्धि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, गर्भवती महिलाओं में बढ़ी जागरूकता और स्वास्थ्य कर्मियों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक गर्भवती महिला को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण प्रसूति सेवाएं उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि जिला महिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसूति सेवाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। अस्पतालों में आवश्यक उपकरण, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी, दवाओं की उपलब्धता और रेफरल व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है।

एचएमआईएस के आंकड़ों के अनुसार गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, वाराणसी, अमेठी, अयोध्या, सुलतानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, गाजीपुर, शामली, गाजियाबाद, हाथरस, इटावा, महोबा और कौशांबी में अप्रैल से जून के बीच एक भी गैरसंस्थागत प्रसव नहीं हुआ। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण, नियमित जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान, आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर संपर्क और एंबुलेंस सेवाओं की उपलब्धता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वरिष्ठ चिकित्सकों का कहना है कि अस्पतालों में प्रशिक्षित डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों की मौजूदगी, आपातकालीन प्रसूति सेवाएं, नवजात देखभाल और जरूरत पड़ने पर तत्काल रेफरल व्यवस्था से मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने में मदद मिलती है।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने गर्भवती महिलाओं और उनके परिवारों को संस्थागत प्रसव के लिए लगातार प्रेरित किया। प्रसव की संभावित तिथि से पहले तैयारी और समय पर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था ने इस उपलब्धि को हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। प्रदेश सरकार का कहना है कि 16 जिलों की यह उपलब्धि अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायक मॉडल बनेगी और सुरक्षित मातृत्व के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगी।

# प्रदेश में कांवड़ यात्रा को लेकर हाई अलर्ट

- मुख्य सचिव और डीजीपी ने की अंतरराज्यीय सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा
- जीरो इंसीडेंट-जीरो एक्सीडेंट के लक्ष्य के साथ काम करने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ/मेरठ।** कांवड़ यात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्य सचिव एस.पी. गोयल और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने मेरठ में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर उत्तर प्रदेश के विभिन्न मंडलों के साथ-साथ उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने कहा कि कांवड़ यात्रा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह विशाल धार्मिक आयोजन है, जिसे बिना किसी अप्रिय घटना और दुर्घटना के संपन्न कराना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को कांवड़ मार्गों, शिविरों, स्नान घाटों और प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा, स्वच्छता, चिकित्सा और भीड़ प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ शिविरों में विद्युत कनेक्शन, अग्नि सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और अन्य मानकों का शत-प्रतिशत पालन कराया जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस, बाइक एंबुलेंस और अस्पतालों में पर्याप्त बेड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी विभाग ₹जीरो इंसीडेंट-जीरो एक्सीडेंट₹ के लक्ष्य के साथ कार्य करें। मुख्य सचिव ने सीमावर्ती राज्यों और जिलों के बीच बेहतर समन्वय, रूट प्लानिंग और त्वरित सूचना आदान-प्रदान पर जोर दिया। उन्होंने संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर पहले से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। वहीं डीजीपी राजीव कृष्णा ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति पर तत्काल कार्रवाई की जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग और एक्सप्रेस-वे के एंट्री-एग्जिट प्वाइंट पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

डीजीपी ने निर्देश दिए कि डीजे संचालन सुप्रीम कोर्ट के निर्धारित ध्वनि मानकों के अनुसार कराया जाए। बिना साइलेंसर वाहन चलाने, स्टंटबाजी और अन्य अवांछनीय गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जाए। सोशल मीडिया पर अफवाह, भ्रामक खबरों और फेक नैरेटिव की निगरानी कर तत्काल कार्रवाई की जाए। बैठक में कांवड़ यात्रा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें प्रकाश व्यवस्था, सड़क मरम्मत, जल निकासी, सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन निगरानी, ट्रैफिक डायवर्जन, मोबाइल टॉयलेट, प्लास्टिक मुक्त व्यवस्था, सुरक्षा समितियों के साथ संवाद और कानून व्यवस्था शामिल रहे।

बैठक के बाद मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने बाबा औघड़नाथ मंदिर पहुंचकर कांवड़ यात्रा से संबंधित सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जलाभिषेक किया। इस अवसर पर एडीजी भानु भास्कर, मेरठ मंडल आयुक्त भानू चन्द्र गोस्वामी, डीआईजी कलानिधि नैथानी, विभिन्न मंडलों के आयुक्त, डीआईजी, जिलाधिकारी मेरठ डॉ. वी.के. सिंह, एसएसपी मेरठ अविनाश पांडे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# सपा सांसदों की गिरफ्तारी के विरोध में सपाइयों का प्रदर्शन

- प्रदर्शन के दौरान पुलिस से नोंकझोंक, पुलिस ने हिरासत में सपाइयों को लेकर पहुंचाया इकोगार्डेन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा सांसद डिम्पल यादव के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर नीट छात्रों के समर्थन में गये पार्टी के सभी सांसदों को पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के विरोध, केंद्रीय शिक्षा



मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग तथा दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने सोमवार को लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर धरना देकर प्रदर्शन किया। इस दौरान नेताओं की पुलिस से तीखीं नोंकझोंक हुई और सभी को हिरासत में लेकर बसों में भरकर इकोगार्डेन पार्क ले गयी। वहां पर उन्होंने धरना दिया।

सपा लखनऊ महानगर एवं जिले के सभी पदाधिकारी, फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सिविल हॉस्पिटल के पास एकत्र हुए। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में पार्टी का झंडा-बैनर लेकर भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए हजरतगंज चौराहे तक मार्च किया। चौराहे पर पहुंचकर सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। भाजपा के अलोकतांत्रिक रवैये का विरोध किया।

प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस ने धक्का-मुक्की की। पुलिस ने सपा नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ जोर-जबरदस्ती की और सभी को हिरासत में लेकर बसों में भरकर इकोगार्डेन पार्क ले गयी। इकोगार्डेन पार्क में सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के विरोध में धरना दिया।



विरोध-प्रदर्शन में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक रविदास मेहरोत्रा, विधायक अरमान खान, पार्टी के लखनऊ महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी, लखनऊ जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, पार्षद दल के नेता कामरान बेग, ब्लाक प्रमुख ऊषा सेन, महिला सभा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, पूर्व विधायक अमरीश पुष्कर, पूजा शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, प्रदेश सचिव विजय सिंह, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा, राम सिंह राणा, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, प्रवक्ता फखरूल हसन चांद, अनूप बाजपेयी, दीपक रंजन सहित अशोक यादव देव, शब्बीर अहमद खान, रंजीत यादव, प्रदीप शर्मा, राम प्रकाश यादव, राम सागर यादव, वंदना चतुर्वेदी, पंडित शर्मिला महाराज, दीनू रावत, अरूण यादव, अनिल पासी, राजबाला रावत, बचान सिंह यादव, अंजनी प्रकाश यादव, रितु अग्रवाल, बीना रावत, वीरेन्द्र सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, सर्वेश यादव, शैलेन्द्र सिंह बल्लू, सुहैल अहमद, सफाहत हुसैन, धीरज श्रीवास्तव, महेन्द्र यादव, अनिल मास्टर समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



संक्षेप

## दो अज्ञात के खिलाफ एससीएसटी का केस

प्रतापगढ़। दलित की पिटाई को लेकर सीओ की फटकार पर सांगीपुर पुलिस ने नामजद समेत तीन आरोपियो के खिलाफ दलित उत्पीडन व गालीगलौज तथा मारपीट व धमकी, तोड़फोड़ का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के तारापुर निवासी राहुल कोरी पुत्र बनवारी लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अठारह जुलाई को शाम सात बजे वह बाजार से बाइक द्वारा घर लौट रहा था। रास्ते में गांव के कुलदीप सिंह पुत्र विन्द बहादुर सिंह तथा दो अज्ञात ने उसे जबरिया रोक लिया। आरोपियो द्वारा गालीगलौज करने पर पीड़ित ने मना किया तब उसे तीनों आरोपी मारने पीटने लगे। आरोपियो ने जातिसूचक शब्दों से गालियां देते हुए लाठी डण्डा व सरिया से हमला कर उसे गंभीर चोटें पहुंचायी। शोर मचाने पर आरोपी पीड़ित की बाइक में तोड़फोड़ करते हुए जानलेवा धमकी देते चले गये। पीड़ित ने सीओ राजीव द्विवेदी से मिलकर आपबीती सुनाई। सीओ की फटकार पर सांगीपुर पुलिस ने कुलदीप समेत तीन के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## खाते से उड़ाये दो लाख से अधिक की रकम, केस

प्रतापगढ़। मोबाइल खो जाने से पीड़ित के साथ अज्ञात आरोपी द्वारा धोखाधड़ी कर उसके खाते से दो लाख दस हजार पांच सौ पचास रुपए पार हाथ साफ कर दिया गया। तहरीर पर सांगीपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के मोती का पुरवा पहाड़पुर निवासी वीरेन्द्र कुमार तिवारी पुत्र शोभनाथ ने दी गई तहरीर में कहा है कि पांच जून को वह मुम्बई जाने के लिए घर से निकला। प्रतापगढ़ पहुंचने पर उसका फोन जेब से गिर गया। इसके बाद वह मुम्बई चला गया। वहां नया सिम निकलवाने पर यह जानकर आवाक रह गया कि किसी अज्ञात आरोपी द्वारा धोखाधड़ी कर उसके खाते से दो लाख दस हजार पांच सौ पचास रुपए निकाल लिये गये। पीड़ित ने तेईस जून को पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

## निवेश के नाम पर डकारा लाखों की रकम

प्रतापगढ़। कंपनी में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी के साथ अज्ञात आरोपी द्वारा पीड़ित के खाते से दो लाख आठ हजार पांच सौ रुपए आरटीजीएस के माध्यम से हड़प लिये। जानकारी होने पर पीड़ित ने पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी। सांगीपुर थाना क्षेत्र के बरेंद निवासी प्रदीप कुमार तिवारी पुत्र कृष्ण कुमार तिवारी की शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात के खिलाफ छल कपट के साथ रुपए गड़प किये जाने का केस दर्ज किया है।

## दलित उत्पीड़न का केस दर्ज

प्रतापगढ़। शराब की दुकान पर पानी लेने गये पीड़ित के साथ दबंग द्वारा जातिसूचक गालीगलौज व मारपीट को लेकर लालगंज पुलिस ने केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के सरैंया नारायनपुर निवासी मोनू सरोज पुत्र मेवालाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्नीस जुलाई की शाम साढ़े छः बजे चरनगंज लोहंगपुर स्थित कम्पोजिट शराब के ठेके पर पानी लेने गया था। वहां पहले से मौजूद बगल के कतन्नापुर नरायनपुर निवासी संदीप पटेल उर्फ भाऊ पुत्र रामनिहोर पीड़ित से विवाद करने लगा। मना करने पर आरोपी द्वारा जातिसूचक गालियां देते हुए पीड़ित के साथ मारपीट की गयी। शोर मचाने पर आरोपी ने पुलिस में शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी संदीप के खिलाफ एससीएसटी तथा गालीगलौज व मारपीट एवं धमकी का केस दर्ज किया है।

## तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। धान की रोपाई को लेकर हुए विवाद में पीड़िता के पति व पुत्र समेत परिवार के सदस्यों की पिटाई को लेकर सांगीपुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पचखरा निवासिनी मनीषा कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अठारह जुलाई को शाम साढ़े छः बजे उसका पति व पुत्र धान लगाने के लिए खेत गया था। इस बीच पहले से घात लगाए बैठे विपक्षी गांव के अमरपाल व अमरनाथ पुत्रगण रामकिशुन व विपिन पुत्र अमरनाथ लाठी डंडे व कुल्हाड़ी से हमलावर हो उठे। अमरपाल के द्वारा किए गए हमले में पीड़िता के पति वंशीलाल व पुत्र शिवम के सिर में गंभीर चोटें आ गयी। घायल शिवम के द्वारा हल्लागुहार मचाने पर पीड़िता भी बचाव के लिए पहुंची तो उसे भी विपक्षियों ने दौड़ा लिया।

# सीएम आज आयेंगे श्रावस्ती, प्रशासन अलर्ट

## बारिश ने लिया इम्तिहान, मगर इंतजामात में नहीं छोड़ी कोई कसर

जिला संवाददाता



श्रावस्ती। प्रदेश के मुख्यमंत्री के 21 जुलाई 2026 को प्रस्तावित दौरे को लेकर श्रावस्ती का प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद और अलर्ट मोड में है। लगातार तीन दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश ने तैयारियों की रफ्तार को जरूर चुनौती दी है, लेकिन जिला और मंडलीय प्रशासन ने हालात पर पूरी पकड़ बनाए रखते हुए इंतजामात को अंतिम रूप देने में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। शासन की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री का दौरा पूरी तरह सुव्यवस्थित, सुरक्षित और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए हर स्तर पर युद्धस्तर पर काम जारी है। मंगलवार को मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल गोंडा दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस महानिरीक्षक अशोक कुमार शुक्ला, विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग, पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी तथा मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने विकास खंड इकौना स्थित कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। वरिष्ठ अधिकारियों ने हेलीपैड, मुख्य मंच, वाटरप्रूफ पंडाल, सुरक्षा घेरा, पार्किंग स्थल, बैरिकेडिंग, साफ-सफाई तथा अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं का मुआयना करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक हिदायतें दीं।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि हेलीपैड का निर्माण हर हाल में तय समय सीमा के भीतर मुकम्मल कराया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन से लेकर प्रस्थान तक कार्यक्रम का प्रत्येक चरण पूरी सतर्कता, अनुशासन और बेहतर समन्वय के साथ संपन्न होना चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आमजन के लिए बनाई गई पार्किंग व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने पंचायत सचिवालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने, अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ निर्धारित समय के भीतर अपने दायित्वों का निर्वहन करें ताकि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा की गुंजाइश न रहे। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ललित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह, सभी उपजिलाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासनिक अमले की सक्रियता और लगातार हो रही निगरानी से साफ है कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला प्रशासन किसी भी स्तर पर कोई जोखिम लेने के मूड में नहीं है। बारिश के बावजूद तैयारियों की रफ्तार बरकरार है और पूरा प्रशासन इस अहम कार्यक्रम को कामयाब बनाने के लिए पूरी शिद्दत के साथ जुटा हुआ है।

# परिवार परामर्श केंद्र की पहल से सुलझा दंपती का विवाद




श्रावस्ती। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत पुलिस परिवार परामर्श केंद्र, श्रावस्ती ने एक वैवाहिक विवाद का सफलतापूर्वक समाधान कराया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में आयोजित बैठक में दोनों पक्षों की काउंसलिंग कराई गई, जिसके बाद पति-पत्नी आपसी सहमति से साथ रहने के लिए राजी हो गए। बैठक में प्रभारी उप निरीक्षक एवं महिला थानाध्यक्ष पुष्पलता तथा महिला आरक्षी अर्चना रावत ने दोनों पक्षों की बातें धैर्यपूर्वक सुनीं और उन्हें आपसी संवाद व समझदारी से रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। परामर्श के बाद दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौता हो गया। सुलह कराने वाले मामले में रूबी शुक्ला पत्नी सर्वेश मिश्रा और सर्वेश मिश्रा पुत्र संजय मिश्रा निवासी खड़ैला दाखिला कमलाभारी थाना गिलौला शामिल रहे। दोनों ने भविष्य में आपसी सामंजस्य बनाए रखते हुए पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का भरोसा दिया। पुलिस परिवार परामर्श केंद्र ने बताया कि परिवारों में बढ़ते विवादों को अदालत तक पहुंचने से पहले बातचीत और काउंसलिंग के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने कहा कि दोनों पक्षों से आगे भी संपर्क बनाए रखा जाएगा, ताकि समझौता स्थायी रूप से सफल रहे और परिवार में सौहार्द बना रहे।

# सीएचसी भिनगा में स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी

## दवा स्टॉक में गड़बड़ी पर लगायी फटकार

**श्रावस्ती।** स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भिनगा का अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) डॉ. उदय नाथ के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवाओं के रखरखाव, स्टॉक रजिस्टर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और अस्पताल की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। रिकॉर्ड में मिली अनियमितताओं पर अधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के कड़े निर्देश दिए।

निरीक्षण दल में जिला मलेरिया अधिकारी आलोक कुमार और सहायक शोध अधिकारी सुरेश यादव भी शामिल रहे। टीम ने सबसे पहले दवा भंडार का निरीक्षण कर ड्रग स्टॉक रजिस्टर की जांच की। रजिस्टर में कई कमियां और विसंगतियां मिलने पर संबंधित फार्मासिस्ट को उन्हें तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

इसके बाद अधिकारियों ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि क्षेत्र की सभी आशा कार्यकताओं द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की शत-प्रतिशत प्रविष्टि ई-कवच पोर्टल पर समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाए, ताकि अभियान की वास्तविक प्रगति का सही आकलन हो सके। निरीक्षण के दौरान स्टाफ नर्स के अभिलेखों की जांच में आयरन सिरप और इंजेक्शन की प्राप्ति तथा उपभोग के आंकड़ों में अंतर पाया गया। इस पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए रिकॉर्ड तत्काल सही करने और भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराने की चेतावनी दी। डॉ. उदय नाथ ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा अभिलेखों के रखरखाव में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनता को



उपलब्ध कराई जाने वाली दवाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं का प्रत्येक रिकॉर्ड पारदर्शी एवं अद्यतन होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान सीएचसी भिनगा के अधीक्षक डॉ. प्रवीण सहित अस्पताल का चिकित्सा एवं पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। अधिकारियों ने कमियों को शीघ्र दूर कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# चोरी का खुलासा, शातिर अभियुक्त गिरफ्तार




जिला संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जिले के थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में जोगिया उदयपुर थाना पुलिस ने थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में चोरी की घटनाओं के खुलासे में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (बिना नंबर प्लेट) तथा ?2,310 नकद बरामद किए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में जोगिया उदयपुर पुलिस टीम ने 20 जुलाई 2026 को ग्राम करौदा मसिना के सामने बांसी-नौगढ़ मुख्य मार्ग से हरिचरन पुत्र निर्मल, निवासी मुडिला राजा, थाना जोगिया उदयपुर को गिरफ्तार किया। पूछताछ और बरामदगी के आधार पर थाना जोगिया उदयपुर के मुकदमा अपराध संख्या 50/2026 एवं 70/2026 तथा थाना बांसी के मुकदमा अपराध संख्या 135/2026 में कार्रवाई करते हुए बीएनएस की धारा 317(2) की बढ़ोत्तरी की गई।

पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (चेसिस नंबर और 2,310 नकद बरामद किया। इसके बाद अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पहले से भी चोरी, चोरी का माल रखने, आर्म्स एक्ट और अन्य मामलों में कई मुकदमे दर्ज हैं। इस कार्रवाई को सफल बनाने में उपनिरीक्षक श्रीकांत यादव, उपनिरीक्षक अवधेश यादव तथा हेड कांस्टेबल त्रिपुरेश चौबे की अहम भूमिका रही। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। चोरी, लूट और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# आयुष्मान कार्ड, संस्थागत प्रसव और टीकाकरण में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई: डीएम



सिद्धार्थनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाकर लक्ष्य पूरा करने, सभी गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने तथा घर पर प्रसव होने पर संबंधित एमओआईसी की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने आशाओं, एएनएम, सीएचओ और चिकित्सकों की कार्यप्रणाली की नियमित समीक्षा, टीकाकरण एवं डेटा फीडिंग शत-प्रतिशत कराने, एनबीएसयू को 24 घंटे सक्रिय रखने तथा जननी सुरक्षा योजना में लापरवाही पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों को बाहर की दवाएं न लिखने, टीबी मरीजों की पहचान, वार रूम निरीक्षण और मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## दहेज हत्या में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

इंटवा सिद्धार्थनगर। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना इटवा पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना इटवा पर दर्ज मुकदमा संख्या 159/2026, धारा 80(2)/85 बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित आरोपी संदीप यादव और कंचन यादव, निवासी खुनियांव, को मझउंवा तिराहा के पास से गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रामजी यादव, हेड कांस्टेबल रबिन्द्र कुमार गौतम एवं महिला कांस्टेबल रंजना कोरी शामिल रहीं।

## नहाते वक्त नदी में डूबे दोनों भाइयों के शव दूसरे दिन बरामद

प्रतापगढ। जिले में सई नदी में नहाते समय डूबे दो सगे नाबालिग भाइयों के शव सोमवार को घटना के दूसरे दिन काफी तलाश के बाद बरामद कर लिए गए। पुलिस के अनुसार, किशुनदासपुर (खीरीबीर घाट) पुल के पास सई नदी में रविवार को नहाते समय दोनों सगे भाई और उनका एक पड़ोसी नाबालिग डूब गए थे। पुलिस ने बताया कि नाबालिग का शव रविवार को ही बरामद कर लिया गया था जबकि दोनों भाइयों की तलाश जारी थी। पुलिस के मुताबिक, गोताखोरों ने लगातार अभियान चलाकर सोमवार सुबह दोनों भाइयों के शव नदी से बाहर निकाले। नगर कोतवाली थाना प्रभारी सुभाष कुमार यादव ने बताया कि अचलपुर लेखपाल कॉलोनी निवासी कृष्णा सोनी (13), उसका भाई अनुराग सोनी (15) और पड़ोस में रहने वाला अमित सोनी (16) रविवार सुबह किशुनदासपुर पुल के पास सई नदी में नहाने गए थे।

# बारात घर का समारोहपूर्वक हुआ भूमि पूजन

## विधायक मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी की सौगात को लेकर कार्यक्रम में प्रसन्नता का दिखा माहौल

जिला संवाददाता



**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के सलेम भदारी वार्ड स्थित डॉ0 भीमराव आम्बेडकर पार्क में सोमवार को विधायक आराधना मिश्रा मोना एवं सांसद प्रमोद तिवारी द्वारा स्वीकृत कराए गए आम्बेडकर बारात घर का समारोहपूर्वक भूमिपूजन हुआ। चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी तथा विधायक मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने संयुक्त रूप से दो करोड़ छियासी लाख की लागत से बनने वाले बारात घर की आधारशिला रखी। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने आम्बेडकर जन कल्याण सेवा समिति के पदाधिकारियों के साथ बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने कहा कि विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी के इस सौगात से गरीब तबके के लोगों को नगर क्षेत्र में शादी विवाह के आयोजन में सहूलियत होगी। अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने बताया कि पखवारे भर के अंदर आम्बेडकर पार्क के सौन्दर्यीकरण का कार्य भी शुरू होगा। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह रहे। अधिशाषी अधिकारी इन्द्र प्रताप ने बारात घर में मिलने वाली सुविधाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी एवं संचालन अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने किया। स्वागत सभासद मो0 जावेद एवं आभार प्रदर्शन सह संयोजक पवन शुक्ला ने किया। समारोह को सभासद एवं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, छोटेलाल सरोज, दीपू सरोज, प्रमोद सरोज, रामलखन जायसवाल, भगवताचार्य विनय शुक्ल ने भी संबोधित किया। नपं प्रधानांकिक अनिकेत दुबे सहित सभासदों ने अतिथियों को बुकें एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर इं. सुनील पाण्डेय, पप्पू तिवारी, शैलेन्द्र मिश्र, रामचंद्र तिवारी, एबादुर्रहमान, कैलाशनाथ तिवारी, शेरू खां, पन्नेलाल पाल, बबलू तिवारी, अवनीश शुक्ला, मोनू पाण्डेय, मुस्ताक अहमद आदि रहे।

# आवासीय विद्यालय से बिना सूचना के घर पहुंची छात्राएं, हड़कंप

प्रतापगढ़। सांगीपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से दो छात्राओं के रविवार की शाम अचानक लापता होने से हडकंप मच गया। हालांकि दोनों छात्राएं बिना सूचना के अपने घर चली गयी थी। सोमवार को अभिवावकों के साथ छात्राएं विद्यालय पहुंची तब जाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में थाना क्षेत्र के सिंघनी घाट निवासी रामकरन वर्मा की पुत्री कोमल तथा कोठा नेवढ़िया के ओमप्रकाश गुप्ता की पुत्री बरिस्ता विद्यालय में कक्षा नौ की छात्रा है। रविवार की शाम पांच बजे छात्राएं बिना सूचना के हॉस्टल से निकल गयी। शाम को नाश्ते के समय छात्राओं की गिनती होने लगी तब दोनों को हॉस्टल मे मौजूद न पाकर वार्डेन आराधना यादव परेशान हो उठीं। वार्डेन आराधना ने फौरन विभागीय उच्चाधिकारियों के साथ सांगीपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर आधी रात जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी देवव्रत सिंह, सांगीपुर के बीईओ ओम नारायण सिंह हास्टल पहुंचे। इधर सांगीपुर पुलिस भी रात भर अनहोनी की आशंका में छात्राओं की खोजबीन में हलाकान रही। सोमवार की सुबह दोनों लापता छात्राएं परिजनों के साथ विद्यालय पहुंच गयी। छात्राओ को सकुशल देख विद्यालय प्रशासन के साथ सांगीपुर पुलिस ने भी राहत की सांस ली। दोनों छात्राओं को लेकर वार्डेन सांगीपुर थाने पहुंची। यहां पुलिस ने लिखापढ़ी कराकर दोनों छात्राओं को परिजनों के हवाले कर दिया। वार्डेन आराधना यादव ने बताया कि निर्मित हास्टल मे चहरदीवारी अभी नही बनी है। गेट पर तैनात चौकीदार रविवार को देर से पहुंचा था। सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि औपचारिक कार्रवाई कर दोनों बच्चियों को सकुशल परिजनों को सौंप दिया गया है। एसओ का कहना है कि सम्बन्धित हल्के के दरोगा को वीट के साथ विद्यालय के आसपास सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिये गए हैं। बीईओ ने भी वार्डेन को हॉस्टल में छात्राओं की उपस्थिति को लेकर सर्तकता के निर्देश दिये गए हैं।

## जमीनी विवाद में हत्या के तीन दोषियों को उम्रकैद

श्रावस्ती। जमीनी विवाद में एक व्यक्ति की हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय, श्रावस्ती ने तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक अभियुक्त पर 20-20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह मामला वर्ष 2020 का है। कोतवाली भिनगा में मुकदमा संख्या 117/2020 धारा 302/34 आईपीसी के तहत दर्ज किया गया था। आरोप था कि जमीनी विवाद को लेकर बाबूराम, राजित राम और राजेंद्र ने वादी के पिता पर लाठी और भाले से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार, ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में इस मामले की लगातार निगरानी की गई। अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह, मॉनिटरिंग सेल, जिला शासकीय अधिवक्ता और कोर्ट पैरोकार की प्रभावी पैरवी के चलते अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 20-20 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई। दोषी ठहराए गए अभियुक्त बाबूराम पुत्र नगेश्वर, राजित राम पुत्र बाबूराम और राजेंद्र पुत्र बाबूराम निवासी परशुरामपुर खालसा, थाना कोतवाली भिनगा, जनपद श्रावस्ती के रहने वाले हैं। पुलिस ने फैसले को ऑपरेशन कनविक्शन अभियान की महत्वपूर्ण सफलता बताया है।

## दीवानी न्यायालय भिनगा में आज निःशुल्क फिटनेस एवं वेलनेस जांच शिविर

श्रावस्ती। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती के तत्वावधान में आज दीवानी न्यायालय भिनगा के सभागार में निःशुल्क शारीरिक फिटनेस एवं वेलनेस जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ सुबह 11 बजे होगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुप्रिया ने बताया कि यह शिविर जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें अधिवक्ताओं के साथ-साथ समस्त न्यायिक अधिकारी, दीवानी न्यायालय के कर्मचारी, उत्तर प्रदेश पुलिस, पीएसी बटालियन तथा सिविल कोर्ट के सुरक्षा अधिकारी भी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठा सकेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं से समय पर उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## 10 अगस्त को चलेगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम, कोई भी बच्चा न छूटे: डीएम




सिद्धार्थनगर, । जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय एवं अभिमुखीकरण बैठक आयोजित हुई। डीएम ने अधिकारियों को माइक्रोप्लान बनाकर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग का कोई भी बच्चा एल्बेंडाजोल की गोली खाने से वंचित न रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि 10 अगस्त 2026 को कार्यक्रम के तहत बच्चों को आयु के अनुसार एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी, जबकि छूटे हुए बच्चों को 14 अगस्त को दवा दी जाएगी। कार्यक्रम की ऑनलाइन फीडिंग ई-कवच पोर्टल पर की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी, बीएसए, सभी एमओआईसी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्राओं को सुरक्षा व साइबर जागरूकता का दिया संदेश

गोल्हौरा सिद्धार्थनगर। मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना गोल्हौरा पुलिस ने थानाध्यक्ष रामदेव के नेतृत्व में कंपोजिट विद्यालय तेलियाडीह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान, नए कानून, साइबर अपराध से बचाव, एंटी रोमियो अभियान तथा महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। साथ ही महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित सरकारी योजनाओं और 112, 1090, 181, 1098, 1930 समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना क्षेत्र में एंटी रोमियो चेकिंग अभियान भी चलाया गया। जागरूकता अभियान में उपनिरीक्षक रामनाथ यादव, मुख्य आरक्षी विनोद कुमार, आरक्षी मनीष वर्मा एवं महिला आरक्षी चांदनी मिश्रा मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106–टेली / टेंडर / 20 / 2026–27 |
| कार्य का नाम : लखनऊ मंडल के उत्तर रेलवे के BBK-AYC-ZBD, AYC-SLN-MBDP-PFM और ON-UCR सेक्शन के लिए सेंट्रलाइज़्ड ऑनलाइन ऑप्टिकल फाइबर केबल मॉनिटरिंग सिस्टम की व्यवस्था। | |
| अनुमानित लागत | रु 2,06,32,617.98 / – |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु० 4,12,700.00 / – |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 07.08.2026 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / म.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।
- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू० सं०–106–टेली / टेंडर / 20 / 2026–27 दिनांक: 17.07.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
2492/2026

# गीडा में और बढ़ेगी उद्योग श्रृंखला

## बढ़ेंगे रोजगार के अवसर, 24 नई औद्योगिक इकाइयों के लिए गीडा ने किया भूमि आवंटन

गोरखपुर। औद्योगिक विकास के नक्शे पर चमक रहे गीडा क्षेत्र में उद्योगों की श्रृंखला और बढ़ने जा रही है। गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) प्रबंधन ने 24 नई औद्योगिक इकाइयों के लिए औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया है। छोटे से लेकर बड़े आकार के इन औद्योगिक भूखंडों में रेडीमेड गारमेंट्स, प्लास्टिक आइटम सहित कई उत्पादों की यूनिट लगेंगी। इन नई इकाइयों की स्थापना से क्षेत्र में निवेश का माहौल मजबूत होगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गीडा प्रबंधन ने विगत दिनों 510 वर्गमीटर से लेकर 4800 वर्गमीटर तक के कुल 24 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन कर नई इंडस्ट्रियल यूनिट्स की स्थापना का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। सेक्टर 26 में 510 वर्गमीटर के दो, सेक्टर 13 में 1950 वर्गमीटर के तीन, सेक्टर 13 में ही 2100 वर्गमीटर के सात, इसी सेक्टर में 3250 वर्गमीटर का एक, सेक्टर 15 में 2279 वर्गमीटर का एक, सेक्टर 27 में 3771 वर्गमीटर का एक, 4234 वर्गमीटर का एक और 4448 वर्गमीटर का एक औद्योगिक भूखंड आवंटित किया गया है। इसके साथ ही सेक्टर 28 (सामान्य) में 2964 वर्गमीटर का एक व 4800 वर्गमीटर का एक औद्योगिक भूखंड जबकि सेक्टर 28 प्लास्टिक पार्क में 2116 वर्गमीटर का एक, 2153 वर्गमीटर का एक और 3242 वर्गमीटर का एक औद्योगिक भूखंड का आवंटन किया गया है।

गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक का कहना है कि बेहतरीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर, शासन की निवेशपरक नीतियों और उद्यमियों को मिल रही सहूलियतों से गीडा लगातार उद्यमियों का पसंदीदा स्थल बना हुआ है। उद्यमियों की मांग के अनुरूप 24 नई यूनिट्स के लिए औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इसमें छोटे, मध्यम और बड़े, हर प्रकार की यूनिट्स की स्थापना के लिए भूखंड विकसित और आवंटित किए गए हैं। इन इकाइयों के शुरू होने से क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के रास्ते खुलेंगे।

रोजगार और अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति गीडा में 24 नई औद्योगिक इकाइयों के धरातल पर उतरने से न केवल गोरखपुर और आसपास के जिलों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि गारमेंटिंग और प्लास्टिक उद्योग में कुशल व अकुशल दोनों प्रकार के श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार प्राप्त हो सकेगा।

## गोबरहिया-रकहट मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव

### एक किलोमीटर तक लगा लम्बा जाम



गगहा, गोरखपुर। टोल टैक्स बचाने के लिए भारी वाहनों का रुख इन दिनों लिंक मार्गों की ओर होने से गोबरहिया-रकहट मार्ग पर आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सोमवार को रकहट चौराहे से नौअर चौराहे तक करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा।

जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कई स्कूल वाहनों को बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए वैकल्पिक मार्ग से होकर जाना पड़ा। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण सड़क पर आवागमन बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि टोल बचाने के उद्देश्य से ट्रक और ट्रेलर जैसे भारी वाहन इस संकरे लिंक मार्ग का उपयोग कर रहे हैं, जबकि यह सड़क इतने बड़े वाहनों के लिए उपयुक्त नहीं है। इससे न केवल जाम की समस्या बढ़ रही है, बल्कि सड़क भी तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही है और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीण दिपक पाण्डेय, बंका पाण्डेय, योगेश कुमार, दिनेश पाण्डेय, सुजीत पाण्डेय सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गोबरहिया मोड़ के पास तत्काल भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाया गया तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और यातायात विभाग से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने तथा लिंक मार्गों पर भारी वाहनों की आवाजाही रोकने की मांग की है, ताकि आम लोगों को जाम और संभावित हादसों से राहत मिल सके।

*क्या कहते है जिम्मेदार इस संबंध में थाना प्रभारी गगहा राजकुमार सरोज ने कहा कि रूट तय करना हम लोगों के अधिकार में नहीं आता है जाम लगा है तो पुलिस जाम खाली करा देगी। इस संबंध में उपजिलाधिकारी वास गांव ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं था मैं उसे दिखवाता हूं।*

## फर्जी घरौनी तैयार कर पुश्तैनी जमीन हड़पने का आरोप, डीएम से शिकायत

पिपरौली, गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरौली से धोखाधड़ी व कूटरचित रूप से सरकारी दस्तावेज तैयार करने का एक गंभीर मामला सामने आया है। बीते मंगलवार को पिपरौली निवासी पीड़ित शमीम अहमद ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर उनकी पुश्तैनी जमीन हड़पने के लिए फर्जी प्रारूप 10 घरौनी तैयार करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पिपरौली निवासी शमीम अहमद का आरोप है कि उनके पुश्तैनी मकान, सहन और पुरानी आबादी की भूमि पर उनके पूर्वजों के समय से ही शांतिपूर्ण कब्जा चला आ रहा है। लेकिन गांव के ही मोहम्मद हनीफ के साथ उनका रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि विपक्षी ने प्रार्थी को परेशान करने की नीयत से पूर्व में तहसील दिवस पर एक झूठी शिकायत दर्ज कराई थी। जब तहसील दिवस पर हुई शिकायत की जांच करने स्थानीय कानूनगो और लेखपाल मौके पर पहुंचे तो विपक्षी ने स्वामित्व योजना के तहत घरौनी का प्रारूप 10 प्रस्तुत कर दिया। विपक्षी ने दावा किया कि उक्त विवादित भूमि पर उसका रास्ता आधिकारिक रूप से दर्ज हो चुका है। वही पीड़ित शमीम अहमद का कहना है कि पूरे गांव में अभी तक स्वामित्व योजना के अंतर्गत घरौनी की प्रारंभिक सूची प्रारूप 5 का न तो कोई सार्वजनिक प्रकाशन हुआ है और न ही प्रशासन द्वारा कोई आपत्ति मांगी गई है। जब प्रशासन द्वारा आधिकारिक रूप से किसी को भी प्रारूप 10 के तहत स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरित ही नहीं किया गया है तो ऐसी स्थिति में अचानक विपक्षी के पास यह दस्तावेज आना बेहद संदिग्ध है। आरोप है कि यह दस्तावेज या तो पूरी तरह फर्जी है या फिर राजस्व विभाग के किसी अधिकारी या कर्मचारी की अवैध मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखकर गुप्त रूप से तैयार कराया गया है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस पूरे फजीर्वाड़े की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और सरकारी दस्तावेजों में हेराफेरी करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की जाए। इस संबंध में तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया ने बताया कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर इस प्रकार का कोई भी मामला सामने आता है, तो उसकी पूरी जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त विधिक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दिव्यांग को मिलेगा एस्कॉर्ट व स्टाइपेंड का लाभ: परितोष शुक्ला



इटावा। जिला चिकित्सालय मोतीझील में आयोजित दिव्यांग बच्चों के मेडिकल असेसमेंट कैंप में 49 बच्चों का परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. परितोष शुक्ला ने बताया कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र मिलने से बच्चों को एस्कॉर्ट एवं स्टाइपेंड की सुविधा के साथ-साथ सरकारी बसों और रेलवे में रियायत का लाभ भी मिलेगा। कैंप में मेडिकल बोर्ड ने 49 दिव्यांग बच्चों का परीक्षण किया, जिनमें से 23 बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए, जबकि शेष बच्चों को आवश्यक जांच के लिए रेफर किया गया। शासन के निदेर्शानुसार कक्षा 1 से 12 तक के दिव्यांग विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र बनवाने के लिए विकास खंडवार बच्चों को विशेष शिक्षकों के माध्यम से कैंप में बुलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. परितोष शुक्ला, अस्पताल प्रबंधक डॉ. निखिलेश कुमार एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा ने बच्चों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। मेडिकल बोर्ड में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. बलराज सिंह, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रेशांक कुमार सिंह, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. जे.पी. चैधरी, ऑडियोलॉजिस्ट अंकित सिंह, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज गुप्ता, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. श्वेता यादव, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. रामेश्वरी प्रजापति तथा लेखाकार सुनील कुमार ने परीक्षण किया। इस दौरान बच्चों एवं अभिभावकों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के महत्व तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

## तरनपाल सिंह को सौंपा गया लायंस क्लब की अध्यक्षी का दायित्व



इटावा। समाज की सेवा के लिए समर्पित लायंस क्लब इटावा के हुए अधिष्ठापन समारोह में जनपद की प्रतिष्ठित शख्सियत सरदार तरनपाल सिंह कालरा को अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपकर नई कार्यकारिणी को सेवा का संकल्प दिलाया गया, जिसमें अनुराग मिश्रा सचिव एवं मनीष गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही श्लायंस क्लब राइजिंग लीजेंड्सश की नई कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई इस अवसर पर पहले ही दिन सेवा की शुरूआत करते हुए ग्यारह स्कूली छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से साइकिल भेंट की गईं तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान देने हेतु सफारी पार्क में वृक्षारोपण भी किया गया। होटल क्लार्क इन में आयोजित हुए लायंस क्लब मंडल 321 सी 2 के इस दो दिवसीय अधिष्ठापन, दीक्षा एवं चार्टर प्रस्तुतीकरण समारोह में मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह चैहान पीएमजेएफ एवं उ.प्र.राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता चैहान की गरियामयी उपस्थित रही जिन्होंने नए सदस्यों को बधाई देते हुए उनके सेवा संकल्पों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। धर्म एवं समाज से जुड़े विभिन्न सेवा कार्यों में सतत तत्पर रहने वाले लायंस क्लब इटावा के नव नियुक्त अध्यक्ष तरनपाल सिंह कालरा ने कहा कि सेवा कार्य के लिए पद नहीं, दायित्व संभाला जाता है, और आज मैंने उस सेवा संस्था का गुरूतर दायित्व संभाला है, जो क्लब के रूप में पिछले लगभग पचास वर्षों से समाज कल्याण के कार्य में लगा हुआ है। इसलिए इसमें मैं नहीं, हम की भावना के साथ कार्य करके ही सेवा के संकल्पों को पूरा किया जा सकता है। मैं मानता हूं कि सेवा एक महान कार्य है लेकिन जब यह दयालुता, प्रेम और सम्मान की भावना के साथ की जाए तो यह सेवा केवल सहायता ही नहीं रहती बल्कि मानवता की सच्ची पूजा बन जाती है। हमारा भी संकल्प होगा कि हमारी यह सेवा केवल कार्यक्रमों तक ही सीमित न रहे अपितु जहां दया है वहीं मानवता है और जहां मानवता है वहीं सच्ची सेवा है, की भावना के साथ अपने सेवा दायित्व का निर्वहन करेगी।

## सोनम बांगचुक के समर्थन में प्रदर्शन



इटावा। जंतर मंतर पर सामाजिक कार्यकर्ता सोनम बांगचुक के साथ सरकार का यह व्यवहार सत्ता के अहंकार को दिखाता है, जहाँ किसानों, महिलाओं और अब युवाओं की आवाज को लाठियों और आँसू गैस के गोलों से दबाने की कोशिश की जा रही है यह बात आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव शाक्य ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुये कही। संजीव शाक्य ने कहा आज देश का युवा बेरोजगारी और पेपर लीक जैसी समस्याओं को लेकर बहुत परेशान है। ऐसी स्थिति में सोनम वांगचुक जी का अनशन यह बताता है कि युवाओं के मुद्दों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। देश की तरक्की के लिए यह बहुत जरूरी है कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो और उनकी बात सुनी जाए। देश के छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ रोकने के लिए श्पेपर लीकश के खिलाफ सख्त कानून बने।

## संक्षेप

### समाजसेवी की पहल पर श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम रवाना



पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवंतनगर की ग्राम पंचायत लखमदेमऊ एवं त्रिपुरारपुर के श्रद्धालुओं को समाजसेवी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह की पहल पर आजीवन निःशुल्क श्री रामलला श्रवण कुमार तीर्थयात्रा बस सेवा के माध्यम से अयोध्या धाम दर्शन के लिए रवाना किया गया। लखमदेमऊ चैराहे से बस को उनके बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया। बस रवाना होने के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीराम के दर्शन को लेकर उत्साह और भक्तिभाव से ओत-प्रोत दिखाई दिए। ष्जय श्री रामष्के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने इस पहल के लिए पुष्पेंद्र प्रताप सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पहली बार भगवान श्रीराम के दर्शन का अवसर मिल रहा है। उन्होंने पुष्पेंद्र प्रताप सिंह की जनसेवा की भावना की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य एवं निरंतर सेवा कार्यों की कामना की। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अमरनाथ यादव, अजय सिंह, मनोज राठौर, प्रधान इकबाल सिंह, चंद्रमोहन त्रिपाठी, पंकज बाबा, हरिनाम सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्टे वाली भूमि पर जबरन जुताई, शिकायत

हिलौली, उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र में एक विवादित भूमि पर जबरन ट्रैक्टर चलाकर जुताई करने का मामला सामने आया है। इस भूमि पर न्यायालय का स्टे आदेश लागू है। पीड़ित के परिवार ने जब इसका विरोध किया तो उनके साथ अभद्रता की गई और गाली-गलौज की गई। पुरवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंसरिया मजरा गुजौली निवासी दीपक कुमार पुत्र गया प्रसाद तिवारी ने मौरावां थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी भूमि गाटा संख्या 1390, रकबा 0.4110 हेक्टेयर ग्राम पंसरिया मजरा गुजौली में दर्ज है। इस भूमि पर विवादित स्टे आदेश भी लागू है, जिसके दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं। दीपक के अनुसार, 19 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 12 बजे विशंभर पुत्र चंद्रिका प्रसाद तिवारी ने चोरी-छिपे ट्रैक्टर लाकर उनकी स्टे वाली भूमि की जबरन जुताई करवा दी। जब दीपक की सास अर्चना व परिवार के अन्य सदस्य को घटना का पता चला, तो वे मौके पर पहुंचें। उन्होंने विपक्षी को जुताई करने से रोका, जिस पर विशंभर ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, गंदी गालियां दीं और मारने दौड़ा। इसके बाद दीपक की साली ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही विपक्षी विशंभर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। मामले में जानकारी लेने पर थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## जनगणना सुपरवाइजर और लेखपाल का द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मे जनगणना सुपरवाइजरों एवं लेखपाल का एक दिवसीय प्रशिक्षण उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। तहसील मुख्यालय पाटन के रावराम बख्श सिंह सभागार मे जनगणना 2027 के सुपरवाइजरों व लेखपालों को प्रशिक्षण देते हुए जिला जनगणना नोडल अधिकारी उमा शंकर सिंह ने बताया कि हेमलेट के तहत बस्ती की सम्पूर्ण जानकार करना सुनिश्चित करे। जिसमें रास्ता, नाली, सड़क, पेयजल, डाकघर, पुलिस स्टेशन, तहसील मुख्यालय की दूरी, आवागमन का रास्ता आदि को पुस्तिका में भरने के साथ साथ सटीक तथ्य के साथ आनलाइन फीडिंग करना अनिवार्य है। शैक्षिक सुविधाएं, चिकित्सीय सुविधाएं, पेयजल व संचार, विधुत, ईधन की उपलब्धता के बारे मे जानकारी कर आनलाइन फीड करना है। उपजिलाधिकारी आनन्द कुमार नायक ने कहा कि सिंचाई के प्रमुख साधन, शिक्षा, चिकित्सा, डाकघर आदि का भौतिक सत्यापन करके ही आनलाइन फीडिंग करना सुनिश्चित करें। जिससे कोई त्रुटि न रहने पाए। कही से शिकायत मिलने पर सम्बन्धित कार्मिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण में कुल 42 सुपरवाइजरों मे 37 उपस्थित रहे। 5 लेखपालों के स्थानांतरण होने के कारण अनुपस्थित रहे। उपजिलाधिकारी ने बताया कि जिन सुपरवाइजरों का स्थानांतरण हो गया है उनके स्थान पर जल्द ही नये सुपरवाइजरों की नियुक्त किया जाएगा।

## नपा अध्यक्ष ने हेल्थ केयर सेंटर का किया उद्घाटन



हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। शुभम वायरलेस हेल्थ केयर सेंटर का मुख्य अतिथि नगर पंचायत मौरावां अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ ने फीता काटकर उद्घाटन किया। डॉक्टर सहीम खान ने कंपनी की प्रोफाइल के बारे में बहुत ही सरल तरीके से समझाया और बताया कि आज टियानस इंडिया ऑर्गेनाइजेशन भारत ही नहीं पूरे वर्ल्ड में कार्य कर रही है। आए हुए लोगों को बहुत सारे रोगों पर किस तरह से हमारी मशीन काम कर रही है इस पर प्रकाश डाला और कहा कि मानव जीवन 100 साल कैसे जिए पहले हमारे यहां ऋषि मुनि 100 साल के ऊपर जीवन जीते थे तब आज की तरह आधुनिकता का वातावरण नहीं था। लोग मशीनों पर निर्भर नहीं थे। नंगे पैर खेतों पर काम करते और हाथों पैरों द्वारा उन्हें एक्वा प्रेशर का काम किया जाता था। जिससे वह लंबे समय तक जीवन यापन करते थे। आज वह सारी चीज हम लोगों के जीवन से हट चुकी है। तभी हम सभी की औसत आयु 60 से 70 वर्ष बची है। इस पुरानी जीवन शैली पर लौटने के लिए टियानस इंडिया ने बीसीएस मशीन हेड केयर एक्वा लाइफ को 1200 साइंटिस्ट 6000 डॉक्टर की देखरेख में तैयार किया गया। जो मानव शरीर के लिए बहुत ही उपयोगी साबित हो रही है। उनके उपयोग से हम मानव शरीर पर होने वाले सभी रोगों पर विजय प्राप्त कर रहे है। वही डॉक्टर रहीम खान ने कहा कि हमारी टीम इंडिया आगे ऑर्गेनाइजेशन हेल्थ और वेल्थ पर काम कर रही है। लोगों को स्वस्थ रखें और किस तरह आर्थिक लाभ दिया जाए। इस बेरोजगारी के दौर पर टियानस इंडिया लोगों को स्वास्थ्य के साथ रोजगार भी उपलब्ध करा रही है। इसके बाद कंपनी के प्रोजेक्ट व सप्लीमेंट के बारे में डॉक्टर सहीम ने बताया कि कौन से रोग में कौन सी सप्लीमेंट काम करेगी और उन्होंने ब्रेसलेट मंजन सेनेटरी पैड बीसीएस मशीन का भी डेमो करके सबके सामने दिखाया। कार्यक्रम में मनोज कुमार चौरसिया, साधना चैरसिया, डॉ गणेश शंकर डॉक्टर सुरेंद्र तिवारी डॉक्टर विजय शंकर डॉक्टर शुभम चैधरी, राजीव सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र कुलदीप त्रिवेदी को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **इन्द्रजीत त्रिवेदी पुत्र राज कुमार नि.- ग्राम व पर. चण्डरा तह. व थाना महोली जिला सीतापुर।**

### सूचना

मेरे पुत्र के शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 01-05) में त्रुटिवश उसका नाम मो. ऊमर बेग, पिता का नाम हकीम बेग (HAKEEM BAIG) माता का नाम शाहीन फातिमा (SHAHEEN FATIMA) अंकित हो गया था जबकि उसका सही नाम MOHAMMAD UMAR BEIG पिता का नाम HAKEEM BEIG माता का नाम SHAHIN FATIMA है जो कि सत्य एवं सही है। हमे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। हकीम बेग पुत्र शमीम बेग निवासी ग्राम-पोस्ट चकईनामी तहसील सदर थाना सिधारी आजमगढ़

### इटावा में बनेगा यूपी का पहला तीन एक्सप्रेसवे जंक्शन

इटावा। चंबल के बीहड़ों से विकास की नई राह निकलने जा रही है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के बाद अब इटावा से अटल एक्सप्रेसवे भी जुड़ेगा। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दे दी है। करीब 15 हजार करोड़ रूपए की लागत से बनने वाला 414 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे राजस्थान के कोटा को मध्य प्रदेश रास्ते उत्तर प्रदेश के इटावा से जोड़ेगा। पहले चंबल एक्सप्रेसवे के नाम से प्रस्तावित इस परियोजना का नाम अब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के सम्मान में अटल एक्सप्रेसवे रखा गया है। यह एक्सप्रेस वे कोटा के सिमलिया से शुरू होकर मध्य प्रदेश के श्योपुर, सलबगढ़, मुरैना व भिंड होते हुए इटावा के निनावा तक पहुंचेगा जिसमें राजस्थान में 94 किलोमीटर, मध्य प्रदेश में 273 किलोमीटर व उत्तर प्रदेश में 47 किलोमीटर का हिस्सा शामिल है।

## मीडिया सेल, प्रवक्ता और नोडल अधिकारी

### फिर भी पत्रकारों को नहीं मिलता जवाब




सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई में मीडिया सेल, अधिकृत प्रवक्ता और नोडल अधिकारियों की व्यवस्था होने के बावजूद पत्रकारों को समय पर विश्वविद्यालय प्रशासन का आधिकारिक पक्ष नहीं मिल पा रहा है। सैफई प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने इस मामले को गंभीर बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री बृजेश पाठक तथा प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा को पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है।

सैफई प्रेस क्लब के अध्यक्ष बी.पी. सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई प्रदेश का प्रमुख चिकित्सा एवं शिक्षण संस्थान है। मीडिया और प्रशासन के बीच प्रभावी संवाद के उद्देश्य से मीडिया सेल का गठन किया गया, अधिकृत प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई तथा पत्रकारों से समन्वय के लिए नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके बावजूद समाचारों के संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन का पक्ष लेने के लिए कुलसचिव, मीडिया सेल, अधिकृत प्रवक्ता अथवा नोडल अधिकारियों से संपर्क करने पर कई बार फोन रिसीव नहीं किए जाते। व्हाट्सएप संदेशों और लिखित प्रश्नों का भी उत्तर नहीं मिलता। ऐसे में उपलब्ध तथ्यों के आधार पर समाचार प्रकाशित करना पत्रकारों की मजबूरी बन जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाचार के प्रकाशन से पहले संबंधित पक्ष का मत लेना निष्पक्ष पत्रकारिता का मूल सिद्धांत है। यदि जिम्मेदार अधिकारी संवाद के लिए उपलब्ध नहीं होंगे तो मीडिया सेल, प्रवक्ताओं और नोडल अधिकारियों की व्यवस्था का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। किसी भी सार्वजनिक संस्थान की विश्वसनीयता उसके कार्यों के साथ-साथ पारदर्शी एवं जवाबदेह कार्यप्रणाली से भी तय होती है। समय पर अधिकृत जानकारी उपलब्ध न होने से भ्रम की स्थिति बनती है और संस्थान का पक्ष भी आमजन तक नहीं पहुंच पाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समय-समय पर अधिकारियों को मीडिया के साथ सकारात्मक संवाद बनाए रखने तथा तथ्यात्मक जानकारी समय पर उपलब्ध कराने पर बल देते रहे हैं। इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री तथा प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा से मीडिया संवाद व्यवस्था की समीक्षा कर पत्रकारों को समयबद्ध ढंग से विश्वविद्यालय प्रशासन का पक्ष उपलब्ध कराने और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

### कार्यालय-डिप्टी रजिस्टार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स

पत्रांक-963/आई-7674/अयोध्या/दिनांक 17.06.2026 संस्था जनता माध्यमिक विद्यालय मानपुर बाराबंकी पंजीकरण संख्या 289/1957-1958 पत्रावली संख्या आई-7674 का नवीनीकरण पंजीयन के उपरान्त नही हुआ। उक्त के नवीनीकरण हेतु श्री राधेश्याम वर्मा पुत्र श्री महेश प्रसाद वर्मा पाटमऊ नानमऊ बाराबंकी के द्वारा कार्यालय डिप्टी रजिस्टार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, अयोध्या मण्डल अयोध्या 145 रीडगंज, अयोध्या में व्यवस्थापक की हैसियत से प्रस्तुत किया है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था सदस्य को नवीनीकरण पर कोई भी आपत्ति हो तो वह उक्त कार्यालय में 15 दिवस के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है।

आज्ञा से
(लक्ष्मी कान्त)
डिप्टी रजिस्टार
अयोध्या मण्डल अयोध्या

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

पत्रांकः 446/15वां वि.आ. (अन.ग्रा.)/नि.कार्य/टेण्डर/2026-27 | दिनाँक : 16 जुलाई, 2026

**ई-निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक-445/15वां वि.आ. (अन०ग्रा०)/टेण्डर /2026-27 दिनांक : 16 जुलाई, 2026 द्वारा 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त की प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से रु. 5.00 लाख से कम लागत के 10 निर्माण कार्यों एवं वर्ष 2024-25 की प्रथम एवं द्वितीय किश्त की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत 03 निर्माण कार्यों सहित कुल 13 निर्माण कार्यों हेतु जी.एस.टी. रहित ऑफलाइन सीलबन्द निविदायें निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन दिनांक : 5 अगस्त 2026 को अपरान्ह 03.30 बजे तक नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 04.00 बजे सहायक अभियन्ता (सिविल) एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधिशासी अधिकारी के कार्यालय कक्ष में खोली भी जायेंगी। निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशित की एन.एस.सी./एफ.डी.आर./टी.डी.आर./सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग से निर्धारित मूल्य जमा करके दिनाँक 03 अगस्त, 2026 को प्रातः 10.00 बजे से सायं उपस्त 05.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार मा. अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा प्राप्त होने या खोलने की तिथि पर कार्यालय बन्द रहता है, तो निविदा प्राप्त होने या खोलने की कार्यवाही अगले कार्यालय दिवस में की जायेंगी। स्थान व समय तथा निविदा की वैधता अवधि पूर्ववत रहेगी। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेबसाइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध हैं।

**(प्रमिता सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बहराइच**

**(सुधा देवी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बहराइच**

संक्षेप

## कीचड़ भरे रास्ते में धान रोपकर जताया विरोध

त्रसीतापुर। हरगांव विकास खंड की ग्राम पंचायत हैदरपुर के मजरा गनेशवा में सोमवार को ग्रामीणों ने विकास कार्यों में कथित लापरवाही के विरोध में अनोखा प्रदर्शन किया। गांव के अंदर जलभराव और कीचड़ से लबालब रास्ते में धान की रोपाई कर उन्होंने प्रशासन और पंचायत का ध्यान समस्या की ओर आकर्षित किया। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की उदासीनता के कारण बरसात में गांव के रास्ते पूरी तरह कीचड़ और पानी से भर जाते हैं। इससे बच्चों, बुजुर्गों और किसानों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी हरगांव और जिलाधिकारी से जलभराव वाले रास्ते की तत्काल सफाई कराने तथा गांव के सभी आंतरिक मार्गों का पक्कीकरण कराने की मांग की। उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन तेज करने को मजबूर होंगे। उधर पंचायत सचिव धर्मेंद्र कनौजिया ने बताया कि सड़क पहले से पक्की है। लगातार बारिश के कारण उस पर मलबा जमा हो गया है, जिससे पानी भर गया। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मी को निर्देश देकर जल्द मलबा हटवाकर रास्ता सुचारु कराया जाएगा।

## सियार ने दो ग्रामीणों समेत चार मवेशियों पर हमला

सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर तेंदुआ गांव में सोमवार सुबह जंगली सियार के हमले से दहशत फैल गई। सुबह करीब आठ बजे शौच के लिए खेतों की ओर गए दो ग्रामीणों पर सियार ने अचानक हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद सियार ने गांव में घुसकर चार मवेशियों पर भी हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में भय का माहौल है और लोग घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी 70 वर्षीय रघुपाल सिंह पुत्र हरिहर सिंह और 35 वर्षीय रघुवीर सिंह पुत्र राजपाल सिंह खेतों की ओर गए थे। तभी झाड़ियों से निकले सियार ने दोनों पर हमला बोल दिया और बुरी तरह नोच डाला। उनकी चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने लाठी-डंडों के सहारे किसी तरह सियार को भगाकर दोनों की जान बचाई। हमले के बाद सियार गांव की ओर भाग गया और रास्ते में चार मवेशियों को भी घायल कर दिया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस को अवगत कराया गया। ग्रामीणों ने सियार को तत्काल पकड़ने की मांग की है। डीएफओ ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम को मौके पर रवाना कर दिया गया है और सियार को पकड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## सर्पदंश से युवक की मौत

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के हौज मुरारपुर में सर्पदंश से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संदीप चैहान, निवासी रीवा, मध्यप्रदेश अपने ससुराल हौज मुरारपुर, जफराबाद में रहते थे। बताया जाता है कि बीतीरात सोते समय किसी सर्प ने डस लिया। जानकारी होने पर परिजन में उन्हें उपचार हेतु अमावा सत्ती माई गाजीपुर ले गये जहां पर उनकी मृत्यु हो गई। परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है।

# कांवड़ यात्रा के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह निर्देश जिलाधिकारी डॉ. राजगणपति आर. ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पीस कमेटी एवं कानून व्यवस्था की बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के साथ संयुक्त रूप से की गई। जिलाधिकारी ने सभी प्रमुख शिवालयों, स्नान घाटों और कांवड़ यात्रा मार्गों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक भीड़ वाले घाटों पर बैरीकेटिंग पूरी कर ली गई है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त बैरीकेटिंग भी कराई जाएगी। साथ ही सभी घाटों पर चेतावनी बोर्ड लगाकर श्रद्धालुओं को गहरे पानी और प्रतिबंधित क्षेत्रों से दूर रहने के लिए जागरूक किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने निर्देश दिए कि प्रमुख घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल, होमगार्ड, जल पुलिस और प्रशिक्षित गोताखोर तैनात रहें। सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन और लगातार पुलिस गश्त के माध्यम से यात्रा मार्गों की निगरानी की जाएगी तथा किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जाएगा। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को कांवड़ मार्गों और प्रमुख घाटों पर मेडिकल टीम, एंबुलेंस, प्राथमिक उपचार केंद्र और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी आयुष चैधरी, नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने श्रावण मास से पहले नैमिषारण्य में व्यवस्थाओं का लिया जायजा



सीतापुर। श्रावण मास और कांवड़ यात्रा को लेकर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने सोमवार को नैमिषारण्य स्थित देवदेवेश्वर मंदिर का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुचारु दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगातार संचालित रहें और कंट्रोल रूम से उनकी नियमित निगरानी की जाए।

पार्किंग स्थलों की समुचित व्यवस्था के साथ संकेतक, पेयजल और मोबाइल शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

डीएम ने घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और चेतावनी संकेतक लगाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस बल, गोताखोरों और नाविकों की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नैमिषारण्य तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## राजेन्द्र गिरि के अनुदेश ने नीट में लहराया सफलता का परचम

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी के पूर्व छात्र अनुदेश मोहन मिश्र ने नीट परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित कर छात्र एवं उनके अभिभावकों का अभिनंदन किया गया। ग्राम घरथनियां निवासी अनुदेश मोहन मिश्र ने कड़ी मेहनत और लगन के दम पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा में सफलता अर्जित की है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, परिजनों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। अनुदेश ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के मार्गदर्शन, गुरुजनों के सहयोग और नियमित अध्ययन को दिया। अनुदेश के पिता ललित मोहन मिश्र तथा माता अर्चना देवी दोनों शिक्षक हैं। परिवार के शैक्षिक वातावरण और निरंतर प्रोत्साहन ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्रबंध निदेशक अमन गिरि ने अनुदेश मोहन मिश्र एवं उनके माता-पिता को माल्यार्पण कर और मिष्ठान्न खिलाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अनुदेश की उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है और यह सिद्ध करती है कि मेहनत और अनुशासन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। विद्यालय के निदेशक मोहित पुरी एवं प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षक सुशील कुमार शुक्ल, शशिकांत मिश्र, अतुल गुप्ता, संगम गुप्ता, कौशल अवस्थी, सुनील बाजपेई, कमाल अहमद तल्हा, जगदीश नारायण अवस्थी, विकास शुक्ल सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## घाघरा की कटान से जालिमनगर में बढ़ा खतरा



धौरहरा खीरी। घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ जालिमनगर और हौकना मटेरा क्षेत्र में कटान तेज हो गई है। जालिमनगर पुल के पास स्थित वर्षों पुराना ऐतिहासिक शिवालय अब नदी की जद में आ गया है, जिससे ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों के अनुसार तेज कटान से खेतों के साथ आबादी और संपर्क मार्ग पर भी खतरा मंडरा रहा है। हौकना मटेरा क्षेत्र में वन विभाग की कुछ जमीन भी नदी में समा चुकी है। ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग और प्रशासन से तत्काल बचाव कार्य शुरू कराने की मांग की है। तहसीलदार आदित्य विशाल ने बताया कि कटान रोकने के लिए बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता को रिपोर्ट भेजी गई है। हालांकि प्रभावित क्षेत्र तटबंध के अंदर होने के कारण बचाव कार्य में तकनीकी दिक्कत आ रही है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो शिवालय और आसपास का क्षेत्र गंभीर खतरे में आ सकता है।

## कानून का राज कायम रखना सरकार की जिम्मेदारीः अजय राय



सीतापुर। एपीटीसी कमांडेंट के फॉलोवर शैलेन्द्र पाल की मौत के मामले ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। सोमवार दोपहर करीब दो बजे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय खैराबाद थाना क्षेत्र के राजपुर चिलवारा गांव पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

इस दौरान सीतापुर सांसद राकेश राठौर सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद रहे। अजय राय रविवार को लखनऊ से लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी कार्यक्रम में गए थे। देर रात लौटते समय उन्होंने सीतापुर के मयूर होटल में विश्राम किया। सोमवार सुबह लखनऊ वापस जाते समय उन्होंने अपना कार्यक्रम बदलकर सीधे राजपुर चिलवारा गांव पहुंचकर शैलेन्द्र पाल के परिजनों से मुलाकात की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। परिजनों से बातचीत के बाद पत्रकारों से मुखातिब अजय राय ने प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, ह्यह्यउत्तर प्रदेश में पुलिस का अत्याचार लगातार बढ़ता जा रहा है। आम आदमी को न्याय के लिए भटकना पड़ रहा है। शैलेन्द्र पाल की मौत की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यदि किसी की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कानून का राज कायम रखना सरकार की जिम्मेदारी है और किसी भी दोषी को संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला और मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो कांग्रेस पार्टी इस लड़ाई को सड़क से सदन तक पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। गौरतलब है कि एपीटीसी कमांडेंट के फॉलोवर शैलेन्द्र पाल की 14 जुलाई को कथित रूप से जहर खाने के बाद मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों ने कई गंभीर आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। इसी मांग के समर्थन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष स्वयं गांव पहुंचे और परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

## जल निकासी बानी समस्या राहगीरों के लिए बानी मुसीबत



तिकुनिया खीरी। टायर चौराहा से सुथना बरसोला, खमरिया, सहनखेड़ा, जाने वाला रास्ता राहगीरों के लिए मुसीबत बन गया है। थोड़ी सी बरसात इस पंचायत की जल निकासी की समस्या को उजागर कर देती हैं। निघासन विकास खण्ड की ग्राम पंचायत सुथना बरसोला में सड़को के विकास कार्यों का गुणगान होता आया है लेकिन विकास कार्यों में सबसे जरूरी समस्या जल निकासी की होती है जिस पर बीते 10वर्षों में जो कार्य किए गए है वो जनता के हित को ध्यान में न रखकर बंदरबांट पर ध्यान रखकर किए गए, जिसका परिणाम यह हुआ कि जल निकासी की समस्या का समाधान नही हो पाया और लोग गंदे भरे हुए पानी से निकलने को मजबूर है। पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के चलते कई रास्तों पर जलभराव हो गया है मुख्य समस्या टायर चौराहे से सहनखेड़ा खमरिया सुथना बरसोला के ग्रामीणों को है और इसी रास्ते पर पड़ने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चे इसी जलभराव से होकर निकलते है इतना ही नहीं इसी रास्ते पर साप्ताहिक बाजार जो कि मंगलवार और शुक्रवार को लगती है उस बाजार में भी लोग गिरकर चोटिल होकर पहुंचते है। ग्राम प्रधान शफीक अहमद ने बताया कि कई बार नाले को बनाने का प्रयाश किया लेकिन सफलता नही मिली और बिना नाला निर्माण किए यह समस्या हल नही होगी, प्रयास जारी है।

## उर्वरक विक्रेता लखनऊ कूच से पहले रोके गये




सीतापुर। खरीफ सीजन के बीच नई उर्वरक वितरण व्यवस्था को लेकर सोमवार को सीतापुर में बड़ा विरोध देखने को मिला। खुदरा कृषि व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले सैकड़ों उर्वरक विक्रेता सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए लखनऊ कूच के लिए निकल पड़े।

हालांकि पुलिस ने उन्हें शहर से बाहर जाने से पहले ही रोक दिया। इसके बाद व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के नाम पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए साफ चेतावनी दी कि यदि नई व्यवस्था में जल्द संशोधन नहीं हुआ तो पूरे प्रदेश में उर्वरकों की खरीद बंद कर दी जाएगी। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सरकार की नई खाद वितरण प्रणाली जमीनी हकीकत से बिल्कुल अलग है। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा किसान और खाद विक्रेता दोनों भुगत रहे हैं। उनका कहना है कि मौजूदा व्यवस्था के कारण किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है, जबकि विक्रेताओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रक्रियाओं के दोहरे बोझ से जूझना पड़ रहा है। व्यापारियों ने मांग की कि यूरिया की आपूर्ति एफ.ओ.आर. व्यवस्था के तहत सीधे दुकानों तक कराई जाए, ई-टोकन प्रणाली को व्यवहारिक बनाया जाए, अनावश्यक कागजी औपचारिकताएं समाप्त हों और खाद वितरण प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाया जाए। लखनऊ कूच रोके जाने के बाद प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और कहा कि यदि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन पूरे प्रदेश में फैलाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मांगें अनसुनी रहीं तो उर्वरकों की खरीद बंद कर सरकार के खिलाफ व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी।

## विद्या निकेतन की मेधावी छात्रा स्मृति नीट में चयनित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की मेधावी छात्रा स्मृति सिंह ने नीट-2026 में सफलता हासिल कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने 720 में से 577 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 19260वीं रैंक तथा ओबीसी वर्ग में 9130वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।



स्मृति सिंह कक्षा तीन से इंटरमीडिएट तक सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की नियमित छात्रा रही हैं। उन्होंने वर्ष 2022 की हाईस्कूल परीक्षा में 92.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में द्वितीय स्थान हासिल किया था। इसके बाद वर्ष 2024 की इंटरमीडिएट परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान तथा उत्तर प्रदेश बोर्ड की राज्य मेरिट सूची में पांचवां स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। नीट-2026 में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर स्मृति ने एक बार फिर अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन का प्रमाण दिया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी नई प्रेरणा मिली है। स्मृति के पिता स्वर्गीय अंब्रीश सिंह थे, जबकि उनकी माता इंदुजा सिंह गृहिणी हैं। स्मृति ने अपनी सफलता का श्रेय माता के सहयोग, गुरुजनों के मार्गदर्शन और नियमित अध्ययन को दिया। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने स्मृति सिंह को चांदी का मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्मृति की सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वह चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देकर समाज और देश का नाम रोशन करेगी।

## संविधान बचाओ यात्रा मोहम्मदी पहुंची

मोहम्मदी खीरी। नगर में संविधान बचाओ यात्रा के पहुंचते ही नगर सीमा पर भव्य स्वागत किया गया। कस्बा के एक रिसॉर्ट में कार्यक्रम का आयोजन रविंद्र



राठौर और रवि प्रकाश वर्मा ने किया।जिसमें मुख्य अतिथि अजय राय,विशिष्ट अतिथि सांसद राकेश राठौर, अशफाक उल्ला रहे संचालन विजेंदर राठौर ने किया है। संविधान बचाओ यात्रा को लेकर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने सरकार के कामकाज को लेकर तीखी टिप्पणी की उन्होंने जनता और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा सरकार में कोई भी व्यक्ति सुखी नहीं है, जिन्होंने भगवान राम के मंदिर से चोरी करने का पाप किया है सरकार उन्हें बचा रही है। आयोजन में आई भीड़ से गदगद दिखे मुख्य अतिथि ने परिवर्तन का संकेत बताया है। कार्यक्रम समापन पर मुख्य अतिथि अपने विशिष्ट अतिथियों के साथ ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई के परिवार में पहुंचकर मृतक डॉक्टर के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। इस मौके पर प्रहलाद पटेल,रविन्द्र राठौर,अंकित चौहान, बलराम वरुण, पिंकू मिश्रा,विनोद तिवारी,दीपा वैश्य, सुनीता चौधरी, नेहा चौधरी,वकार अहमद समेत बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं।

## ग्राम प्रधान पर सरकारी जमीनों पर कब्जे का आरोप

सीतापुर। विकास खंड परसेंडी की ग्राम पंचायत मुरारपुर में सरकारी जमीनों पर कथित अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान शमीम अली और उनके परिजनों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए कब्जे हटाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार प्रधान के चाचा अफसर अली समेत बरकत अली, अहमद अली, अशफाक अली, कुरबार अली, इरफान अली, अलताफ अली, हसमत अली, सफी अहमद, आरिफ अली, इमरान और इकरार अली ने ग्राम समाज की चारागाह, आबादी, कब्रिस्तान और खलिहान की भूमि पर मकान बनाकर तथा खेती कर अवैध कब्जा कर रखा है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे रास्ते बाधित हो गए हैं और पशुओं के लिए चारागाह भी समाप्त होती जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर ग्राम प्रधान पुलिस बुलाकर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि कबीरा बाबा के पूजा स्थल की जमीन पर भी कब्जा कर लिया गया है, जिससे पूजा के लिए आने वाले लोगों को परेशान किया जाता है। रामदत्त, अजीत सिंह, शफीक, वीरपाल, अतुल, संदीप, अशोक, इस्तियाक और अजय सहित कई ग्रामीणों ने डीएम से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## सावन से पहले एक्शन में डीएम, कॉरिडोर का किया निरीक्षण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। आगामी सावन माह में छोटी काशी गोला पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। सोमवार को जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने निमार्णाधीन छोटी काशी कॉरिडोर का औचक निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कॉरिडोर निर्माण कार्य, दर्शन मार्ग, तीर्थ सरोवर क्षेत्र, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई और श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सावन शुरू होने से पहले सभी आवश्यक निर्माण कार्य और व्यवस्थाएं हर हाल में पूर्ण कर ली जाएं। डीएम ने उपजिलाधिकारी युगांतर त्रिपाठी को व्यक्तिगत रूप से कार्यों की निगरानी करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी काम अधूरा न रहे और किसी प्रकार की शिथिलता सामने नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सावन मेले में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचेंगे, इसलिए सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन की सभी व्यवस्थाएं पहले से दुरुस्त रहनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि दर्शन मार्ग पूरी तरह साफ रखा जाए, संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और सुगम आवागमन की व्यवस्था बनाई जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि मेले के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारी और संबंधित विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



लखीमपुर खीरी। श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के हजरत पुर में कांग्रेस का संविधान बचाओ संकल्प सभा का विशाल आयोजन कांग्रेस नेत्री नेहा पटेल द्वारा किया गया।

उक्त संविधान बचाओ सभा के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अजय राय एवं विशिष्ट अतिथि राकेश राठौर सांसद सीतापुर, पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा की उपस्थित रहे। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अजय राय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान केवल एक पुस्तक नहीं बल्कि करोड़ों वंचित शोषित और पिछड़े समाज के अधिकारों सम्मान और भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी है इसकी रक्षा करना हम सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्तमान भाजपा सरकार संविधान को मिटाने पर तुली है खुलेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। आज देश में महंगाई बेरोजगारी, पलायन चरम पर है सरकार के कानों में जू तक नहीं रेंग रहा। श्री राय ने डबल इंजन सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज का पढ़ा लिखा हुआ सड़कों पर है। पेपर लीक के खिलाफ लाखों बच्चे जंतर मंतर पर बैठे हैं लेकिन उनके ऊपर लाठी चार्ज करवाया जा रहा है सरकार बच्चों की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। जंतर मंतर पर लाठी चार्ज की कड़ी निंदा करते हैं। कांग्रेस पार्टी सड़क से संसद तक युवाओं की आवाज को बुलंद करेगी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष पहला सिंह पटेल ने प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद राकेश राठौर का स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम की जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने दी। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रवि तिवारी, हफीज खा, मोहन चंद्र उप्रेती, वरुण चौधरी, रामपाल शाक्य, अब्दुल कयूम, राजेंद्र गुप्ता तरुण शालू आदि सैकड़ो कांग्रेस जन एवं महिलाएं, क्षेत्र की जनता उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-लखनऊ। निकट-विकास भवन, सर्वोदय नगर, लखनऊ**

E_mail:-seredlucknow@gmail.com

ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

पत्रांकः-1554/ग्रा.अ.वि./निविदा/लखनऊ/2026-27 दिनांक-13.07.2026

महामहिम श्री राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-लखनऊ के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ.प्र. में ए, बी एवं सी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दशार्ये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी.एस.टी. के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी.एस.टी. का भुगतान सरकार के निदेर्शानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत हैः-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की कुल लागत (लाख रु. में) (जी.एस.टी. सहित) | बिड सिक्योरिटी (लाख रु. में) | जी.एस.टी. सहित बिड डाक्यूमेंट का मूल्य (रु. में) | वर्षा ऋतु सहित कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| .1 | लखनऊ | विधान सभा-मोहनलालगंज के अन्तर्गत 202 सार्वजनिक स्थलों पर सिंगिल सोलर स्ट्रीट लाईट (18 वॉट) के अधिष्ठान का कार्य। | 41.25 | 0.83 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः- 24.07.26 को दोपहर 12.00 बजे से।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडींग प्रारंभ करने की तिथि एवं समयः- 24.07.26 को दोपहर 12.00 बजे से।
4. प्रि-बिड मीटिंग की तिथि एवं समयः- 03.08.26 को प्रातः 11.00 बजे से।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समयः- 24.07.26 .को अपरान्ह 12:30 बजे से।
6. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समयः- 11.08.26 को दोपहर 12:00 बजे तक।
7. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः- 12.08.26 को अपरान्ह 12:30 बजे।
8. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी षपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
9. निविदा आन-लाईन वैब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
10. निविदा आमंत्रण कर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती हैकि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भॉति पढ़ लें।**

अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
परिमण्डल-लखनऊ।
श्री राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से।

UPID-253911 Date: 20.07.2024 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## नीट में आदित्य पांडेय को मिली आल इंडिया रैंक 13,799



सुलतानपुर (वीओएल)। जयसिंहपुर तहसील के टोलवा सहादतपुर निवासी मेधावी छात्र आदित्य पांडेय ने नीट-यूजी 2026 में 590 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 13,799 हासिल की है। उनकी सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पिता शैलेन्द्र पांडेय और माता श्वेता पांडेय ने इसे आदित्य की मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम बताया। आदित्य ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और परिवार को दिया। उनका लक्ष्य प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर सफल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना है।

## वनरोज से टकराकर बोलेरो पलटी, चार घायल

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होने जा रहा एक परिवार सोमवार सुबह सड़क हादसे का शिकार हो गया। लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर सरैया केल्हनपुर डड़वा चैराहे के पास अचानक सामने आए वनरोज (नीलगाय) से बोलेरो टकराकर पलट गई। हादसे में अतिबल, प्रेमा देवी, लीलावती और इंद्रावती घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्रेमा देवी और लीलावती के हाथ-पैर में फ्रैक्चर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बोलेरो में कुल आठ लोग सवार थे। दूल्हा गया प्रसाद सहित अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आईं। दुर्घटना में वनरोज भी घायल हो गया, जिसकी सूचना वन विभाग को दे दी गई है।

## जानलेवा हमले के आरोपियों की जमानत पर आज होगी सुनवाई

सुलतानपुर (वीओएल)। जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी धनपतगंज थाने के ग्राम आरडीह मौजा पीरो सरैया निवासी शनि अग्रहरि व शिवम अग्रहरि की जमानत अर्जी पर अभियोजन पक्ष की ओर से मौका लेने के कारण सुनवाई टल गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि जिला जज सुनील कुमार ने आरोपियों की जमानत पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तिथि तय की है।अभियोजन के मुताबिक बीते दो जून को दर्ज मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि आरोपी पक्ष ने वादिनी के पिता, भाइयों एवं अन्य पर लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी, फरसा व अन्य हथियारों से जानलेवा हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई थी।

## बिना मुकदमा दर्ज हुए आरोपी युवक को मिली अंतरिम जमानत

सुलतानपुर (वीओएल)। बिना मुकदमा दर्ज हुए ही अग्रिम जमानत लेने का रोचक मामला सोमवार को जिला जज सुनील कुमार की कोर्ट में पहुंच गया। चांदा थाना क्षेत्र के आरोपी युवक आसिफ के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने अग्रिम जमानत अर्जी देकर आरोप लगाया कि चांदा थाने की पुलिस गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। उन्होंने आरोपी को निर्दोष बताते जमानत देकर गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की। जिला जज ने सुनवाई के बाद आरोपी आसिफ को अंतरिम जमानत दे दी है। आरोपी की अग्रिम जमानत पर सुनवाई के लिए 23 जुलाई की तिथि तय की है। आरोपी आसिफ पर आरोप है कि उसने एक युवती को शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया था। आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता से शादी से मना कर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की भी धमकी दी थी।

## लापता अधेड़ महिला की तालाब में मिला शव

लालगंज रायबरेली। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के मलपुरा गांव की दो दिनों से लापता महिला श्रीमती रमेशा देवी (50) पत्नी स्वर्गीय बालेश्वर की लाश लालगंज कस्बे के सुदन खेड़ा स्थित तालाब से बरामद हुई है। मोहल्ले के लोगों ने जब तालाब में उतराती लाश को देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह और चैकी इंचार्ज आरबी सिंह ने बड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकलवाया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि महिला की मौत तालाब में डूबने से प्रतीत होती है लेकिन फिर भी मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता चलेगा।

# बस और वैन में टक्कर, 5 बच्चे घायल



**रायबरेली।** भदोखर थाना क्षेत्र के बेला भेला में स्कूल बस और वैन की टक्कर में कुल पांच बच्चे घायल हुए हैं। सभी को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया था, जहां से एक गंभीर घायल बच्चे को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार भदोखर थाना क्षेत्र स्थित उतरपारा गांव के निकट सोमवार सुबह दो स्कूल वाहनों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में सत्यनारायणी स्कूल की बस और लियो कॉन्वेंट स्कूल की वैन में सवार पांच छात्र घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों ने घायल बच्चें को बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों वाहन रोज की तरह बच्चों को लेकर स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान उतरपारा के समीप दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूल वैन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायल छात्रों में तीन बच्चे सत्यनारायणी स्कूल और दो बच्चे लियो कॉन्वेंट स्कूल के बताए जा रहे हैं सभी घायल बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेला भेला पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने सभी का प्राथमिक उपचार किया। इनमें से एक छात्र की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य बच्चों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही घायल बच्चों के परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां माहौल भावुक हो गया। इस बीच भदोखर थाना पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि हादसा लापरवाही, तेज रफ्तार या किसी अन्य वजह से हुआ। सीओ सिटी आशीष निगम ने बताया कि स्कूल बस और वैन की टक्कर में कुल पांच बच्चे घायल हुए हैं। सभी को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया था, जहां से एक गंभीर घायल बच्चे को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं लखनऊ प्रयागराज एनएच हाईवे पर सोमवार सुबह कस्बे के लखनऊ रोड स्थित ओवर ब्रिज पर अज्ञात वाहन की टक्कर से ब्रिज पर चल रहे एक 65 वर्षीय वृद्ध को टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के दौरान ही मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वृद्ध की पहचान नहीं हो सकी है। कोतवाल श्याम कुमार पाल का कहना है कि पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है तहरीर मिलने पर अज्ञात वाहन की तलाश कर कार्रवाई कीजाएगी।

# कांवड़ यात्रियों को उपलब्ध कराया जाए सुरक्षित, व्यवस्थित व सुगम वातावरण



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सावन मास में कांवड़ यात्रा, गंगा घाटों पर स्नान, शिव मंदिरों में जलाभिषेक, पूजा-अर्चना एवं श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सावन मास में कांवड़ यात्रा के दौरान जनपद में आने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं कांवड़ यात्रियों को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रमुख गंगा घाटों एवं शिव मंदिरों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाए। भीड़ प्रबंधन के लिए बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास मार्गों की समुचित व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी तथा सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने नगर निकायों को निर्देश दिए कि घाटों, मंदिर परिसरों एवं कांवड़ मार्गों पर नियमित साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, अस्थायी शौचालय, कूड़ादान तथा स्वच्छता संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने एवं खुले अथवा जर्जर विद्युत तारों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को प्रमुख स्थलों पर चिकित्सा शिविर, एम्बुलेंस, आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सा कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अग्निशमन विभाग एवं आपदा प्रबंधन की टीमें आवश्यक उपकरणों सहित सतर्क रहें।

# 471 जोड़ो ने लिए सात फेरे तो छह जोड़ों का हुआ निकाह



गोसाईंगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। स्थानीय थाना क्षेत्र स्थित फरीदीपुर में सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में लंभुआ और कादीपुर विधानसभा क्षेत्र के 471 हिंदू जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे, जबकि 6 मुस्लिम जोड़ों का विधिवत निकाह संपन्न कराया गया। एक ही मंच पर विवाह और निकाह की रस्में पूरी होने से सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कादीपुर विधायक राजेश गौतम, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी गजेंद्र त्रिपाठी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह ने नवदंपतियों को शुभाशीष देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि सभी जोड़ों का विवाह से पूर्व फिंगर बायोमैट्रिक सत्यापन कराया गया। सत्यापन के बाद ही उन्हें मंडप में बैठाकर धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह एवं निकाह की रस्में संपन्न कराई गई। योजना के तहत प्रत्येक नवदंपति को 21 हजार रुपये मूल्य का घरेलू उपयोग का सामान उपलब्ध कराया गया, जबकि वधू के बैंक खाते में 64 हजार रुपये की सहायता राशि हस्तांतरित की गई। पूरे आयोजन की व्यवस्था में समाज कल्याण विभाग के बड़े बाबू आरजू नैय्यर लगे रहे। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, परिजन और स्थानीय लोग मौजूद रहे। वहीं पूरे आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाल अखंड देव मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

# भू अभिलेख के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक हो रही है वसूली

महराजगंज रायबरेली। तहसील परिसर स्थित जन सुविधा केंद्र किसानों को सुविधा देने के बजाए अव्यवस्थाओ एवं भू अभिलेख के निर्धारित शुल्क से अधिक रुपया खुलेआम लिए जाने के चलते लूट पाट केंद्र में तब्दील होता दिखाई पड़ रहा। बताते चले कि तहसील परिसर के जन सुविधा केंद्र पर खतौनी (भू-अभिलेख) लेने आने वाले किसानों से केंद्र में तैनात कम्प्यूटर आपरेटरों द्वारा प्रति खतौनी 15 के बजाए 20 रुपए की वसूली की जा रही। जन सुविधा केंद्र पर अव्यवस्थाओ का बोल बाला अक्सर दिखाई देता है जब किसान खतौनी निकासी को लाइन में लगे नजर आते है वही अधिवक्ताओ के मुंशी अपनी धमक के चलते कम्प्यूटर कक्ष के अंदर दाखिल हो खतौनी निकलवाते दिखाई पड़ते है। सोमवार को खतौनी की प्रमाणित प्रति निकलवानें जमुनीपुर से आए रामसेवक से 13 गाटों के 260, राघवपुर के राजेश के 11 गाटो के 220 रुपए तो वहीं बरियारपुर से आए राम भवन से तीन गाटो के 20 रुपए के हिसाब से 60 रुपए वसूले गए।



मालूम हो कि शासन द्वारा नियमानुसार खतौनी (भू-अभिलेख) की प्रमाणित प्रतियों का शुल्क 15 रुपए निर्धारित है जिसमें पांच पन्नों से अधिक पृष्ठ होने पर प्रति पन्ना एक रुपए अतिरिक्त शुल्क लेने का प्रावधान है। वहीं तहसील परिसर स्थित अभिलेखागार में बने जन सुविधा केंद्र पर खतौनी निकालने का निर्धारित शुल्क का लिखा न होना जिम्मेदारों द्वारा किसानों से मनमानी करने की मूक सहमति प्रदान करने को काफी है। प्रकरण में एसडीएम चंद्रप्रकाश गौतम ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है अधिक वसूली करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाई की जाएगी वहीं निर्धारित शुल्क भी लिखवाया जाएगा।

# नीट-2026 के सफल विद्यार्थियों का हुआ सम्मान




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान नीट-2026 में उत्कृष्ट सफलता हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं तैय्यबा कय्यूम एवं सुखप्रीत सिंह तथा उनके अभिभावकों को संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर परिश्रम, अनुशासन, आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन ही बड़ी उपलब्धियों की कुंजी हैं। विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने सभी छात्रों से इन सफल विद्यार्थियों से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

तैय्यबा और सुखप्रीत के अभिभावकों ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन, सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण और परिवार के सहयोग ने बच्चों को इस सफलता तक पहुंचाया। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों पर अनावश्यक दबाव बनाने के बजाय उनका मनोबल बढ़ाने और उन पर विश्वास बनाए रखने की अपील की।

इस अवसर पर तैय्यबा कय्यूम एवं सुखप्रीत सिंह ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि सफलता का आधार नियमित अध्ययन, समय का सही प्रबंधन, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से मोबाइल और सोशल मीडिया पर अनावश्यक समय व्यतीत करने से बचने, शिक्षकों के मार्गदर्शन का पालन करने तथा असफलताओं से निराश न होकर उन्हें सीख के रूप में स्वीकार करते हुए लगातार मेहनत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या शर्मिला दास गुप्ता, शिवलखन प्रजापति, फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शुभी सिंह, शाहीन खान, अजय सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के साथ साइबर सुरक्षा का संदेश, छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। अद्वैत फाउंडेशन द्वारा संचालित स्पेक्ट्रम ग्रुप के तत्वावधान में सोमवार को जमोली स्थित परिसर में मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि कूरेभार थानाध्यक्ष उपेंद्र सिंह एवं वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव पुलिस टीम के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। थानाध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य बताते हुए महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हर समय तैयार है। इस दौरान 112, 1090, 1076, 102, 108 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के उपयोग और महत्व की भी जानकारी दी। साइबर सुरक्षा सत्र में पुलिस टीम ने ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए विद्यार्थियों को ओटीपी, पासवर्ड और बैंक खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचने तथा सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही साइबर अपराध होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध से जुड़े सवाल पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने विस्तार से जवाब दिया। संस्थान के प्रबंधक आनंद सावरण, एचआर मैनेजर अनूप मिश्र, ऑपरेशनल मैनेजर ज्योति शर्मा सहित विवेक वर्मा, अभिषेक पांडेय, विनय सिंह, दीप्ति साहू, सुशील चैधरी, विख्यात दत्त मिश्र, रुचि पांडेय, मंजू लता एवं अन्य शिक्षक-कर्मचारी मौजूद रहे। संस्थान प्रबंधन ने पुलिस टीम का स्वागत कर उनके प्रयासों की सराहना की।

## देशभक्ति और अवधी लोकधुनों से गूंजा सभागार



सुलतानपुर (वीओएल)। पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से सर्वांगीण विकास सेवा अकादमी, अमारी (जौनपुर) द्वारा अवधी लोक कला महोत्सव का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि अजय विक्रम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लोक कलाकारों ने सोहर, कजरी, होली, भजन, बधाई और लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देशभक्ति गीत नाम उसका अमर इस जहां में हुआ... ने सभागार में राष्ट्रभक्ति का माहौल बना दिया। संगम लता, बृजेश पांडेय, अंकित मिश्रा, गौरव पांडेय समेत अनेक कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। अंत में अकादमी अध्यक्ष पं. दयाशंकर पांडेय ने सभी कलाकारों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# बेहतर सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला

## विधायक ने 1.11 करोड़ की लागत से दो नयी सड़कों का किया शिलान्यास



अयोध्या। शहर और ग्रामीण क्षेत्र की सड़क संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने करीब 1 करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से बनने वाली दो सड़कों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं और इन परियोजनाओं के पूरा होने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में अयोध्या में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हमारी प्राथमिकता है कि शहर से लेकर गांव तक हर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सड़कें, बेहतर संपर्क मार्ग और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। इन दोनों सड़कों के निर्माण से बड़ी संख्या लोगों को सीधा लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। शिलान्यास के दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक का स्वागत करते हुए क्षेत्र में लगातार कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं विधायक ने जिन सड़को का शिलान्यास किया। उसमें त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत ग्राम मित्रसेनपुर में महारानी पुरवा संपर्क मार्ग तक 725 मीटर लंबी नई सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इस परियोजना पर 42.98 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा पूर्वांचल विकास निधि से दर्शननगर वार्ड में मेडिकल कॉलेज के गेट नंबर-2 के सामने से सावित्री देवी के घर होते हुए क्षितिज कौशल के गोदाम तक 450 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इस परियोजना की लागत 67.34 लाख रुपये निर्धारित की गई है। मौके पर गन्ना समिति के चेयरमैन दीपेन्द्र सिंह, रवि तिवारी, प्रभाशंकर पाण्डेय, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही।

# पत्रकार विनय सिन्हा के लिए देवदूत बने दीपू



अयोध्या। वरिष्ठ पत्रकार विनय सिन्हा के लिए एक बार फिर ब्लड मैन के नाम से पहचान रखने वाले समाजवादी पार्टी नेता एवं संकल्प संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आशीष पांडे दीपू देवदूत बनकर सामने आए हैं। उनके प्रयास से विनय सिन्हा को एक और यूनिट रक्त उपलब्ध कराया गया। बीमार चल रहे विनय सिन्हा का इलाज जारी है और चिकित्सकों की निगरानी में उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। डॉ. आशीष पांडे दीपू अब तक विनय सिन्हा के लिए कुल तीन यूनिट रक्त की व्यवस्था करा चुके हैं। समय-समय पर रक्त उपलब्ध कराकर उन्होंने न केवल मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया है, बल्कि जरूरतमंद मरीजों की मदद के अपने अभियान को भी आगे बढ़ाया है। सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय डॉ. दीपू को रक्तदान और जरूरतमंदों तक रक्त पहुंचाने के कार्यों के कारण लोग ब्लड मैन के नाम से जानते हैं। जानकारी के अनुसार पत्रकार विनय सिन्हा बुधवार को लखनऊ स्थित एसजीपीजीआई में दोबारा मेडिकल चेकअप के लिए जाएंगे, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उनकी स्वास्थ्य स्थिति का परीक्षण किया जाएगा। परिजनों और शुभचिंतकों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। वहीं, डॉ. आशीष पांडे दीपू ने कहा कि जरूरतमंद मरीजों तक समय पर रक्त पहुंचाना सामाजिक दायित्व है और भविष्य में भी यह सेवा निरंतर जारी रहेगी।

## मंदिर की संपत्ति हडपने का प्रयास

अयोध्या। ठा० रामजानकी मंझा साहुन ट्रस्ट हैदरगंज, अयोध्या की सम्पत्ति, हडपने की नियत से किशन गौड पुत्र स्व. बाबू लाल गौड तथा कान्ती गौड पत्नी स्व. राम औतार द्वारा सर्वराकार सुख सागर का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर एक शपथ पत्र नगर निगम में दाखिल किया गया जिसके आधार पर किशन गौड व कान्ती गौड द्वारा मन्दिर की सम्पत्ति को अपने नाम नामान्तरित कराया गया। जानकारी होने पर सर्वराकार सुखसागर द्वारा नगर निगम में आपत्ति दाखिल की गई तथा एफ. आई. आर. न दर्ज होने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फैजाबाद के न्यायालय में धारा 173 (4) बीएनएसएस के अन्तर्गत एक प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर 15 जुलाई .2026 को न्यायालय ने किशन गौड तथा कान्ती गौड के विरूद्ध संज्ञेय अपराधों की श्रेणी में एफआईआर दर्ज करके 24 घण्टे में न्यायालय को सूचित करने का आदेश पारित किया।

# अत्याधुनिक फारेंसिक साइंस लैब बनकर तैयार

## अब डीएनए, साइबर फॉरेंसिक व बैलिस्टिक जांच होगी



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की पावन नगरी अयोध्या में आधुनिक अपराध अन्वेषण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन और सुरक्षा विजन के तहत 48.88 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ह्यबीह्न श्रेणी की विधि विज्ञान प्रयोगशाला (फारेंसिक साइंस लेबोरेट्री) का निर्माण अयोध्या में स्थित बाग बिजेसी में कार्य लगभग पूरा हो चुका है। यह हाईटेक लैब अब डीएनए परीक्षण, साइबर फॉरेंसिक, बैलिस्टिक जांच और अन्य वैज्ञानिक तकनीकों से लैस होकर अयोध्या सहित आसपास के जिलों में अपराध जांच को नई रफ्तार देगी। गृह (पुलिस) विभाग के फंडिंग से चल रही इस योजना की स्वीकृत लागत 48.88 करोड़ है। कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग ने 7 नवंबर 2023 को शुरू किया था। विधि विज्ञान प्रयोगशाला के चार मंजिला भवन का कुल क्षेत्रफल 10,266.40 वर्ग मीटर है। इसमें डोरमेट्री, गेस्ट हाउस, गैरेज, ड्राइवर्स रूम, वर्कशॉप भवन, गार्ड रूम इत्यादि भी रहेंगे। लोक निर्माण विभाग (सीडी 2) के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र ने बताया कि फिनिशिंग का कार्य पूरा हो चुका है। अब हैंडओवर की प्रक्रिया चल रही है। यह परियोजना न केवल अयोध्या की बुनियादी ढांचागत विकास को मजबूत कर रही है, बल्कि पूरे प्रदेश में फॉरेंसिक साइंस की क्षमता विस्तार का प्रतीक भी है। शीघ्र ही पूर्ण रूप से चालू होने वाली इस अत्याधुनिक विधि विज्ञान प्रयोगशाला से अपराध मुक्त और सुरक्षित अयोध्या का सपना और मजबूत होगा।

नई प्रयोगशाला में अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त लैबोरेटरी, डीएनए एनालिसिस यूनिट, साइबर फॉरेंसिक सेंटर, बैलिस्टिक जांच सुविधा, टॉक्सिकोलॉजी और केमिकल परीक्षण कक्ष शामिल हैं। यह लैब अपराध स्थल से प्राप्त साक्ष्यों की वैज्ञानिक जांच को सटीक और तेज बनाएगी, जिससे अदालतों में सबूतों की विश्वसनीयता बढ़ेगी और दोषियों पर शिकंजा कसना आसान होगा। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी इस लैब के पूर्ण रूप से ऑपरेशनल होने के बाद अपराध दर को नियंत्रित करने और वैज्ञानिक जांच के आधार पर केसों को सुलझाने में नई सफलताएं हासिल करने की उम्मीद जता रहे हैं। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि पहले अपराध जांच के लिए लखनऊ या अन्य बड़े शहरों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब अयोध्या में स्वयं की हाईटेक फॉरेंसिक सुविधा उपलब्ध हो जाने से जांच प्रक्रिया में काफी तेजी आएगी।

## गैर हाजिरी पर उच्च न्यायलय ने सीएमओ को भेजा वारंट

सोहावल-अयोध्या। सीएचसी सोहावल के उप केन्द्र तहसीनपुर में एएनएम तैनाती को लेकर फंसे मुख्य चिकित्साधिकारी के खिलाफ उच्च न्यायलय ने कड़ा रुख दिखाया है। मामले में लगातार दो तारीख पर हाजिर न होने के कारण रुपया 10 हजार का जमानती वारंट जारी किया है। आरोप है कि न्यायालय के 03. जुलाई 2026 और 10 जुलाई 2026 के आदेशों के तहत उन्हें 17 जुलाई 2026 को कोर्ट के सामने पेश होना था परन्तु माननीय उच्च न्यायलय के समक्ष उपस्थिति न होने पर आपत्ति जताते हुए न्यायालय ने कार्यवाही के लिए आदेशित किया कि संबंधित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के जरिए आदेश तामील कराया जाएगा। अगर विपक्षी नंबर 1 को गिरफ्तार किया जाता है या वह संबंधित कोर्ट के सामने सरेंडर करता है, तो उसे दो जमानतदार और उतनी ही रकम का पर्सनल बॉन्ड देने और इस बात का अंडरटेकिंग देने पर जमानत पर रिहा कर दिया जाएगा कि वह अगली तय तारीख पर खुद या अपने वकील के जरिए इस कोर्ट के सामने पेश होगा इस केस को अब 14. अगस्त 2026 के लिए सूची बद्ध किया गया है। न्यायलय ने कहा कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि वह इस आदेश की जानकारी अयोध्या के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को दें ताकि इसका पालन सुनिश्चित किया जा सके।

## कस्बे में जलभराव और कीचड़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त

परशदेपुर रायबरेली। नगर पंचायत परशदेपुर में जलभराव और सड़कों पर फैले कीचड़ से आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। नगर के कई वार्डों और प्रमुख मार्गों पर जलभराव के कारण लोगों का आवागमन कठिन हो गया है। समस्या से परेशान लोगों ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर नगर पंचायत प्रशासन एवं अधिशाषी अधिकारी से तत्काल समाधान की मांग की है। स्थानीय निवासी शोएब ने बताया कि वार्ड नंबर 8 स्थित कटरा बाजार गली की हालत बद से बदतर हो चुकी है। सड़क पर जलभराव और कीचड़ के कारण लोगों का पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि बारिश के बाद स्थिति और गंभीर हो जाती है तथा हर समय फिसलकर दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। संजय पांडेय ने बताया कि माता मिढुरिन देवी धाम जाने वाले मार्ग पर भी जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। उनके अनुसार सड़क पर भरे पानी के कारण श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

संक्षेप

## जल्द चालू हो उग्रसेन सेतु

बरहज, देवरिया। सपा नेता विजय रावत ने बरहज कपरवार उग्रसेन सेतु का निरीक्षण किया इस दौरान मौके पर उपस्थित लखन से आए सेतु निगम के कर्मचारियों व ठेकेदार से बात कर बताया की लखनऊ से सेतु निगम के कर्मचारी व विभाग के लोग आ गए है और उन्होंने आश्वासन दिया है की एक महीने के अंदर पुनः पुल काम पूरा कर चालू हो जाएगा इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने विभाग के कर्मचारियों पर सेतु देख रेख टंकी लपरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग की लापरवाही के वजह से से आज कई जिले के लोगों को कटवाई का सामना करना पड़ रहा हैं जिसके वजह से जो एक जिले से दूसरे जिले में जाने के लिए मात्र तीस किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ रहा था वह आज इस उग्रसेन सेतु टुट जाने से सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ रहा हैं ऐसे मे जनता को बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा हैं ऐसे में प्रशासन व सरकार के अधिकारियों व सेतु निगम से हमारी माँग की।

# जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें अधिकारी

जिला संवाददाता



*देवरिया।* आज जनता दर्शन में सदर तहसील अंतर्गत ग्राम सभा कुसुमौनी निवासी फरियादी आकाश शर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने बरसात के पानी की निकासी न होने, साइफन चोक होने से जलभराव के कारण फसलों के नुकसान तथा संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका से संबंधित प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने का अनुरोध किया।

जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग एवं बाढ़ खंड के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सभी संभावित विकल्पों का सर्वे कराते हुए जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- जनता दर्शन में आई शिकायतों पर डीएम ने संभाला मोर्चा अधिकारियों को दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान बाढ़ खंड, देवरिया की अधिशासी अभियंता को तत्काल खारी नाला की सफाई कराने तथा जलभराव का पानी छोटी गंडक नदी तक पहुंचाने की व्यवस्था स्थाई समाधान के लिए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

साथ ही अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड) को सड़क निर्माण के दौरान अवरुद्ध अथवा चोक नालों एवं साइफनों की तत्काल सफाई कर जल निकासी सुचारु कराने के निर्देश दिए उन्होंने के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्तमान जलभराव की समस्या के त्वरित समाधान के लिए जलभराव का पानी नहर में पहुंचाया जाए, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र राहत मिल सके जिलाधिकारी की त्वरित पहल से जल निकासी की तत्काल व्यवस्था शुरू होने पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका आभार प्रकट किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड), बाढ़ खंड, सिंचाई विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ट्रॉमा सेंटर निर्माण में लापरवाही पर डीएम सख्त

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज अपने कार्यकक्ष में मेडिकल कॉलेज परिसर में निमार्णाधीन ट्रॉमा सेंटर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की।

जिलाधिकारी ने कहा कि ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कर हैंडओवर करने के निर्देश पूर्व में भी दिए जा चुके हैं, लेकिन कार्यदायी संस्था द्वारा अपेक्षित प्रगति नहीं की गई। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी इस महत्वपूर्ण परियोजना में बरती गई लापरवाही के कारण निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा नहीं हो सका। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश प्राचार्य मेडिकल कॉलेज को दिए सीएमएस डॉ. एच.के. मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार कार्यदायी संस्था के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। बैठक में प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ रजनी पटेल, सीएमएस डॉ एच के उपस्थित रहे।

## सामाजिक न्याय के लिए लड़ने वाली पार्टी है सपाः हसमुद्दीन अंसारी

**कसया, कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय के लिए लड़ने वाली जन हितैषी पार्टी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में वर्ष 2027 में सपा की सरकार बनेगी और गांव, गरीब, किसान, मजदूर के चेहरे पर खुशहाली आएगी। तब वास्तविक में राष्ट्र का विकास होगा।

उक्त बातें प्रदेश कार्य समिति सदस्य, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि और फाजिलनगर विधानसभा 332 के समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हसमुद्दीन अंसारी ने सोमवार को नगर पालिका परिषद कुशीनगर स्थित एक निजी होटल में कही। वह अपने 62 वें जन्मदिन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर उनके समर्थकों ने जगह - जगह पौधरोपण किया। केक काटा गया और हैप्पी बर्थ डे बोलकर विश किया करते हुए अपने श्री अंसारी के सुखद दीघार्यु जीवन की कामना की। सपा नेता श्री अंसारी को राष्ट्रीय प्रवक्ता संतोष यदुवंशी, केदार नाथ यादव, राम गुलाब यादव, ब्रह्मजीत कुमार, महबूब मंजर, असलम अली, मार्कण्डेय यादव, राजेश सिंह, बृजेश, वीरेंद्र यादव, जवाहर गोंड, धनंजय यादव, सुनील यादव, मनीष गोंड सहित सैकड़ों लोगों ने जन्मदिन की बधाई दी।

## बीमार बेटे के इलाज के लिए मां लगा रही गुहार

**कसया, कुशीनगर।** कसया विकास खंड के ग्राम बटेसर निवासी नागेंद्र यादव का युवा पुत्र संदीप गंभीर बीमारी से जूझ रहा है। बीमार बेटे को इलाज के लिए मदद की दरकार ।गरीबी और तंगहाली में जी रहा परिवार बेटे की इलाज को लेकर मदद की गुहार लगा रहा है। ग्रामप्रधान मोहनलाल गुप्ता की अपील पर ग्रामवासियों ने आपस में सहयोग कर इलाज के लिए सहयोग दिया। बता दें कि ग्राम निवासी नागेंद्र यादव का पुत्र संदीप (27 वर्ष) बाहर रहकर काम करता था और परिवार का भरण पोषण करता था। बीते एक साल पूर्व उसकी तबियत खराब हो गई। डाक्टरों ने बताया कि उसे गंभीर बीमारी है। उसका इलाज गोरखपुर में एक चल रहा था। उसके बाद केजीएमसी में इलाज कराया गया। जहां डॉक्टरों ने पथरी, ट्यूमर, गांठ का ऑपरेशन किया। जिसमें परिवार की सारी जमा पूंजी खत्म हो गई और कर्ज में डूब गए। पुनः इलाज के लिए केजीएमसी लखनऊ पहुंचा तो इलाज के उसकी मां संगीता देवी ने ग्राम प्रधान मोहनलाल गुप्ता और ग्रामीणों से अपील की। जिसके बाद हदीश अंसारी, गोलू यादव, संगम सिंह आदि के साथ गांव में घुमाकर इलाज के लिए ग्रामप्रधान ने सहयोग मांगा तथा सोशल मीडिया पर सहयोग की अपील की गई। दस वर्ष पूर्व उसके राजमिस्त्री पिता एक्सीडेंट में अपाहिज हो गए। तब अपने नाजुक कंधे पर संदीप ने परिवार का बोझ उठा लिया। आज इलाज के लिए तड़प रहे बेटे को बचाने की गुहार लगाए मां मदद की आस में लोगों की ओर कातर निगाहों से देख रही है।

# पहली ही बरसात में, उद्योग विभाग की पोल खुली



**जौराबाजार, कुशीनगर।** क्षेत्र के नदवाबिशुनपुर में उद्योग विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की पोल पहली बरसात में ही खुल गई है ।एक ओर आर सी सी सड़क मे मोटी दरार पड़ गई है तो दूसरी ओर बाउंड्री वॉल के नीचे से मिट्टी के साथ ईंटो के साथ इंटरलाकिंग भी पानी के साथ बह कर बाहर निकलना शुरू हो गया है।

ग्राम सभा नदवा बिशुनपुर में आज से वर्षों पूर्व पोखरे के एक किनारे ग्राम सभा की सहमति से उद्योग विभाग ने उस जमीन को अपने विभाग में सम्मिलित किया। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस जमीन पर छोटे छोटे उद्योग लगाए जाएंगे। पहले पूरी जमीन का बाउंड्री वॉल किया जाएगा। उसके बाद उद्योग लगाने के हिसाब से जमीन का आवंटन किया जाएगा। आवंटन के बाद ही कोई व्यक्ति उसमें उद्योग लगाएगा। उक्त जमीन को पहले विभाग द्वारा समतलीकरण किया गया। साथ ही साथ एक कमरे के निर्माण के साथ बिजली व्यवस्था की गई। उसके लिए भी आवश्यकतानुसार विद्युत पोल तथा उसपर तार भी दौड़ाएं गये ? ।सारी व्यवस्था मुक्कमल कराने के बाद विभाग चुप्पी साध गया। नतीजा यह हुआ कि बिजली पोल, हजारों मीटर तार ,जंगला तथा लम्बे चौड़े गेट चोर उठा ले गए। कई ?वर्षो बाद इस साल यहां बाउंड्री वॉल के साथ ही आर सी सी सड़क एवं नाली निर्माण का काम कराया गया। लेकिन तीन तरफ जहां खेत है उधर बिना पत्थर के ही बाउंड्री वॉल का निर्माण करा दिया गया। जिसका नतीजा हुआ कि खेत काफी नीचे हो गया और बाउंड्री वॉल काफी ऊपर ।तेज बारिश के कारण पानी बाउंड्री वॉल के नीचे से मिट्टी बहते हुए बाहर निकल गया। गनीमत हुआ कि बाउंड्री वॉल के पाए काफी नीचे से लाए गए हैं। नहीं तो अब तक बाउंड्री वॉल खेतों में दिखाई देता ।दक्षिण दिशा में तो इंटरलाकिग भी काफी नीचे तक धस गई है ।इस संबंध मे विभाग के जेई ने धर्मात्मा चौधरी ने कहा कि बाउंड्री वॉल का निर्माण पूरब, उत्तर और दक्षिण तरफ एक एक मीटर छोड़कर बनवाईं गई है ।मै अभी घर पर हूं ।आने पर खेत वालो पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# कस्तूरबा विद्यालय भटनी पहुंचे डीएम ने व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता



**देवरिया ।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने विकासखंड भटनी के रुपई स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पठन-पाठन व्यवस्था, उपस्थिति पंजिका, अभिलेखीय व्यवस्थाओं, छात्राओं की उपस्थिति तथा विद्यालय में उपलब्ध अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने छात्राओं की डिजिटल उपस्थिति की समीक्षा करते हुए विद्यालय में छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा एवं शिक्षण की गुणवत्ता हर हाल में बनाए रखी जाए तथा इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के रसोईघर, कक्षाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कक्षा 6 एवं कक्षा 8 की छात्राओं से संवाद कर उनसे पाठ्यपुस्तक पढ़वाई तथा विषय से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा कि पठन-पाठन की गुणवत्ता बेहतर होनी चाहिए और किसी भी छात्रा का ड्रॉपआउट न होने पाए। प्रत्येक छात्रा की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

विद्यालय के वार्डन ने जिलाधिकारी को भवन में सीलन तथा बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय के लगभग सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सेंट जॉर्ज स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बांदा।** अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज की अध्यक्षता में यातायात पुलिस ने थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत सेंट जॉर्ज स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, आदि के साथ-साथ संबंधित विभिन्न कानूनों एवं सहायता नंबरों आदि बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी दायित्व ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी भी है, जो सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करने, नशे की हालत में ड्राइविंग न करने, सड़क पर निर्धारित स्पीड का पालन करने, वाहन के वैध और आवश्यक दस्तावेज साथ रखने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रुप से करने की जानकारी देकर सभी यातायात नियमों का पालन करने को जागरुक किया गया। संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई ।इसके अतिरिक्त दो पहिया वाहन चलाते समय दो से अधिक लोगो बैठने-बैठाने, गलत दिशा में वाहन चलाने के खतरों आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# इनर व्हील क्लब ऑफ देवरिया सेंट्रल का समारोह संपन्न

जिला संवाददाता

**देवरिया।** इनर व्हील क्लब ऑफ देवरिया सेंट्रल का पदग्रहण समारोह 19 जुलाई को शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंडलाध्यक्ष मधु कमानी थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में अलका सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष एवं जोनल हेड सरोज अग्रवाल तथा रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ शिखा बर्नवाल द्वारा प्रस्तुत मधुर गणेश वंदना से हुआ। कार्यक्रम का कुशल संचालन उर्मिला यादव ने किया। निवर्तमान अध्यक्ष चांदनी कौर ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए नए सत्र की अध्यक्ष अंजना मिश्रा को कॉलर पहनाकर विधिवत पदभार सौंपा ।वर्ष 2026-27 के लिए अंजना मिश्रा ने अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। नई कार्यकारिणी में अर्शिया रहमान को सचिव, प्रियंका जोशी को उपाध्यक्ष, भारती शुक्ला कोषाध्यक्ष एवं यशोदा जायसवाल को आईएसओ तथा मधु चौरसिया को संपादक का दायित्व सौंपा गया ।इस अवसर पर अध्यक्ष अंजना मिश्रा ने गत वर्ष के सेवा कार्यों एवं उपलब्धियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए सभी को क्लब की गतिविधियों से अवगत कराया। सचिव अर्शिया रहमान ने नए सत्र की कार्ययोजना साझा करते हुए पूरे वर्ष 365 सेवा प्रकल्पों के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प दोहराया ।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अंजना मिश्रा ने कहा कि उनकी पूरी टीम समर्पण, सेवा और सहयोग की भावना के साथ समाज हित में निरंतर कार्य करेगी। मुख्य अतिथि मधु कमानी ने अपने संबोधन में कहा कि ₹इनर व्हील का वास्तविक उद्देश्य सेवा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। जब प्रत्येक सदस्य प्रेम, समर्पण और टीम भावना से कार्य करता है, तब संस्था नई ऊँचाइयों को प्राप्त करती है ।₹ उन्होंने नई टीम को सेवा कार्यों में



निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं ।रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव एवं अन्य अतिथियों ने भी अपने प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए ।समारोह के दौरान सेवा प्रकल्प भी आयोजित किए गए। दो बालिकाओं को स्कूल बैग, पुस्तकें, कॉपियाँ एवं स्टेशनरी सामग्री प्रदान की गई। एक जरूरतमंद महिला को एक माह का राशन वितरित किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत इनर व्हील के लोगो वाले क्लॉथ बैग, क्लब के लोगो वाले छाते, पौधे तथा वाहनों पर लगाने के लिए इनर व्हील के स्टिकर वितरित किए गए ।मुख्य अतिथि का स्वागत रोटरी क्लब के सदस्यों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया ।इस अवसर पर रोटरी क्लब देवरिया सेंट्रल के सदस्य अखिलेन्द्र शाही राजेंद्र जायसवाल कपिल सोनी मनोज मद्धेसिया अतुल बर्नवाल, रोटरी क्लब देवरिया सदर से विपिन बिहारी शर्मा राकेश धर द्विवेदी सिद्धनाथ चतुवेर्दी सतपाल सिंह रवि मिश्रा जी श्याम शर्मा प्रसन्न शर्मा मनोज गुप्ता राकेश उपाध्याय विजय सिंह विजय शंकर मणि , इनर व्हील क्लब की सभी सदस्याएँ एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बनाया।

## ओबीसी वर्ग के उत्पीड़न को लेकर कांग्रेस ने डीएम को ज्ञापन सौंपा

देवरिया । उत्तर प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लोगों के साथ कथित रूप से हो रही हत्याओं, अत्याचार, फर्जी एनकाउंटर तथा कस्टोडियल मौतों पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग को लेकर कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, देवरिया ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा।

कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारी सुशील चंद्र श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में ओबीसी वर्ग के विरुद्ध अत्याचार, हिंसा, फर्जी एनकाउंटर तथा पुलिस हिरासत में मौतों की घटनाओं को लेकर समाज में गहरी चिंता व्याप्त है। ज्ञापन में इन घटनाओं की निष्पक्ष एवं प्रभावी जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई ।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि शासन-प्रशासन का रवैया सभी वर्गों के प्रति निष्पक्ष एवं संवेदनशील होना चाहिए तथा संविधान प्रदत्त समानता, न्याय और कानून के शासन के सिद्धांतों का पूरी दृढ़ता से पालन किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने महामहिम राष्ट्रपति से इस विषय में हस्तक्षेप कर राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन', पूर्व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष जयदीप त्रिपाठी, मुकुंद भास्कर मणि, भरत मणि,संजीव कुमार मिश्रा,शिव शंकर सिंह,धर्मेंद्र कुमार पांडेय, मिर्जा खुर्शीद, विनोद तिवारी, डॉ. चंद्र प्रताप चौहान, आलोक तिवारी,उत्तेज मिश्रा, रमाकांत खरवार, जयप्रकाश पाल, त्रिलोकी जायसवाल, रशीद अंसारी, विजय आदि उपस्थित रहे।

## भाकियू ने किसानों से की महापंचायत में भारी संख्या में शामिल होने की अपील

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन ने कलेक्ट्रेट में प्रस्तावित महापंचायत एवं अनिश्चितकालीन धरने की तैयारियां आखिरी मोड पर हैं। उन्होंने कहा कि किसानों का बकाया गन्ना भुगतान, किसानों पर दर्ज मुकदमों की वापसी तथा अन्य किसान हितों के मुद्दों के समाधान के लिए यह आंदोलन किया जा रहा। भाकियू के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने महापंचायत को सफल बनाने के लिए दर्जनों गांवों का दौरा कर किसानों से महापंचायत में बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 21 जुलाई से बिजनौर कलेक्ट्रेट में भारतीय किसान यूनियन का धरना अनिश्चितकालीन रहेगा और किसानों की मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने झल्लू, गंगोढ़ा, रतनपुर, निजामपुर, मीरपुर, दुगापुर, नांगली, शेखपुरा, शंभूवाला, फतेहपुर तथा असल सहित कई गांवों में किसानों से संपर्क कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि किसानों का बकाया गन्ना भुगतान, किसानों पर दर्ज मुकदमों की वापसी, बिजली लोड बढ़ाए जाने से जुड़ी समस्याएं तथा अन्य किसान हितों के मुद्दों के समाधान के लिए यह आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से एकजुट होकर महापंचायत को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान तहसील अध्यक्ष कोमन सिंह, जितेंद्र सिंह, विनीत चैधरी, मोनू प्रधान, रजनीश अहलावत, गौरव जंघाला, मुकेश जंघाला, अरुण कुमार, रवि शेखर तोमर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# एआई सखी सशक्तीकरण प्रशिक्षण से महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर : सदर विधायक




जिला संवाददाता

**देवरिया।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ₹एआई सखी सशक्तिकरण अंतर्गत समूह सदस्यों का एआई दक्षता प्रशिक्षण कार्यक्रम₹ का आयोजन गांधी सभागार, विकास भवन, देवरिया में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अ१ॐ' क्लइॆ'ॆल्लॊ) का युग है। ऐसे में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को एआई आधारित तकनीकों का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार, डिजिटल सेवाओं एवं उद्यमिता से जोड़ना सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि तकनीक का सही उपयोग महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उनके जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव लाएगा। मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को समयानुकूल तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। एआई दक्षता प्रशिक्षण से समूह की महिलाएं डिजिटल तकनीकों का प्रभावी उपयोग कर अपने कार्यों को अधिक सरल, गुणवत्तापूर्ण एवं आयवर्धक बना सकेंगी। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने तथा सीखी गई तकनीकों का व्यवहारिक उपयोग करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न अनुप्रयोगों, डिजिटल टूल्स, ऑनलाइन सेवाओं तथा आजीविका संवर्धन में एआई की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को एआई आधारित तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

# डिजिटल लेबर चौक ऐप से निर्माण श्रमिकों को मिलेगा रोजगार

कुशीनगर। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा निर्माण श्रमिकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए उन्हें रोजगार के अवसर सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डिजिटल लेबर चौक मोबाइल ऐप प्रारंभ किया गया है।

उन्होंने बताया कि डिजिटल लेबर चौक ऐप निर्माण श्रमिकों, बिल्डरों, ठेकेदारों, निर्माण एजेंसियों एवं अन्य नियोजकों के बीच एक प्रभावी डिजिटल सेतु के रूप में कार्य करेगा। इसके माध्यम से श्रमिकों को रोजगार की तलाश में लेबर चौकों पर घंटों प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपने मोबाइल फोन से अपनी उपलब्धता दर्ज कर अपने कौशल, अनुभव तथा कार्यस्थल से संबंधित जानकारी साझा कर सकेंगे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि जनपद कुशीनगर के लगभग 2.43 लाख निर्माण श्रमिक इस पहल से लाभान्वित होंगे। उन्होंने राजमिस्त्री, बेलदार, बढ़ई, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, पेंटर, वेल्डर, हेल्पर सहित निर्माण कार्य से जुड़े सभी श्रमिकों से अपील की कि वे डिजिटल लेबर चौक मोबाइल ऐप पर अपना पंजीकरण अवश्य कराएं। साथ ही बिल्डर, ठेकेदार, निर्माण एजेंसियां, उद्योग प्रतिष्ठान, सरकारी एवं अर्धसरकारी विभाग, स्थानीय निकाय तथा अन्य नियोजकों से भी अनुरोध किया कि वे ऐप पर पंजीकरण कर अपनी श्रमिक आवश्यकता ऑनलाइन दर्ज करें।

उन्होंने बताया कि ऐप के माध्यम से नियोजकों को आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षित, अनुभवी एवं पंजीकृत श्रमिक आसानी से उपलब्ध होंगे। वहीं श्रमिक अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार की जानकारी प्राप्त कर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकेंगे। जीपीएस आधारित सुविधा के माध्यम से उन्हें निकटतम रोजगार अवसरों की जानकारी भी प्राप्त होगी। ऐप पर श्रमिक अपना व्यक्तिगत विवरण, पहचान, कौशल, अनुभव, कार्य इतिहास, उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक जानकारियां दर्ज कर सकेंगे। इसके आधार पर नियोजक उपयुक्त श्रमिकों का चयन कर सीधे संपर्क स्थापित कर सकेंगे, जिससे रोजगार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया अधिक तेज, पारदर्शी एवं प्रभावी बनेगी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने सभी पात्र श्रमिकों एवं नियोजकों से डिजिटल लेबर चौक ऐप का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि यह पहल श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराएगी। इसी क्रम आज लेबर चौक, पडरौना एवं कसया में श्रमिकों को डिजिटल लेबर चौक ऐप के संबंध में जागरूक किया गया तथा उपस्थित श्रमिक अमित सिंह, गणेश एवं सुनील कुमार का ऐप पर पंजीकरण भी कराया गया।

## जनता दर्शन में दिखी मानवीय संवेदना, डीएम ने अनाथ बहनों के भविष्य संवारने की पहल की

**देवरिया ।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के जनता दर्शन के दौरान एक बालिका अपनी फरियाद लेकर पहुंची। बालिका की समस्याओं को सुनकर जिलाधिकारी भावुक हो गए और उसके प्रकरण के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दि जिलाधिकारी के निर्देश पर बालिका एवं उसकी बहनों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से आच्छादित करने के लिए तत्काल आवेदन कराया गया तथा संबंधित अधिकारियों को इसकी समस्त औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन बच्चियों को शासन की सभी पात्र योजनाओं से जोड़ते हुए अधिकतम लाभ दिलाया जाए, ताकि उनकी पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रह सके और उनका भविष्य सुरक्षित हो। जनता दर्शन में बरहज तहसील अंतर्गत ग्राम मोहरा निवासी ज्योति यादव ने बताया कि उसके माता-पिता का निधन हो चुका है तथा चार बहने है एवं परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है। उसने अपनी तथा अपनी बहनों की पढ़ाई जारी रखने के लिए सहायता की मांग की। जिलाधिकारी ने बालिका की पूरी बात गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनी। उन्होंने बच्चियों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़ने, उनकी शिक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा शासन की अन्य पात्र योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उनका आवेदन तत्काल भरवाकर आवश्यक प्रक्रिया शुरू कराई गई। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को ज्योति यादव का राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी की इस मानवीय एवं संवेदनशील पहल से बच्चियों में भविष्य के प्रति नई आशा और आत्मविश्वास का संचार हुआ। उपस्थित लोगों ने भी जिलाधिकारी की इस पहल की सराहना की।

# आयात पर निर्भरता

आयात पर निर्भर हमारी अर्थव्यवस्था के सामने एक बार फिर से चुनौती खड़ी हो गयी है। तेल, गैस एवं उर्वरकों की आपूर्ति का संकट खड़ा हो गया है, इनके दाम भी बढ़ने लगे हैं और फिर से आर्थिक संकट मंडराने लगा है। आयात पर निर्भरता का यह दुष्परिणाम है कि राष्ट्रपति ट्रंप बयान देते हैं और देशों की अर्थव्यवस्थाएं हिचकोले खाने लगती हैं। बाजार धड़ाम से गिरते हैं। तेल, गैस, उर्वरक और अन्य सामान की किल्लत बढ़ने लगती है। लिहाजा संकट भी व्यापक और विकराल होने लगते हैं। मंदी और महंगाई भी बढ़ने लगती है। अब राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के अलग-अलग ठिकानों और परमाणु केंद्रों पर लगातार 21 दिन तक हमलों की योजना का ऐलान किया है। फिलहाल औसतन 4 घंटे हर रोज हमले किए जा रहे हैं। ईरान ने भी नई मिसाइल से खाड़ी देशों के अमरीकी ठिकानों पर विनाशक हमले जारी रखे हैं। अमरीका के वायु बेस, नौसेना बेड़े, रडार सिस्टम, मिसाइल-ड्रोन ठिकानों पर हमले कर ईरान ने साफ कर दिया है कि वह युद्ध के मोर्चे पर अभी तैनात है और लड़ रहा है। बहरहाल इन हमलों का पहला असर यह है कि कच्चे तेल के दाम 86 डॉलर प्रति बैरल तक उछल गए हैं। ये दाम 71 डॉलर तक लुढक आए थे, जब समझौते के सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किए गए थे। एकबारगी लगा था कि युद्ध का अंत निकट है, लेकिन यह पहले की तरह ही विनाशक और वीभत्स हो रहा है। अब तेल-बाजार में जो शिपमेंट (लदान) बुक की जा रही है, वह 86-87 डॉलर के हिसाब से की जा रही है। बीते 15 दिनों में ही भारत के खजाने पर करीब 2 लाख करोड़ रुपए का बोझ बढ़ चुका है, क्योंकि




आयात-बिल बढ़ा है। भारत को कच्चा तेल 105 डॉलर प्रति बैरल पर खरीदना पड़ रहा है। इसमें युद्ध-बीमा, परिवहन की बढ़ी दरें और ईरान का टोल-टैक्स आदि भी शामिल हैं। यदि लाल सागर की ओर हूती लड़ाकों ने बाब-अल-मंदेब मार्ग को बंद कर दिया, तो 12 फीसदी वैश्विक आपूर्ति और प्रभावित होगी, नतीजतन तेल की कीमतें 200 डॉलर तक उछल सकती हैं, ऐसा विशेषज्ञों का दावा है। दरअसल अर्थशास्त्रियों के विश्लेषण हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था आयात-केंद्रित हो चुकी है। घरेलू उत्पादन से बेहतर आयात लगता है और वह अभी तक आसान भी रहा है। आयात न केवल घरेलू बाजार, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) पर, बल्कि निर्यात पर भी हावी हो चुका है। भारत का आयात 16 फीसदी बढ़ चुका है। अनुमान है कि आयात 17-18 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है, जो बीते साल में 11 लाख करोड़ रुपए रहा है। भारत खाड़ी देशों को 19 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात करता रहा है, लेकिन ईरान युद्ध और खाड़ी देशों तक आपूर्ति के व्यवधान और जोखिमों के कारण निर्यात काफी प्रभावित हो रहा है। इन परिस्थितियों में भारत का व्यापार-घाटा बढ़ रहा है। यदि कच्चा तेल 10 फीसदी भी महंगा होता है, तो चालू खाता घाटा देश के जीडीपी का 0.4 फीसदी बढ़ जाता है। सीईआईसी के मुताबिक, भारत में जहां मैन्युफैक्चरिंग की स्थिति पूर्ववत है, वहीं निर्माण-कार्यों और सेवा क्षेत्र के व्यापार और परिवहन में भारी गिरावट दर्ज की गई है। गांव के गरीबों, किसानों को शहर के निर्माण-कार्यों में रोजगार मिलता रहा है, लेकिन गिरावट के बाद उन्हें गांव की ओर लौटना पड़ रहा है। सूखे से खेती पर भी असर पड़ना तय है। लिहाजा कई फसलें इस बार कम बोई गई हैं। इस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सामने भी कई तरह की चुनौतियां हैं। महंगाई की जो दरें उच्चतम स्तर पर पाई गई हैं, उनमें गांव में महंगाई अपेक्षाकृत बढ़ी है। बहरहाल भारत में कच्चे तेल की फिलहाल आपूर्ति बनी हुई है, लेकिन संकट कभी भी खड़ा हो सकता है। इसलिए जब तक मिडिल ईस्ट में युद्ध जारी है तब तक देश में बूंद-बूंद तेल बचाने का प्रयास करना चाहिए। इससे हमारी अर्थव्यवस्था के सामने चुनौतियां कम होंगी।

---

**विचार**

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

जब दुख अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाता है, तब हमसे सुख ज्यादा दूर नहीं होता है।

–महात्मा गांधी.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

संसार रूपी इस वाटिका में फूलों के अतिरिक्त कुछ नहीं है। अपना भ्रम ही एक कांटा है।

–स्वामी रामतीर्थ.

वह मनुष्य सचमुच बुद्धिमान है जो क्रोध की हालत में भी बुरी बात मुंह से नहीं निकालता।

–शेख सादी.

# स्पेन फुटबॉल की जुनूनी दुनिया का बादशाह


शाहिद ए चौधरी

**टोर्रेस का यह विजयी गोल 19 जुलाई 2026 को ठीक 16 वर्ष व 8 दिन बाद आया था, जब एंड्रेस इनस्टा ने नीदरलैंड्स के खिलाफ एक्स्ट्रा-टाइम में गोल करके 2010 में स्पेन को पहली बार विश्व चैंपियन बनाया था। स्पेन की दूसरी खिताबी विश्व कप जीत भी 1-0 के अंतर से ही आयी। मैच के बाद टोर्रेस ने अपने गोल के बारे में कहा, 'सच कहूं तो मैंने ज्यादा कुछ सोचा नहीं।**

नब्बे मिनट में दोनों में से कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी थी। हालांकि स्पेन ने दर्जनों अवसर बनाये गेंद को गोल में डालने के लिए, लेकिन अर्जेंटीना के गोलकीपर एमी मार्टिनेज ने फाइनल में रिकॉर्ड 11 बार सफल बचाव किया, जबकि लियोनल मेसी व उनके लड़कों को कोशिश करने का भी अवसर नहीं मिला, जिससे गेम पर ला रोजा की पकड़ का अंदाजा लगाया जा सकता है। बहरहाल, एक्स्ट्रा-टाइम के दूसरे हाफ में 39 सेकंड भी न बीते थे यानी 106वें मिनट में पेड्रो पोरों ने लेफ्ट से आउट-स्विंगिंग क्रॉस बैक पोस्ट की तरफ मारा, निको विलियम्स गेंद को हेड करके वापस स्पेस में डालने में कामयाब रहे और फेरन टोर्रेस ने हाफ-वॉली को जाल में डाल दिया। डाइव लगाते हुए मार्टिनेज देखते रह गये। प्रतियोगिता में पेड्रो का यह एकमात्र गोल था और यही निर्णायक साबित हुआ, जोकि गोल करने का 20वां प्रयास था। टोर्रेस का यह विजयी गोल 19 जुलाई 2026 को ठीक 16 वर्ष व 8 दिन बाद आया था, जब एंड्रेस इनस्टा ने नीदरलैंड्स के खिलाफ एक्स्ट्रा-टाइम में गोल करके 2010 में स्पेन को पहली बार विश्व चैंपियन बनाया था। स्पेन की दूसरी खिताबी विश्व कप जीत भी 1-0 के अंतर से ही आयी। मैच के बाद टोर्रेस ने अपने गोल के बारे में कहा, 'सच कहूं तो मैंने ज्यादा कुछ सोचा नहीं। मैंने गेंद को अपनी तरफ आते हुए देखा और मैंने सभी स्पेनी लोगों की पॉवर से शॉट लगा दिया।'

गर्मी व तेज धूप की वजह से पिच की घास सूख गई थी, जिसकी वजह से गेम में गति नहीं आ पायी और कलात्मक ड्रिबल करना भी कठिन रहा। लेकिन इसके बावजूद स्पेन का गेंद पर कब्जा 65 प्रतिशत रहा और अर्जेंटीना को अपने बेहतर प्रतिद्वंदियों के सामने गेंद अपने पास रखने में कड़ा संघर्ष करना पड़ा, जो असफल अधिक रहा। यह बात उस समय भी सही थी, जब दोनों तरफ से 11-11 खिलाड़ी मैदान में थे और ज्यादा मुश्किल उस समय हो गई, जब अर्जेंटीना के 10 ही खिलाड़ी रह गये थे; क्योंकि एंजो फर्नांडज ने दूसरी बार फाउल किया और रेफरी के पास कोई विकल्प न था कि उन्हें बेंच पर बैठा दिया जाये। यह सामान्य



समय के अंत से जरा पहले की बात है। स्पेन एकमात्र देश है जिसने दो बार यह कमाल किया कि यूरोपीय चैंपियनशिप जीतने के बाद फिर विश्व कप भी जीता। उसने यह कारनामा पहले 2008-2010 में किया और अब 2024-2026 में किया है। स्पेन पहला विश्व कप चैंपियन है, जिसने पूरी प्रतियोगिता में सिर्फ.एक गोल खाया, इसलिए उसके गोलकीपर उनै साइमन को गोल्डन ग्लव से सम्मानित किया गया।

**फीफा फुटबॉल विश्वकप**

गौरतलब है कि गोल्डन बॉल स्पेन के रोड्रि को मिली। बेस्ट यंग प्लेयर भी स्पेन के पाव कबरसी रहे और फेयर प्ले अवार्ड नीदरलैंड्स को मिला। तीन प्रमुख प्रतियोगिताएं- कोपा अमेरिकास (2021 व 2024) और विश्व कप 2024 लगातार जीतने के बाद मेसी की अर्जेंटीना चैथे फ्रंटियर पर नाकाम हो गई, विशेषकर इसलिए कि आठ बार बैलोन डी ओर जीतने वाले 39-वर्षीय मेसी, जिन्होंने इस प्रतियोगिता में 8 गोल व 4 असिस्टस का श्रेय प्राप्त किया, को फाइनल में बामुश्किल ही गेंद को स्पर्श करने का अवसर मिला; क्योंकि स्पेन का दबदबा ही कुछ ऐसा था। पूरे फाइनल में मेसी कभी भी ऐसे नहीं लगे कि वह अर्जेंटीना का खिताब बरकरार रखने में कामयाब हो जायेंगे। हालांकि वह एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने देश की कप्तानी लगातार तीन विश्व कप में की है, लेकिन फाइनल में वह वैसे प्रभावी खिलाड़ी नजर नहीं आये जैसे पहले दो विश्व कप और इस तीसरे विश्व कप के फाइनल से पहले थे। स्पेन ने अपने गेंद पर कब्जा रखने वाले खेल से उतना ही बेबस कर दिया जितना उसने सेमीफाइनल में फ्रांस के काय्लिन एम्बापे को किया था। प्रतियोगिता में 10 गोल व 4 अस्सिट्स के साथ एम्बापे ने मेसी को पछाड़ते हुए गोल्डन बूट अपने नाम किया। एम्बापे ने 2022 में भी गोल्डन बूट जीता था। एम्बापे विश्व के एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्होंने लगातार दो बार गोल्डन बूट जीता है। ब्राजील ने 1958 व 1962 में लगातार दो विश्व कप जीते थे। तब से कोई टीम ऐसी सफलता नहीं पा सकी है। अर्जेंटीना के लिए इस दोहराने का अवसर था, लेकिन स्पेन ने उसके इरादों को नाकाम कर दिया। फाइनल के बाद मेसी भावुक हो गये, उनकी आंखों से आंसू भी छलके, शायद इसलिए भी कि विश्व कप में यह उनका अंतिम मैच था।

इस जीत ने स्पेन के कोच लुई डे ला फुएंते को यह श्रेय प्राप्त हुआ कि उन्होंने सबसे अधिक आयु में अपनी टीम को विश्व कप खिताब दिलाया। वह 65 बरस के हैं। उन्होंने कहा, 'हम विश्व चैंपियन हैं और सब मिलकर इस मंच पर पहुंचें हैं।' लेकिन अंतिम सीटी बजने के बाद खिलाड़ियों के बीच कुछ धक्कामुक्की भी देखने को मिली, जिसे जल्द नियंत्रित कर लिया गया। स्पेन जब जश्न मना रहा था तो अर्जेंटीना के अधिकतर खिलाड़ी अविश्वास में टर्फ पर बैठे हुए थे। आखिरकार समझदारी से काम लिया गया और स्पेन के खिलाड़ी ऑनर गार्ड में खड़े हो गये जब अर्जेंटीना का दल स्टेज पर रनर-अप मैडल लेने के लिए जा रहा था। अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कैलोनी ने स्वीकार किया कि स्पेन बेहतर टीम थी। बहरहाल, फीफा 2026 विश्व कप का फाइनल दो राजनीतिक विचारधाराओं के बीच भी था। एक तरफ स्पेनी सरकार के वामपंथी आदर्श थे तो दूसरी तरफ तरफ अर्जेंटीना का अति दक्षिणपंथी नजरिया। यह टकराव सिर्फ.मैदान पर ही न था बल्कि मैदान के बाहर भी था कि स्पेनी समर्थक स्टैंड में फिलिस्तीन का झंडा लिए हुए थे। लेकिन इससे भी दिलचस्प मुकाबला अनुभव व यूथ का था। जहां 39 वर्षीय मेसी अपना छठा विश्व कप खेल रहे थे, वहीं 19 वर्षीय लमिने यमाल अपना पहला विश्व कप खेल रहे थे। दोनों खिलाड़ियों की आयु में 20 साल का अंतर था, जिसे अधिक दिलचस्प एक बीस साल पुराने फोटो ने भी बनाया, जिसमें मेसी शिशु यमाल को अपनी गोद में लिए हुए हैं।

मेसी के अनुसार वह पहला अवसर था जब उन्होंने किसी बच्चे को अपनी गोद में लिया था और अब 20 साल बाद वह दोनों मैदान में आमने सामने थे। हालांकि इस विश्व कप में टेक्नोलॉजी (वीएआर), राजनीतिक हस्तक्षेप (डोनल्ड ट्रम्प के दबाव में अमेरिका के खिलाड़ी पर से प्रतिबंध हटाना), हाइड्रेशन ब्रेक, फाइनल का देर से शुरू होना व अधिकतम 15 मिनट की बजाय 27 मिनट का हाफ-टाइम ब्रेक होना आदि को लेकर काफी विवाद भी रहा, लेकिन पांच ऐसे बहुमूल्य मंत्र भी सामने आये जो किसी भी क्षेत्र में किसी भी देश या कारपोरेशन के लिए सफलता का आधार बन सकते हैं। एक, टैलेंट पर फोकस करना, वह चाहे कहीं से भी हासिल हो। दो, नागरिकता में कट्टरता न दिखाना। फुटबॉल में खिलाड़ी दूसरे देश के लिए भी खेल सकता है अगर 21 वर्ष का होने से पहले तीन अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हों। तीन, लोगों पर विश्वास करना व उन्हें साथ लाना। चार, अच्छे नियम जो सभी पर एक समान लागू होते हैं, बिना किसी भेदभाव के और पांच, अच्छा नेतृत्व। हर उस टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया जिसके पास खिलाड़ियों व कोचों का सक्षम नेतृत्व था।

---

**सोशल मीडिया**

महान स्वतंत्रता सेनानी एवं अमर क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्तजी की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन, उनका त्याग व बलिदान युवाओं के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेगा। अमित शाह.



देश के टूटे हुए एजुकेशन सिस्टम में आपने जो देखा, सुना और झेला है...वो समस्या का सतह मात्र है, असली सचाई इससे कहीं ज्यादा गहरी है। राहुल गांधी.



लोकसभा, विधानसभा चुनावों में हार-दर-हार ने राहुल गांधी, अखिलेश यादव और केजरीवाल समेत तमाम विपक्षी नेताओं को राजनीतिक रूप से असहज कर दिया है। केशवप्रसाद मौर्य.



# अवांछनीय आदतें

आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मों में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठिापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

**अंतर्दृष्टि**

# जनता परेशान, बंदर मजेमान

**व्यंग्यलोक**

वाशिंगटन, बीजिंग से लेकर दिल्ली तक के बंदरों को पकड़ने का ठेका लेने के लिए कोई भी फर्म इच्छुक नहीं है। प्रशासन ने बंदरों को पकड़ने के लिए अपने भाई-भतीजों को टेंडर भरने के लिए कहा था। इसमें नियमानुसार भ्रष्टाचार का प्रावधान भी था। लेकिन एक भी फर्म ने निविदा नहीं दी। अब दोबारा निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। तब तक राजधानी में बंदरों की उछलकूद जारी रहेगी। हमारे ग्राउंड जीरो पर खिलखिलायमान बंधु ने बताया कि प्रशासन ने पिछले साल 26 जनवरी को बंदर पकड़ने का वर्क ऑर्डर जारी किया था। सम्बन्धित फर्म को 1800 बंदर पकड़ने थे। एक बंदर के लिए 50 प्रतिशत भ्रष्टाचार सहित लगभग 2999 रुपये का भुगतान करना तय हुआ था। टेंडर की अवधि 30 मार्च को खत्म हो गई। मगर अंतिम तिथि तक एक भी निविदा नहीं आई। राजधानी में उछल कूद करते बंदरों पर कंट्रोल करने के लिए सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है। राजधानी के बंदर इस ऑफिस से उस ऑफिस। इस फाइल से इस फाइल धमाल मचा रहे हैं। अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, यूक्रेन, श्रीलंका से लेकर भारत तक पसरे पड़े हैं बंदर! लेकिन प्रशासन को इन बंदरों की कोई सुध नहीं है। जनता परेशान है और बंदर मजेमान है। कहा जाता है कि प्रशासन ने छांट-छांट कर 1500 बंदरों को पकड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया था। पिछली बार की तुलना में बंदर पकड़ने की राशि दस प्रतिशत बढ़ाई भी। भ्रष्टाचार के नए अवसर भी दिए। टेंडर की शर्तों के अनुसार सम्बन्धित ठेकेदार को बंदर पकड़कर शहर से 200 किलोमीटर दूर वन क्षेत्र में छोड़ना होगा। बंदर को छोड़ने की वीडियोग्राफी करानी होगी। बंदरों के हाथों में जीपीएस सिस्टम भी लगाना होगा।


रामविलास जॉंगिड़

हर एक बंदर का हिसाब मेंटेन करना होगा। एक रजिस्टर डालना होगा, जिसमें बंदरों की दैनिक गतिविधियों को रिकॉर्ड करना होगा। इन बंदरों की रिपोर्ट को अखबारों में सार्वजनिक करना पड़ेगा। बंदरों के आतंक से परेशान जनता ने अब सरकारी दफ्तरों में जाना बंद कर दिया है। खासतौर से सरकारी दफ्तरों में उछल कूद मचाते प्राइवेट बंदरों का सरकारीकरण बहुत परेशानी पैदा कर रहा है। यातायात के सरकारी कार्यालय तो सिर्फ इन्हीं का आतंक बने है। नरक निगम, जिला परिपद, कलेक्टरेट आदि रमणीक स्थानों पर भी इन्हीं बंदरों का जमावड़ा लगा हुआ है। बंदरों के आतंक से शहर-गांव में रहने वाले सभी लोग परेशान हैं। फिर उन बंदरों का क्या करें, जो सरकारी कर्मचारी के कपड़े पहनकर कुर्सियों से चिपक जाते हैं। यही बंदर खूब गुर्राते हैं। फिर शहर से दूर वन क्षेत्र में इन्हें छोड़ना बहुत मुश्किल काम है। क्योंकि इस देश में वन क्षेत्र तो बिल्कुल ही गायब हो चुके हैं। जंगलों के सारे बंदर शहरों में बस गए हैं।

# एथलेटिक्स में कुशारे और कुजुर ने लिखी नई पटकथा


खेल जगत

सारिम अन्ना

हाल ही में दो भारतीय एथलीट्स ने अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर दो बड़ी सफलताएं हासिल की हैं, जो भारत के लिए ऐतिहासिक हैं। राष्ट्रीय रिकॉर्ड होल्डर सर्वेश कुशारे पहले भारतीय हाई जम्पर हैं, जिन्होंने डायमंड लीग में पोडियम फिनिश किया। मोनाको में इस प्रतियोगिता में डेब्यू करते हुए उन्होंने तीसरा स्थान प्राप्त किया और वह उन चार भारतीयों के एक्सक्लूसिव क्लब में शामिल हो गये हैं, जिन्होंने डायमंड लीग में टॉप थ्री में फिनिश किया है। दूसरी ओर अनिमेष कुजूर 11 जुलाई 2026 को विदेशी धरती पर सबसे तेज 100 मी. दौड़ने वाले भारतीय बने। वह वेटजलर (जर्मनी) में वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर की 'फास्ट आर्म्स फास्ट लेग्स' प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे। फाइनल में 23-वर्षीय कुजूर ने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 10.14 सेकंड्स का समय निकाला जोकि हीट्स में एक दिन पहले उनके 10.19 सेकंड्स से बेहतर था। गौरतलब है कि इस साल मई में फेडरेशन कप (रांची) में गुरिंदरवीर सिंह ने 100 मी. 10.09 सेकंड्स में दौड़कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया था, लेकिन वह भारतीय धरती पर था। 100 मी. में भारत के जो पांच सर्वश्रेष्ठ समय हैं, उनमें से तीन कुजूर के नाम हैं।

सर्वेश अनिल कुशारे 31 साल के हैं, दो वर्ष की एक बेटी के पिता हैं। मोनाको में आयोजित डायमंड लीग में वह पहली बार भाग ले रहे थे और 10 जुलाई 2026 को उन्होंने यह कमाल किया कि पोडियम फिनिश करने वाले पहले भारतीय हाई जम्पर बने। कुछ समय के लिए वह संयुक्त रूप से पहले स्थान पर थे, लेकिन उनकी 2.26 मी की जम्प उन्हें तीसरा स्थान ही दिला सकी। यह भी कम बड़ी उपलब्धि नहीं है, विशेषकर इसलिए कि उन्होंने टोक्यो ओलंपिक चैंपियनों गियनमार्को तम्बेरी व मुताज बर्शिम को पराजित किया। इस वर्ष के वर्ल्ड लीडर, यूक्रेन के ओलेह डोरोशचुक (2.32 मी) पहले स्थान पर व ब्रिटेन के जैक किमानी (2.30 मी) दूसरे स्थान पर रहे। हाई प्रेशर मुकाबले में कुशारे ने अपना संयम बनाये रखा और उन भारतीयों की कुलीन सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया जिन्होंने डायमंड लीग में टॉप थ्री में फिनिश की है- जेवलिन में नीरज चोपड़ा (2022 से 13 बार), लांग जम्प में मुरली श्रीशंकर (2023 में एक बार) और चक्का फेंक में विकास गौड़ा (2015 में दो बार)। कुशारे का नासिक के देवरगांव ग्राम से विश्व मंच तक पहुंचने का सफर अपने आपमें दिलचस्प कहानी है। भूसे व बोरियों से लैंडिंग पिट्स बनाकर प्रैक्टिस करने वाले कुशारे के पिता अनिल का कहना है कि उनके व्हाट्सएप्प पर उनके बेटे की जम्प के वीडियोज की बाढ़ आ गई है। उनका कहना है, 'गांव में हर कोई अपने व्हाट्सएप पर जम्प का स्टेट्स लगाये हुए है। जब उसने हाई जम्प शुरू की थी तो मेरे दिमाग में सिर्फ.एक बात थी कि वह हमारे परिवार की किस्मत बदल देगा। लेकिन उसने तो पूरे गांव को ही प्रभावित कर दिया है। बच्चे हाई जम्प की प्रैक्टिस करने लगे हैं।' कुशारे को अपना पीक फॉर्म जीवन के 30 बसंत गुजारने के बाद ही मिल सका। भुवनेश्वर में आयोजित इंटर-स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स में उन्होंने 2.31 मी. की जम्प से आठ साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। अब वह सबसे अधिक आयु के सक्रिय भारतीय एथलीट हैं, जिनके पास राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। कुशारे की तारीफ करते हुए पूर्व रिकॉर्ड धारक व स्टार डेकाथलीट तेजस्विन शंकर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, 'इस उपलब्धि से मानसिक बाधा टूट गई है और 2.34 मी. या 2.35 मी का मार्क अब अधिक दूर नहीं है।' पिछले साल वर्ल्ड चैंपियनशिप्स में कुशारे फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय हाई जम्पर बने थे; वह अंत में छठे स्थान पर रहे। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि कुशारे की उपलब्धियों से उनके गांव में हाई जम्प क्रांति आ गई है। इस बारे में उनके पूर्व कोच रावसाहेब जाधव का कहना है, 'आज मैं 30 से अधिक बच्चों को ट्रेनिंग दे रहा हूं। फिजिकल एजुकेशन टीचर के रूप में मैं चार साल पहले रिटायर हो गया था, लेकिन बच्चों ने मेरे पास आना नहीं छोड़ा। जब एक दशक पहले कुशारे ने राष्ट्रीय पदक जीतने शुरू कर दिये तो 12 बच्चों के पहले बैच ने इस खेल को अपनाया। सभी ने सरकारी जॉब्स हासिल करके अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति बदल दी।' जाधव ने ही कुशारे को स्पॉट किया था।

## आप की बात

### गरीबों का उत्थान

केन्द्र सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में सभी गरीबों को घर देने की बात कही थी लेकिन अभी तक संकल्प पूरा नहीं हो पाया है। इसलिए गरीबों को आवास देने के लिए सरकार को तेजी के साथ काम करना चाहिए। शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार 2022 तक सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### कामकाजी शिक्षा जरूरी

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसलिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## विधिक जागरूकता व साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

**फतेहपुर**।सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन खागा तहसील क्षेत्र के राम गोपाल त्रिपाठी इंटर कॉलेज विजयीपुर फतेहपुर में भव्य आयोजन किया गया।जिला विधिक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन समय समय पर विभिन्न स्थानों मे डी एल एस ए सचिव प्लास गांगुली के निर्देश पर होता चला आ रहा,जिसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक, पिछडों, दलितों, शोषितों, वांचितों को जागरूक करना है।वहीं आज विद्यालय में उपस्थित समस्त छात्र एवं छात्राओं को संविधान के मौलिक अधिकार, शिक्षा का अधिकार, महिला सुरक्षा, निःशुल्क विधिक सहायता, बाल विवाह, साइबर क्राइम, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्पलाइन नंबर, महिला सशक्तिकरण, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, वृद्धा पेंशन व सड़क सुरक्षा एवं सरकार की अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई है ' कार्यक्रम में उपस्थित पीएलवी दिलिप अग्रहरि, पीएलवी अनीता वर्मा एवं प्रधानाचार्य व शिक्षक गण मौजूद रहे।

## अवैधशस्त्र के साथ एक गिरफ्तार

**बांदा**।थाना नरैनी पुलिस ने अवैध बंदूक के साथ ताजुद्दीन पुत्र युनुस निवासी ग्राम कबौली थाना नरैनी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से अवैध एकनाली देशी बंदूक व कारतूस बरामद हुआ है। थाना नरैनी पुलिस ने गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम कबौली से एक आरोपी को अवैध बंदूक व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

## अवैध रुप से अर्जित 80 हजार की संपत्ति कुर्क

**बांदा**। थाना कोतवाली देहात के ग्राम जौरही के रहने वाले आरोपी निरंजन पुत्र स्वयंबर सिंह ने आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहकर अवैध रुप से अर्जित की 80 हजार रुपए की अवैध चल सम्पत्ति को कुर्क किया गया है।विवेचना प्रभारी निरीक्षक मटौंध दीपेंद्र सिंह ने संपत्ति की पहचान कर कुर्की को न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट भेजी। पूर्व में भी 5 जून को 24 लाख रुपये की संपत्ति हारवेस्टर को कुर्क किया जा चुका है। निरंजन पर लूट, जबरन वसुली, गुंडा एक्ट आदि डेढ़ दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

## दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास और अर्थ दंड लगा

बहराइच। थाना कोतवाली देहात पुलिस को लिखित सूचना दी गई कि वादी की पोती (पीड़िता) ने अंग्रेजी दवा - नींद व बी.पी. की गोलियाँ खा लीं, जिससे उसकी तबीयत खराब होने लगी तथा वह बेहोश होने लगी।इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल, बहराइच ले जाया गया। जहाँ इलाज के दौरान पीड़िता ने बताया कि विपक्षी शुभम पाण्डेय पुत्र संतोष कुमार पाण्डेय, निवासी ग्राम सदुल्लापुर, थाना मोहम्मदपुर खाला, जनपद बाराबंकी, करीब 01 वर्ष से पीड़िता को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर दुष्कर्म कर रहा था। मना करने पर वह उसे प्रताड़ित करता था। जिससे परेशान होकर पीड़िता ने अपनी जान देने के लिए दवाइयाँ खा ली थीं।जिसके संबंध में थाना को0देहात में अभियुक्त शुभम पाण्डेय उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 323/2020 धारा 376 आईपीसी पंजीकृत किया गया । तत्कालीन विवेचक उ0नि0 प्रबोध कुमार द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आरोप *श्रीमान् पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ* के आदेश के क्रम एवं *पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव* के निर्देशन में ₹ऑपरेशन कन्विक्शन'' के अन्तन्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही की गयी।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

जिला संवाददाता

**बहराइच**। पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष, प्रतिसार निरीक्षक तथा शाखा प्रभारी

**●दिए गये आवश्यक निर्देश**

उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।महोदय द्वारा कहा गया कि पीड़ितों को शीघ्र एवं प्रभावी न्याय दिलाने हेतु बेहतर पुलिसिंग आवश्यक है। जिसके दृष्टिगत समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक पीड़ित के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा उनकी शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु रात्रि गश्त को नियमित एवं प्रभावी बनाए जाने पर विशेष जोर दिया गया। थानों पर लंबित विवेचनाओं, विशेषकर एससी/एसटी एक्ट, महिला संबंधी अपराधों एवं पॉक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कार्ययोजना बनाकर गुण-दोष के आधार पर उनका शीघ्र निस्तारण करने, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही महिला संबंधी अपराधों एवं पॉक्सो एक्ट के मामलों में प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने पर विशेष बल दिया गया। महोदय द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को जनप्रतिनिधियों से सतत संवाद बनाए रखने तथा ग्राम प्रधानों, सम्भ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रहरियों एवं पुलिस मित्रों के साथ समय-समय पर गोष्ठियां आयोजित कर आपसी समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (सीपीयू) के माध्यम से संचालित विभिन्न अभियानों को प्रभावी ढंग से संचालित करने, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों से नियमित संपर्क स्थापित करने, संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा साइबर अपराध, नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा एवं सामाजिक जागरूकता संबंधी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त अवैध मादक पदार्थों, अवैध खनन, चोरी, पशु तस्करी एवं अवैध शस्त्र तस्करी जैसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को डायल-112 के अन्तर्गत संचालित पीआरवी वाहनों के रूट की समीक्षा कर नियमित एवं प्रभावी पेट्रोलिंग व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने



हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही आईजीआरएस एवं अन्य प्रार्थना-पत्रों का समयबद्ध निस्तारण, जांच की गुणवत्ता में सुधार तथा असंतुष्ट फीडबैक को न्यूनतम करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि थानों पर नियुक्त समस्त कर्मियों का सम्मेलन रजिस्टर एवं प्रार्थना-पत्र रजिस्टर अद्यतन रखा जाए तथा अभिलेखों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए।साथ ही थानों पर नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों द्वारा प्रशिक्षण अवधि के दौरान अनुशासन, कार्यकुशलता एवं पुलिस कार्यों में सक्रिय सहभागिता हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई तथा उन्हें बेहतर पुलिसिंग के लिए प्रेरित किया गया।इसके अतिरिक्त रिक्रूट आरक्षियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के दृष्टिगत थानों पर खेलकूद की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही वर्तमान में प्रचलित कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के प्रशिक्षण के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।महोदय द्वारा यक्ष एप, ई-सम्मन एवं ई-साक्ष्य प्रणाली की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित को इनका प्रभावी एवं समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।साथ ही डिजिटल पुलिसिंग को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सभी पोर्टलों एवं तकनीकी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।इसके अतिरिक्त सीएम डैशबोर्ड, सीसीटीएनएस, सिटिजन सर्विसेज एवं विभिन्न पोर्टलों की समीक्षा करते हुए रैंकिंग सुधार एवं समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निस्तारित करने तथा थाना स्तर पर प्रभावी जनसुनवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया, जिससे शिकायतकताओं को मुख्यालय आने की आवश्यकता न हो। श्रावण मास, कांवड़ यात्रा एवं आगामी पर्व-त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु महोदय द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, नियमित रूट मार्च एवं फ्लैग मार्च करने, पीस कमेटी की बैठकें आयोजित कर आयोजकों, धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों से सतत समन्वय बनाए रखने तथा सोशल मीडिया पर प्रभावी निगरानी रखते हुए अफवाह फैलाने एवं आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध त्वरित वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## सड़क हादसे के बाद कार में लगी आग, दो लोग जिंदा जले

**कानपुर**। कानपुर देहात जिले के डेरापुर में सोमवार तड़के कानपुर-इटावा राजमार्ग पर सीएनजी से चलने वाली एक कार के रोड डिवाइडर से टकराने के बाद उसमें आग लग गई, जिससे दो लोगों की जलकर मौत हो गई।पुलिस के अनुसार, यह हादसा डेरापुर के मुंगीसापुर के पास हुआ, जब दिल्ली से लौट रही कार का ड्राइवर शायद गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा और कार डिवाइडर से जा टकराई।एक पुलिस अधिकारी ने आशंका जताई कि टक्कर के कारण कार के सीएनजी टैंक में धमाका हुआ, जिससे कुछ ही पल में कार आग की लपटों में घिर गई। आग इतनी तेज़ी से फैली कि कार में सवार लोग अंदर ही फँस गए और बाहर नहीं निकल पाए। दमकलकर्मियों को आग पर काबू पाने में लगभग 90 मिनट लगे, जिसके बाद कार से दो बुरी तरह जले हुए शव बरामद किए गए।डेरापुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान बर्रा निवासी ओम शुक्ला (23) और कार चला रहे गुरप्रीत सिंह ढिल्लों के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि जली हुई कार से मिले आधार कार्ड की मदद से उनकी पहचान की पुष्टि की गई।

ओम शुक्ला दोपहिया और कार मरम्मत की दुकान चलाता था। पुलिस के मुताबिक, दोनों ऑटोमोबाइल स्पेयर पार्ट्स खरीदने के लिए दिल्ली गए थे और कानपुर लौटते समय यह हादसा हुआ। सिंह ने आगे बताया कि कार में आग की सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे। सीओ ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और यातायात बहाल करने के लिए जली हुई कार को राजमार्ग से हटाया गया। उन्होंने कहा कि हादसे की वजह की जांच की जा रही है।

### माफियाओं के आतंक से त्रस्त महिला पहुंची डीएम की चौखट

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम खिरिया विनैका निवासी एक असहाय महिला ने गांव के कुछ दबंगों और कथित भू-माफियाओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। महिला ने सोमवार को डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर आरोप लगाया कि गांव के दबंग लंबे समय से गरीब और असहाय लोगों की जमीनों पर अवैध कब्जा कर रहे हैं।विरोध करने पर मारपीट, धमकी और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं।पीड़िता ने दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। ग्राम खिरिया विनैका निवासी श्रीबाई पत्नी स्व. रामप्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि गांव के दबंग लोग एक संगठित गिरोह क्षेत्र में सक्रिय किये है।

आरोप है कि उक्त लोग दबंगई के बल पर करीब 100 एकड़ से अधिक भूमि पर अवैध कब्जा कर चुके हैं और गरीब परिवारों को लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। आरोप है कि आरोपियों ने पूर्व में उनके घर में घुसकर खराद मशीन का डीजल इंजन, साइफन, आठ बोरे, बढ़ईगिरी के औजार, दो तख्त तथा गेहूं रखने की टंकी चोरी कर ली थी। शिकायत के बावजूद अब तक चोरी गया सामान बरामद नहीं कराया गया और न ही किसी आरोपी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हुई।

# सीएम का आगमन आज , इन रास्तों पर भारी वाहनों की नो-एंट्री

जिला संवाददाता

**बहराइच**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आज (21 जुलाई) प्रस्तावित बहराइच दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन ने व्यापक ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया है।

महसी तहसील के बेड़नापुर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम के मद्देनजर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक सीतापुर मार्ग सहित कई प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।यातायात पुलिस के अनुसार, सीतापुर, लखीमपुर, नानपारा, मटेरा, रिसिया और नगर क्षेत्र से आने-जाने वाले भारी वाहनों को निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा। सीतापुर से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहन रमपुरवा चौराहाझसेमगढ़ा चौराहाझकुंडासर मार्ग से होकर गुजरेंगे, जबकि बहराइच आने वाले भारी वाहनों को राजी चौराहा और रामगांव मोड़ के रास्ते भेजा जाएगा।लखीमपुर, नानपारा, मटेरा, आसाम रोड और रिसिया की ओर से आने वाले भारी वाहनों के लिए भी अलग-अलग डायवर्जन मार्ग निर्धारित किए गए हैं। वहीं नगर क्षेत्र से सीतापुर की ओर जाने वाले भारी वाहनों को रामगांव मोड़ से डायवर्ट किया जाएगा।प्रशासन ने बताया कि एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहनों को डायवर्जन व्यवस्था से छूट रहेगी।यातायात पुलिस ने नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले डायवर्जन व्यवस्था की जानकारी लेकर

# सदर विधायक ने विकास परियोजनाओं का शिलान्यास

जिला संवाददाता

बांदा। जनपद के समग्र विकास व बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया।विकास खंड महुआ के ग्राम पंचायत अनथुवा में लगभग 41 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन, बारात घर का भी भूमि पूजन किया। यह भवन ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।इसके उपरांत नगर पालिका परिषद बांदा के अंतर्गत



मोहल्ला खुटला स्थित कालका देवी मंदिर परिसर के समग्र अवस्थापना विकास कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। लगभग 172 लाख की लागत से होने वाले इस महत्वाकांक्षी कार्य में तालाब का सुंदरीकरण, भव्य कला मंच का निर्माण, शौचालय निर्माण, अतिथि गृह गेस्ट हाउस का निर्माण, आकर्षक मुख्य द्वार का निर्माण कराया जाएगा। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में बांदा सदर विधानसभा में विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहे हैं। धार्मिक स्थलों का विकास, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, जनसुविधाओं को सुदृढ़ करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू ने कहा कि नगर के धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों का विकास नगर पालिका की प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यक्रम में ममता मिश्रा, राजभवन उपाध्याय, पंकज रैकवार, पुष्कर द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि (ग्रामीण) शैलेन्द्र सिंह शैलू, रामललन द्विवेदी, विनय कुशवाहा, महाराजनारायण द्विवेदी, द्वारिका सोनी, राजू मसुरहा, राकेश गुप्ता दद्दू, रज्जन गुप्ता, अंकित बासू, शीलू लखेरा, कुलदीप नामदेव, दिनेश शुक्ला,राजपूत, विष्णूदत्त पाठक और अन्य भाजपा कार्यकर्ता व नगर पालिका के सभासद मौजूद रहे।

## बारिश से गांव और शहर हुआ पानी- पानी



**बांदा**।हल्की बारिश से शहर के विभिन्न हिस्सों में जलभराव से लोग परेशान हो रहे हैं।शहर के प्रकाश टाकीज के सामने गली में, नटराज स्कूल के पास, वार्ड नंबर-20 सेढू तलैया नाला थोड़ी देर की बारिश में ही पूरी तरह से टापू बन गया। इसी तरह बांदा-कर्वी मार्ग पर बरछा ब गांव मे स्थित सरकारी विद्यालय, महाविद्यालय जैसे शिक्षण विद्यालय ही नही बैंक और मस्जिद जाने के मार्ग में जलभराव होने से छात्र-छात्राएं भरे पानी से होकर विद्यालय जा रहे हैं।इस दौरान कन्या जूनियर और बालिका इंटर कालेज की छात्राये पानी मे फिसल कर गिर जाती है।कंधे में टंगे बस्ते में भरी किताबे भीग जाती है।बैंक में आई महिलाओ के लिए रास्ते मे भरा पानी मुसीबत से कम साबित नही होता।अभिभावकों ने कई बार ग्राम प्रधान और सचिव से मार्ग दुरुस्तीकरण की मांग कर चुके है। इसके बावजूद सचिव और प्रधान से अभिभावकों को आश्वासन के अलावा कुछ नही मिल सका है। अभिभावकों ने शीघ्र मार्ग दुरुस्तीकरण की मांग की है।

## बैंक चेकिंग अभियान, सुरक्षा उपकरणों की हुई जांच



**बांदा**। जनपदभर में प्रमुख बैंक शाखाओं में विशेष बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया।थाना क्षेत्रों में पुलिस ने एटीएम, बैंक शाखाओं, वित्तीय संस्थाओं को चेक किया। चेकिंग के दौरान एटीएम, बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म, अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया।24 घंटे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने को निर्देशित किया गया।पुलिस ने बैंक सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े करने को कहा जिससे आने-जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो ।इस दौरान एटीएम, बैंकों के आसपास अनावश्यक संदिग्ध रुप से टहल रहे व्यक्तियों, संदिग्ध रुप से खडे वाहनों की भी चेकिंग कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई।

# मुठभेड़ में दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर** । शहर के सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के मदारीपुर रोड के पास सोमवार तड़के पुलिस टीम की आरोपी ओवैश रजा से मुठभेड़ हो गई। बताया जा रहा है कि तड़के करीब 5 बजे कोतवाल अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और वांछित अभियुक्त की तलाश में मौजूद थे, तभी एक संदिग्ध युवक सड़क किनारे आता दिखाई दिया।आरोपी व उसके खिलाफ दर्ज मुकदमा गिरफ्तार युवक की पहचान ओवैश रजा लगभग 25 वर्ष पुत्र अनीस निवासी गांव अंदौली, थाना राधानगर, जनपद फतेहपुर कोतवाली में आरोपी के खिलाफ एक पूर्व मुकदमा भी दर्ज है और उसके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।मुठभेड़ की पूरी स्थितिपुलिस टीम ने संदिग्ध युवक को रोकने का प्रयास किया तो उसने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी



कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के बाएं पैर में लगी, जिससे वह सड़क किनारे घायल होकर गिर पड़ा और मौके पर ही दबोच लिया गया।पुलिस ने उसे तत्काल हिरासत में लेकर प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां उसकी सुरक्षा के बीच इलाज चल रहा है।अवैध हथियार की बरामदगीपुलिस टीम ने मुठभेड़ स्थल की तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से अवैध .315 बोर का तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।एसपी अभिमन्यु मांगलिक का बयानपुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि अंदौली निवासी ओवैश रजा दुष्कर्म और आईटी एक्ट के मामले में वांछित चल रहा था।

## कुल्हाड़ी से युवक के हाथ काटने के मामले में दो और आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



**महोबा**। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने में सफलता प्राप्त की है। बता दें कि कि दिनांक 14 जुलाई 2026 को जयवेन्द्र सिंह उर्फ विक्की ठाकुर पुत्र बाबू सिंह निवासी समदनगर, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा पर धारदार हथियार कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया गया था।इस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर धारा 191(2)/191(3)/109(1)/118(2)/3(5) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के संबंध में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य अभियुक्त रोहित कुमार सहित सह अभियुक्त नादिर एवं अभिषेक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया था, जबकि शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश एवं प्रयास किए जा रहे थे।इसी क्रम में आज दिनांक 20 जुलाई 2026 को पुलिस टीम ने शेष दोनों वांछित अभियुक्त राजेश उर्फ छोटू उर्फ छुद्दू पुत्र रामस्वरूप बेडिया उम्र लगभग 27 वर्ष एवं शिव प्रताप सिंह परमार पुत्र जनार्दन उर्फ भूरा सिंह उम्र लगभग 27 वर्ष को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## 2 430 सीटो पर चुनाव लड़ेगी लोजपा

**फतेहपुर** । लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासी का जोरदार स्वागत किया गया।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासी ने कहा की उत्तर प्रदेश में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास अलग-अलग जनपदों में दलित चौपाल कार्यक्रम का आयोजन कर रही है जिसके तहत अलग-अलग जनपदों में जाकर आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में लोजपा रामविलास 403 सीटों पर अकेले दम पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी और लोग जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में 2027 में सरकार बनाने का काम करेगी। उन्होंने कहा दलित चौपाल के माध्यम से समाज के लोगों को संगठित किया जा रहा है। जिस तरीके से सपा के द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों को लक्ष्य बना कर परेशान किया जा रहा है आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में दलित चौपाल के माध्यम से दलित समाज के लोगों को संगठित किया जा रहा है जो लोजपा रामविलास के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी को मजबूत करेंगे और लोजपा रामविलास के प्रत्याशियों को जिताएंगे इस अवसर पर प्रदेश सचिव कमलाकान्त तिवारी, जिला अध्यक्ष राजू पासवान, कमलेश मिश्रा, रमेश पासवान, शिव बहादुर,आजाद, सतीश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# यातायात नियम तोड़ने पर 54 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन की रिपोर्ट

बिजनौर। यातायात सीओ के निर्देशन में सोमवार को जनपदभर में यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सघन अभियान चलाया।प्रमुख चैराहों और संवेदनशील मार्गों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान के दौरान विभिन्न अनियमितताएं मिलने पर 54 वाहनों के खिलाफ कार्रवाही की गई।

यातायात पुलिस द्वारा पूरे जनपद में सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों तथा चालकों के विरुद्ध निरंतर सख्त प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है।सोमवार को अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, बुलेट मोटरसाइकिलों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने, प्रेशर हॉर्न एवं हूटर का प्रयोग करने तथा फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी रवि नैन के अनुसार जनपद में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले



कुल 54 ड्राइविंग लाइसेंस को निलंबित करने हेतु सक्षम अधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित की गई है।इनमें बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले के 46 मामले, ड्रंकन एंड ड्राइविंग (शराब पीकर वाहन चलाने) के 07 मामले, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाली श्रेणी में 01 ड्राइविंग लाइसेंस शामिल हैं।यातायात पुलिस ने आम जनमानस से अपील करते हुए है कि सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पूरी तरह से पालन करें। सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाये और शराब पीकर वाहन बिल्कुल न चलाये नियमों का उल्लंघन करने पर न केवल भारी जुमार्ना लगाया जाएगा, बल्कि आपका ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन का पंजीकरण भी हमेशा के लिए रद्द/निलंबित किया जा सकता है।

# बारिश होने से तापमान में आई गिरावट लोगों को मिली गर्मी से राहत

**नगीना, बिजनौर**। क्षेत्र में रुक-रुक कर हुई बारिश ने कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोगों को बड़ी राहत दिलाई। रविवार से ही आसमान में बादलों का डेरा बना रहा और बीच-बीच में हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला चलता रहा।

सोमवार की सुबह बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं से मौसम पूरी तरह सुहाना हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। पिछले कई दिनों से तेज धूप और उमस भरी गर्मी के कारण लोग परेशान थे। घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था और बिजली की बढ़ती खपत के बाद बाजारों और सार्वजनिक स्थानों चलते लोग अतिरिक्त परेशानी झेल रहे थे। सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली तो लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश का सबसे अधिक लाभ किसानों को मिल रहा है। किसानों का कहना है कि इस वर्षा से धान, गन्ना, मक्का, सब्जियों और अन्य यदि लगातार अत्यधिक बारिश हुई तो खरीफ फसलों को नमी मिलेगी, जिससे फसलों की बढ़वार में मदद मिलेगी। हालांकि किसानों ने यह भी कहा कि जलभराव की समस्या भी पैदा हो सकती है, इसलिए संतुलित वर्षा ही फसलों के लिए सबसे अधिक लाभकारी रहेगी। बारिश के कारण क्षेत्र के कुछ इलाकों और मुख्य मार्गों पर पानी भर गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को कुछ देर के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में अगले कुछ दिनों तक बादल छाए रहने तथा रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना बताई जा रही है।

## आज से 23 कोच के साथ चलेगी स्पेशल ट्रेन

बांदा। प्रयागराज से चलने वाली स्पेशल ट्रेन बुधवार रात 11:10 बजे बांदा पहुंचेगी और 11:15 बजे रवाना होगी। स्पेशल ट्रेन में कुल 23 आईसीएफ कोच होंगे। 7 सामान्य, 11 स्लीपर, 2 एसी थर्ड, 1 एसी सेकेंड और 2 एसएलआर डी कोच शामिल रहेंगे, जिससे विभिन्न श्रेणी के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। यह विशेष ट्रेन प्रयागराज, शंकरगढ़, मानिकपुर, चित्रकूट धाम, बांदा, महोबा, खजुराहो, छतरपुर, टीकमगढ़, ललितपुर, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, काजीपेट, सिकंदराबाद, गुंटकल, अनंतपुर, धर्मावरम, हिंदूपुर और येलहंका होते हुए यशवंतपुर पहुंचेगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस ट्रेन के संचालन से बांदा और बुंदेलखंड क्षेत्र के यात्रियों को दक्षिण भारत की यात्रा में बड़ी सुविधा मिलेगी।

## परिवार परामर्श केंद्र ने दो परिवारों को टूटने से बचाया



**बहराइच**। आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी

# सेंसेक्स में 443 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ मार्जिन संबंधी दबाव को लेकर एचडीएफसी और एक्सिस बैंक जैसे प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 443 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 96 अंक के नुकसान में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 442.93 अंक यानी 0.57 प्रतिशत टूटकर 77,708.52 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 783.16 अंक टूटकर 77,368.29 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 95.80 अंक यानी 0.39 प्रतिशत टूटकर 24,238.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में, एक्सिस बैंक सबसे अधिक नुकसान में रहा। बीते शनिवार को तिमाही नतीजों के बाद इसमें 5.48 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं एचडीएफसी बैंक में 5.12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एचडीएफसी बैंक ने खासकर शुद्ध ब्याज मार्जिन के मोर्चे पर निराश किया है। मारुति, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और भारती एयरटेल शामिल हैं। भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। इसका कारण पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी शेयरों की अगुवाई में बिकवाली के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। एचडीएफसी बैंक में तेज गिरावट ने नुकसान को और बढ़ा दिया। उम्मीद से कमजोर शुद्ध ब्याज मार्जिन ने निवेशकों को निराश किया। इससे बैंक क्षेत्र और शेयर बाजार पर दबाव पड़ा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 88.06 डॉलर प्रति बैरल पर पर रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में बढ़त का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को नुकसान में रहे थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 376.41 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 964.58 अंक चढ़ा था, जबकि एनएसई निफ्टी में 261.55 अंक का लाभ रहा था।

# सोना 1400 रुपये चढ़ा, चांदी में गिरावट का सिलसिला जारी



नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतों में 1,400 रुपये की तेजी आई और यह करीब 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1400 रुपये बढ़कर 146,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गया जबकि शुक्रवार को यह 1,45,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमतों में लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। चांदी 1,000 रुपये टूटकर 2,21,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले सत्र में यह 2,22,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। चांदी में 10 जुलाई के बाद से अब तक कुल 15,500 रुपये यानी करीब 6.5 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि पिछले सप्ताह की तेज गिरावट के बाद सोने में निचले स्तर पर खरीदारी देखने को मिली, जिससे इसकी कीमतों को सहारा मिला। वहीं, चांदी में बिकवाली का दबाव बना रहा, क्योंकि निवेशक भू-राजनीतिक जोखिमों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को ऊंचे स्तर पर बनाए रखने की संभावनाओं का आकलन कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने और पिछले सप्ताह की गिरावट के बाद सस्ते स्तर पर खरीदारी आने से सोमवार को सोने में तेजी आई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर में नरमी से भी विदेशी खरीदारों के लिए सोना अधिक आकर्षक बना। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ करीब 4,020 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी करीब दो प्रतिशत चढ़कर 57 डॉलर प्रति औंस के आसपास पहुंच गई। अमेरिका-ईरान तनाव के बीच मध्यस्थता के प्रयास जारी रहने से बाजार पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव एक प्रमुख कारक बना हुआ है। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ब्रेंट क्रूड 91 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया।

# बिहार विधानसभा में विकास योजनाओं को मिलेगी रफ्तार

पटना। बिहार विधानसभा के पांच दिवसीय मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 87,383.43 करोड़ रुपये का प्रथम अनुपूरक बजट सदन में पेश किया गया। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने अनुपूरक व्यय विवरणी प्रस्तुत की।

सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार, कुल 87,383.43 करोड़ रुपये के अनुपूरक बजट में 57,077.96 करोड़ रुपये वार्षिक योजनाओं के लिए, 30,265.99 करोड़ रुपये वेतन, पेंशन तथा अन्य अनिवार्य दायित्वों (स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय) के लिए प्रस्तावित किए गए हैं। अनुपूरक बजट पर विधानसभा में चर्चा के बाद इसे सदन से पारित कराया जायेगा। सरकार के अनुसार, वार्षिक योजनाओं के लिए प्रस्तावित राशि में 32,707.24 करोड़ रुपये केंद्र प्रायोजित योजनाओं तथा 24,370.72 करोड़ रुपये राज्य योजनाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं। केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन के लिए 9,335.35 करोड़ रुपये, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के लिए 3,342.12 करोड़ रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए 3,308.69 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

# रुपया 14 पैसे टूटकर 96.44 प्रति डॉलर पर



मुंबई। वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की धारणा और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच रुपया सोमवार को 14 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.44 (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका और ईरान संघर्ष बढ़ने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि से रुपये पर दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 96.53 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 96.35 से 96.53 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह 96.44 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को 12 पैसे की बढ़त के साथ 96.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। सप्ताहांत में अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ने तथा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपये में नकारात्मक रुख रहने के आसार हैं। हालांकि, दोनों देशों के बीच कूटनीतिक वार्ता रुपये में तेज गिरावट को रोक सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक का संभावित हस्तक्षेप भी निचले स्तर पर रुपये को सहारा दे सकता है। चौधरी ने बताया कि डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 96.10 से 96.70 के दायरे में रहने का अनुमान है। भू-राजनीतिक तनाव के कारण ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में हालिया तेजी से भारतीय रुपये सहित उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव पड़ा है। आरबीआई के आक्रामक और अनुमानित हस्तक्षेप ने रुपये में गिरावट को प्रभावी ढंग से सीमित किया है। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 442.93 अंक टूटकर 77,708.52 अंक पर और एनएसई निफ्टी 95.80 अंक की गिरावट के साथ 24,238.50 अंक पर बंद हुआ। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 100.81 पर रहा।

# अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत फिर चार डॉलर प्रति गैलन पर पहुंची

न्यूयॉर्क। अमेरिका और ईरान के बीच हमलों के नए दौर के बीच सोमवार को अमेरिका में पेट्रोल की औसत खुदरा कीमत फिर बढ़कर चार डॉलर प्रति गैलन पर पहुंच गई।

नियमित श्रेणी के पेट्रोल की राष्ट्रीय औसत कीमत अब चार डॉलर प्रति गैलन हो गई है। एक साल पहले यह औसतन 3.14 डॉलर प्रति गैलन थी। यह राष्ट्रीय औसत कीमत है। इसका मतलब है कि कुछ राज्यों में वाहन चालक पहले से ही चार डॉलर प्रति गैलन से अधिक कीमत चुका रहे हैं, जबकि कुछ अन्य राज्यों में कीमत इससे कम है। राज्यों के बीच पेट्रोल की कीमतों में अंतर स्थानीय आपूर्ति, कर की अलग-अलग दरों तथा अन्य कारणों से होता है। युद्ध के कारण दुनिया के अन्य देशों में भी लोग पेट्रोल की ऊंची कीमतों का सामना कर रहे हैं। मार्च के अंत में अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत पहली बार चार डॉलर प्रति गैलन से ऊपर पहुंची थी। जून के मध्य में यह इससे नीचे आ गई थी और अमेरिका तथा ईरान के बीच अंतरिम समझौता होने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से इसमें और गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, तब भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात पर नाराजगी जताई थी कि पेट्रोल की कीमतों में कच्चे तेल की तुलना में अपेक्षित तेजी से कमी नहीं आ रही है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया 119वां स्थापना दिवस




लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने 119वें स्थापना दिवस के अवसर पर लखनऊ अंचल में विभिन्न सामाजिक, पर्यावरणीय एवं ग्राहक-केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन कर इस ऐतिहासिक दिवस को उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया। वर्ष 1908 में महाराजा सर सयाजीराव गायकवाड़ द्वारा स्थापित बैंक ने इस अवसर पर समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बड़ौदा भवन, लखनऊ में महाराजा सर सयाजीराव गायकवाड़ की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर शैलेन्द्र कुमार सिंह, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, लखनऊ अंचल तथा बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत लखनऊ अंचल में निम्नलिखित प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए गए: उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर्स सम्मान समारोह: समाज एवं कानून व्यवस्था के प्रति उत्तर प्रदेश पुलिस के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अमूल्य योगदान के सम्मान में एक विशेष पेंशनर्स सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अरविन्द कुमार जैन, सेवानिवृत्त आईपीएस एवं अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पुलिस वेलफेयर इंस्टीट्यूट, अविनाश चन्द्र, सेवानिवृत्त आईपीएस तथा श्यामपाल सिंह, सेवानिवृत्त पीपीएस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अतिथियों ने उत्तर प्रदेश पुलिस वेतन पैकेज की सुविधाओं को पारिवारिक पेंशनभोगियों तक विस्तारित किए जाने की बैंक की पहल की सराहना की। उन्होंने बैंक की ग्राहक-हितैषी नीतियों, पुलिस परिवार के लिए समर्पित बैंकिंग सेवाओं की प्रशंसा करते हुए अधिकाधिक पेंशनर्स से बैंक की सेवाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविरः सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बैंक द्वारा लायंस क्लब ब्लड बडीज, अपोलो हॉस्पिटल एवं संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के सहयोग से बड़ौदा भवन, लखनऊ में रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया, वहीं उपस्थित कर्मचारियों एवं आगंतुकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण की भी व्यवस्था की गई।

# नौ बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि जून में 5.0 प्रतिशत पर, पांच माह का उच्चस्तर

नयी दिल्ली। देश के नौ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन जून में बढ़कर पांच महीने के उच्चतम स्तर पांच प्रतिशत पर पहुंच गया।

सीमेंट, बिजली और लौह अयस्क के उत्पादन में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। जून, 2025 में बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि 1.1 प्रतिशत और मई, 2026 में 3.2 प्रतिशत रही थी। आंकड़े 2011-12 के स्थान पर 2022-23 को आधार वर्ष मानकर जारी किए गए हैं। सरकार ने सूचकांक में लौह अयस्क को शामिल किया है जिससे बुनियादी उद्योगों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। वहीं, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में 9.8-9.8 प्रतिशत तथा नई श्रृंखला के तहत सूचकांक में शामिल किए गए लौह अयस्क के उत्पादन में 43.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में इन प्रमुख क्षेत्रों का उत्पादन 3.6 प्रतिशत बढ़ा जबकि पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की समान अवधि में यह वृद्धि एक प्रतिशत रही थी।

# सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज के विजेताओं की घोषणा

वाराणसी। हमेशा से ही श्रद्धालुओं की आस्था और आकर्षण का केंद्र रहे बनारस के पुराने शहर में भक्तों की लगातार बढ़ती भीड़ के कुशल प्रबंधन, आम लोगों की पहुंच को बेहतर बनाने के लिये इनोवेटिव मोबिलिटी और कुशल भीड़ प्रबंधन के सर्वोत्तम सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से शुरू किये गये सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज वाराणसी के विजेताओं के नामों की घोषणा कर दी गयी है। वाराणसी नगर निगम के नेतृत्व में टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन (टीएमएफ), चैलेंज वर्क्स और डब्ल्यू आर आई इंडिया के सहयोग से शुरू किये गये सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज में सिटीडेटा.एआई और निप्पोन कोए के सिटीफ़्लो तथा द अर्बनाइजर के जनजात्रा को विजेता के तौर पर चुना गया है। इन विजेताओं को काशी में अपने समाधानों को आगे बढ़ाने के लिये वित्तीय और परामर्शी सहयोग मिलेगा। इसके अलावा वोजिक एआई के बेहतर वे और प्रमेया कंसल्टिंग के नयी चाल को वाराणसी में अधिक समावेशी और दक्षतापूर्ण मोबिलिटी सुनिश्चित करने की दिशा में अपने योगदान के लिये ऑनरेबल मेंशंस के तौर पर मान्यता दी गयी है।

## संक्षेप

### फिक्की फ्लो की दो दिवसीय दूसरी गवर्निंग बॉडी मीटिंग का उद्घाटन

हैदराबाद। फिक्की फ्लो (फिक्की महिला संगठन) की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा गर्ग के नेतृत्व में, देश में महिला उद्यमियों के शीर्ष संगठन फिक्की फ्लो की वर्ष 2026-27 के लिए दूसरी गवर्निंग बॉडी मीटिंग का उद्घाटन हैदराबाद में सफलतापूर्वक शुरू हुई। यह दो दिवसीय कार्यक्रम फ्लो हैदराबाद अध्याय द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के 25 वर्ष पूरे होने के उत्सव का हिस्सा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण 'रजत जयंती समारोह' था, जिसमें तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। हैदराबाद अध्याय को 25 वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हुए, राज्यपाल ने महिला उद्यमिता, नेतृत्व, कौशल विकास और सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देने में फिक्की फ्लो के निरंतर प्रयासों की सराहना की।

### जियोस्टार इस फेस्टिव सीजन को बनायेगा और भी बिग

मुंबई। जियोस्टार देश के सबसे बड़े रियलिटी एंटरटेनमेंट फ्रेंचाइजी बिग बॉस के छह संस्करणों–हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बांग्ला–को लॉन्च करने जा रहा है। पहली बार देशभर के दर्शक एक साथ विभिन्न भाषाओं में बिग बॉस का रोमांच, ड्रामा और फैनडम अनुभव करेंगे, जो भारतीय रियलिटी मनोरंजन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। सितंबर 2026 से ये सभी संस्करण जियोस्टार के टेलीविजन नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित किए जाएंगे। इस भव्य आयोजन को और खास बनायेगी शो की प्रतिष्ठित होस्ट्स की टीम–सलमान खान, विजय सेतुपति, किच्चा सुदीप और मोहनलाल–जो अपने-अपने क्षेत्रों में बिग बॉस का पर्याय बन चुके हैं। इस बार बंगाल के गौरव और देश के प्रिय दादा सौरव गांगुली भी इस फ्रेंचाइजी से जुड़ रहे हैं, जिससे इसकी स्टार पावर और मजबूत होगी।

### आरएमएल हॉस्पिटल्स में मिल रहे हैं रोबोटिक जी.आई सर्जरी प्रोग्राम के बेहतरीन नतीजे

नयी दिल्ली। आरएमएल हॉस्पिटल्स में 400 से अधिक रोबोटिक गैस्ट्रोइंटेस्टाईनल सर्जरी की जा चुकी हैं। यह पब्लिक हैल्थकेयर सिस्टम में एडवांस्ड गैस्ट्रोइंटेस्टाईनल केयर के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हॉस्पिटल में दा विंची सर्जिकल सिस्टम अपनाए जाने से रोबोटिक गैस्ट्रोइंटेस्टाईनल सिस्टम का धीरे-धीरे विस्तार हुआ और यह कुछ जटिल मामलों से एक विस्तृत सेवा में विकसित होता गया। आज इस सिस्टम द्वारा हेपेटोबिलियरी, कोलोरेक्टल, अपर गैस्ट्रोइंटेस्टाईनल और बैरियाट्रिक सर्जरी की जाती है, ताकि ज्यादा से ज्यादा मरीजों को मिनिमली इन्वेजिव प्रक्रियाओं का लाभ मिल सके।

### जी5 ने पेश की बहुभाषी स्लेट

नई दिल्ली। जी5 ने नई पीढ़ी के दर्शकों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई कहानियां, रचनाकारों और फॉर्मेट्स के अपने अब तक के सब से महत्वाकांक्षी बहुभाषी प्रदर्शन की प्रस्तुति की है। हिन्दी, तमिल, तेलुगु, मराठी, मलयालम, कन्नड़ और बांग्ला भाषा में फैला यह मंच मूवीज, सीरीज, लाइव स्पोर्ट्स, एआई संचालित स्टोरीटेलिंग, एनिमेशन और किड्स एंटरटेनमेंट के व्यापक लाइन अप को एक जगह लाता है। मनोरंजन निडर, सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा हुआ और अनदेखा नहीं किया जा सके ऐसा होना चाहिए, इस दृढ़ विश्वास पर बनी यह नई स्लेट जी5 का दीर्घकालिक विजन दर्शाती है, जिसका उद्देश्य ऐसी कहानियाँ रचना है जो केवल मनोरंजन करने के बजाय संवाद शुरू करें, संस्कृति को गढ़ें और भाषाओं तथा सीमाओं के पार पहुँचें। प्रतिष्ठित फ्रेंचाइजीस और प्रीमियम ओरिजिनल्स से लेकर नए फॉर्मेट्स बनाने तक, जी5 भारत और दुनिया भर के दर्शकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और गहरा करने के साथ-साथ स्टोरीटेलिंग की सीमाओं का विस्तार करना जारी रख रहा है। जी5 की स्लेट को असाधारण क्रिएटिव पार्टनर्स का साथ मिला है, जिसमें भारत के कुछ सबसे प्रसिद्ध स्टूडियो, फिल्ममेकर्स और स्टोरीटैलर्स शामिल हैं।

## पेज एक का शेष

### लखनऊ के

स्थित एक कार्यालय में लगी थी। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग बुझाने के अभियान में जिले से कुल 15 दमकल वाहन तैनात किए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि एहतियात के तौर पर इमारत में मौजूद सभी लोगों को बाहर निकाल दिया गया है। जवाहर भवन में आम लोगों का प्रवेश बिना पास के प्रतिबंधित है। अधिकारियों के अनुसार, घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी. ने संवाददाताओं को बताया कि जवाहर भवन में काम करने वाले कर्मचारियों ने जानकारी दी कि चौथी मंजिल पर आग लगी है। उन्होंने कहा इस भवन और आस-पास के दूसरे भवनों को पूरी तरह खाली करा लिया गया है। अग्निशमन दल की टीम मौके पर मौजूद है और उन्होंने स्थिति को पूरी तरह काबू में कर लिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जांच के बाद ही आग लगने की वास्तविक वजह का पता चल सकेगा।

### जम्मू कश्मीर

सुरक्षा कर्मी और स्थानीय स्वयंसेवक शामिल हैं। जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 20 जुलाई को मृतकों के परिजनों के लिए छह लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस राहत पैकेज में राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से चार लाख रुपये और मुख्यमंत्री राहत कोष से दो लाख रुपये शामिल हैं। मौसम विभाग ने 23 जुलाई तक जम्मू और कश्मीर में मध्यम से भारी बारिश का अनुमान लगाया है। अब्दुल्ला ने 19 जुलाई को सभी जिला प्रशासनों को 24 जुलाई तक हर छह घंटे में स्थिति रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था।

### यूपी में 24

पुवायां (शाहजहांपुर) में 150.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आने वाले मजबूत मानसूनी प्रवाह के कारण उत्तर प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है और इस दौरान अनेक स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने 21 जुलाई से 25 जुलाई तक दक्षिणी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। आईएमडी के अनुसार, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद और जालौन में भी भारी से बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान जताया गया है।

### सपा-कांग्रेस

दिव्य-भव्य बन गई है। देश से जो भी काशी व अयोध्या आता है, हमें भी धन्यवाद देकर जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हॉकी में 36 वर्ष बाद भारतीय टीम ने ओलंपिक में पदक जीता लेकिन उससे पहले मेजर ध्यानचंद व केडी सिंह बाबू के समय भारत ने लगातार तीन बार स्वर्ण पदक जीता था। जिस खिलाड़ी ने हॉकी को पूरा जीवन दिया, उन केडी सिंह बाबू की हवेली बिक जाए, हमारी सरकार यह कतई स्वीकार नहीं करेगी। हमने तय किया कि वहां संग्रहालय का निर्माण होगा। सीएम ने अमेरिका के न्यू जर्सी में हुए फीफा विश्वकप का भी जिक्र करते हुए कहा कि स्पेन व अर्जेंटीना के मैच को देखकर लोगों में गजब का उत्साह था। ऐसे ही जब हॉकी चलती है तो भारत की निगाहें उस पर रहती हैं। मेजर ध्यानचंद व केडी सिंह बाबू ने इसे नई ऊंचाई दी थी। सीएम ने कहा कि विरासत के संरक्षण व सनातन मूल्यों के रक्षा के लिए महापुरुषों ने योगदान दिया। राजा बलभद्र सिंह, लाखन पासी, बिजली पासी, महाराज सुहेलदेव, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोविंद सिंह ने देश को गुलामी से मुक्त कराने के लिए योगदान दिया। सुहेलदेव ने जहां सालार मसूद को मारा था, हमारी सरकार ने बहराइच में वहीं उनका भव्य स्मारक बनाया है। देश के लिए योगदान व सनातन के लिए समर्पण देने वाले महापुरुषों को सरकार ने सम्मान दिया है। सनातन की सुदृढ़ नींव पर ही हमारा भविष्य सुरक्षित होगा। सनातन सुरक्षित है तो हम सभी सुरक्षित हैं। सनातन पर खतरा आया तो कोई बच नहीं पाएगा।

### नाइट सफारी

12.50 लाख परिवारों का सर्वेक्षण किया गया है। इनमें लगभग 9 लाख परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र पाए गए हैं, जबकि लगभग 5 लाख परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाभान्वित किया जाना है। इसके अतिरिक्त 6.67 लाख परिवारों के पास अभी आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नहीं हैं। इनमें से लगभग 5 लाख लोगों का भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण हो चुका है, जबकि शेष पात्र परिवारों का पंजीकरण कराया जा रहा है। साथ ही 10.60 लाख परिवारों के एक सदस्य को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश की प्रमुख एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 88.45 प्रतिशत, झांसी लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 72.71 प्रतिशत, आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 63 प्रतिशत तथा जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 59.35 प्रतिशत भूमि उपलब्ध कराई जा चुकी है।

### बाढ़ हो या

जनपद की स्थिति अलग है, इसलिए राहत एवं बचाव की रणनीति भी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जनपदों में सामान्य से कम वर्षा हुई है, वहां कृषि गतिविधियां प्रभावित नहीं होनी चाहिए। नहरों, जलाशयों, राजकीय नलकूपों तथा अन्य उपलब्ध सिंचाई संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। बोआई एवं सिंचाई के रियल टाइम आंकड़ों की नियमित समीक्षा कर किसानों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराई जाए। जहां वर्षा की कमी के कारण बोआई प्रभावित होने की आशंका है, वहां कृषि एवं सिंचाई विभाग संयुक्त कार्ययोजना बनाकर तत्काल राहत उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कम वर्षा वाले क्षेत्रों में किसानों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही अधिक वर्षा वाले जिलों में बाढ़ राहत एवं बचाव की तैयारियां पूरी सतर्कता के साथ संचालित की जाएं।

### कॉजपा के

और संसद की ओर बढ़ने लगे, जो जंतर-मंतर प्रदर्शन स्थल से करीब एक किलोमीटर दूर है। पूर्वाह्न करीब 11:25 बजे, भारत माता की जय वंदे मातरम और इंकलाब जिंदाबाद के नारों के बीच, प्रदर्शनकारियों ने अति सुरक्षा वाले क्षेत्र में एहतियातन लगाए गए कई अवरोधकों को पार करने की कोशिश की, जिससे धक्का-मुक्की जैसी स्थिति पैदा हो गई। भीड़ में मौजूद उपद्रवियों ने वस्तुएं भी फेंकीं, जिससे पुलिस समेत कई लोग घायल हो गए। कई प्रदर्शनकारी घायल हुए और कई पुलिसकर्मी खून से लथपथ दिखे।

### भारी बारिश

रूपेश कुमार ने यहां पत्रकारों को बताया कि मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने हबीबपुर गांव का दौरा किया, जहां रविवार रात एक मकान गिरने से उसके मलबे में दबकर चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी।

### भारी बारिश

वहां उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। उनके लिए सुरक्षित आवास, भोजन, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सा सुविधा, दवाइयों और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ-साथ नियमित निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।

इधर, यात्रा मार्गों को जल्द से जल्द बहाल करने के लिए लोक निर्माण विभाग, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े विभाग, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें संयुक्त अभियान चला रही हैं। जेसीबी और अन्य मशीनों की मदद से मलबा हटाने का कार्य लगातार जारी है, जबकि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग लगातार मौसम की गतिविधियों और सड़कों की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। जिलों से मिल रही रिपोर्टों के आधार पर स्थिति की नियमित समीक्षा की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मौसम में सुधार और मार्गों के सुरक्षित होने की पुष्टि के बाद ही चारधाम यात्रा को पुनः शुरू करने का निर्णय लिया जाएगा।

प्रशासन ने यात्रा मार्गों पर रुके श्रद्धालुओं से संयम बनाये रखने और केवल अधिकृत सूचनाओं पर ही भरोसा करने की अपील की है। राहत शिविरों में चिकित्सा दल, एंबुलेंस और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये गये हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता पहुंचायी जा सके। साथ ही श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे अगली सूचना जारी होने तक चारधाम यात्रा के लिए प्रस्थान न करें। यात्रा पर निकलने से पहले मौसम विभाग और जिला प्रशासन द्वारा जारी नवीनतम अपडेट अवश्य देखें तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक और अपुष्ट सूचनाओं से बचें।

### विराज सागर

बेस्ट जूडो का कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस महाकुम्भ की सबसे खास विशेषता यह है कि इसमें सबसे कम उम्र के जूडोका लखनऊ के गोविन्द मिश्रा वर्ष साढ़े तीन वर्ष व काशवी आयु 04 वर्ष एवं सबसे अधिक उम्र के जूडोका नोयडा के राम गोपाल आयु 69 वर्ष ने प्रतिभाग किया बल्कि पदक भी अर्जित किया है। सीनियर वर्ग के परिणाम के अनुसार पुरुष-60 किलोग्राम श्रेणी में प्रथम वासु पांडे-मुरादाबाद, द्वितीय अभिषेक दिवाकर-मुरादाबाद, तृतीय अमूल्य पटेल-प्रयागराज, तृतीय मोध आदिल लखनऊ रहे। वहीं, पुरुष-66 किलोग्राम श्रेणी में प्रथम दीक्षांत-बरेली, द्वितीय लकी कुमार-मुरादाबाद, तृतीय वंश सैनी-सहारनपुर, तृतीय सूरज संभल रहे। पुरुष-73 किलोग्राम श्रेणी में प्रथम कार्तिकय मिश्रा-लखनऊ, द्वितीय अभिषेक (डी)-लखनऊ, तृतीय जीशान-मुरादाबाद, तृतीय अयान आलम (डी)-गौतम बुद्ध नगर रहे। पुरुष-81 किलोग्राम श्रेणी में प्रथम सचिन कुमार सिंह-मुरादाबाद, द्वितीय प्रशांत बाबू बरेली, तृतीय अंशुमान चौधा-मुरादाबाद, तृतीय शिवांक योगी-गौतम बुद्ध नगर रहे। जबकि पुरुष -90 किलोग्राम श्रेणी में प्रथम पुनीत अधाना-गाजियाबाद, द्वितीय अभिषेक यादव-लखनऊ, तृतीय वंश कुमार-मुरादाबाद रहे। इसी प्रकार पुरुष-100 किलोग्राम श्रेणी में प्रथम यश यादव-मुरादाबाद, द्वितीय राम गोपाल (डी)-गौतम बुद्ध नगर, पुरुष +100 किलोग्राम श्रेणी में प्रथम सुशांत राय-लखनऊ, द्वितीय प्रबाल सिंह-मुरादाबाद रहे।

वहीं, महिला-48 किलोग्राम श्रेणी में प्रथम अंजना बाजपेयी-कानपुर नगर, द्वितीय श्रेष्ठा गौर-कानपुर देहात, तृतीय इकरा फातिमा-लखनऊ, तृतीय बेनजीर-लखनऊ रहीं। महिला-52 किलोग्राम श्रेणी में प्रथम आरती पटेल-बीर बहादुर सिंह एसपी, द्वितीय लावी-संभल, तृतीय रेनू यादव-कानपुर देहात व तृतीय प्रगति-लखनऊ रहीं। महिला-57 किलोग्राम श्रेणी में प्रथम रश्मि साहू-प्रयागराज, द्वितीय डॉली-संभल, तृतीय खुशबू-कासगंज व तृतीय आयुषी-बीर बहादुर सिंह एसपी रहीं। इसी तरह महिला-63 किलोग्राम श्रेणी में प्रथम जानवी-मुजफ्फरनगर, द्वितीय प्रिया-बीर बहादुर सिंह एसपी रहीं। महिला-70 किलोग्राम श्रेणी में प्रथम चंचल-संभल, द्वितीय भव्या अवस्थी-लखनऊ, तृतीय कनिका अग्रवाल-हाथरस व तृतीय सीमा सागर-हाथरस रहीं। महिला +78 किलोग्राम में प्रथम स्वास्ती- लखनऊ रहीं। यह जानकारी मुनव्वर अंजार महासचिव यूपी जूडो एसोसिएशन ने दी।




# फीफा : स्पेन बना वर्ल्ड चैंपियन

## विश्व चैंपियन स्पेन के स्वदेश लौटने पर होगा शाही स्वागत, मैड्रिड में निकलेगी विजय परेड

एजेंसी

मैड्रिड। स्पेन की विश्व कप विजेता टीम सोमवार दोपहर को स्वदेश लौटने के लिए तैयार है, जहां टीम के 11 सदस्यों का स्वागत स्पेन के शाही महल और प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज द्वारा किया जाएगा। इसके बाद शाम को खिलाड़ी खुली छत वाली बस में सवार होकर शहर के मध्य भाग में विजय परेड में हिस्सा लेंगे। टीम के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसकों के जुटने की उम्मीद है। परेड प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास मोनक्लो आ पैलेस के निकट से शुरू होकर सिबेल्स स्क्वायर तक जाएगी। इसके बाद सिबेल्स स्क्वायर पर खिलाड़ियों के सम्मान में एक समारोह आयोजित होगा। यह वही ऐतिहासिक स्थल है, जहां स्पेन की राष्ट्रीय टीमें और उनके समर्थक बड़ी जीत के बाद पारंपरिक रूप से जश्न मनाते रहे हैं। स्पेन ने रविवार को न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में खेले गए फाइनल में मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। स्पेन ने इससे पहले 2010 में दक्षिण अफ्रीका में पहली बार यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती थी। इस तरह यह उसके इतिहास का दूसरा विश्व कप खिताब है। फाइनल की समाप्ति के साथ ही मैड्रिड जश्न में डूब गया। हजारों समर्थक बार और रेस्तरां से निकलकर सड़कों पर उमड़ पड़े। कई लोग स्पेन का राष्ट्रीय ध्वज ओढ़े हुए थे, जबकि अनेक प्रशंसक टीम के रंगों वाली जर्सियां पहने हुए थे। राजधानी के पुर्ता देल सोल सहित प्रमुख चौक लोगों से खचाखच भर गए।






समर्थकों ने गीत गाए, नृत्य किया, आतिशी की और पूरे शहर में वाहनों के हॉर्न गूंजते रहे। कई लोग सोमवार तड़के तक जीत का जश्न मनाते रहे। सोमवार सुबह 19 वर्षीय विक्टर आल्वारेज ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मैंने केवल तीन-चार घंटे ही सोया है, लेकिन टीम के लिए मैं कुछ भी करने को तैयार हूं। पुरुष विश्व कप के साथ-साथ 2023 में स्पेन द्वारा जीते गए महिला विश्व कप को मिलाकर यह यूरोपीय देश एक साथ पुरुष और महिला दोनों विश्व कप खिताब अपने पास रखने वाला पहला देश बन गया है। जश्न के बीच एक दुखद घटना भी सामने आई। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, मैड्रिड के उत्तर-पश्चिम में स्थित सलामांका में 13 वर्षीय एक किशोर की उस समय मृत्यु हो गई, जब वह दोस्तों के साथ जश्न मनाने के लिए जिस फव्वारे पर चढ़ा था, वह ढह गया। स्पेन फुटबॉल टीम के कई युवा समर्थकों के लिए यह पहली बार है जब उन्होंने पुरुष राष्ट्रीय टीम को विश्व कप ट्रॉफी उठाते देखा है। इसी कारण पूरे देश में उत्साह और उल्लास का अभूतपूर्व माहौल है। टीम के लौटने से पहले ही मैड्रिड के बराखास हवाई अड्डे के आगमन क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रशंसक उनका स्वागत करने के लिए पहुंच गए।

अनेक लोग टीम की जर्सी पहने हुए थे और हाथों में स्पेन के राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। टीम के समर्थक सोमवार सुबह से ही सिबेल्स स्क्वायर के आसपास अपनी जगह सुरक्षित करने लगे। तेज धूप और 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने वाले संभावित तापमान से बचने के लिए वे अपने साथ छतरियां भी लेकर पहुंचे। वहीं दूसरी ओर स्पेन ने फाइनल में अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर दूसरी बार फुटबॉल वर्ल्ड कप जीत लिया। मैच खत्म होने के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच धक्का-मुक्की भी देखने को मिली। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी हार के बाद भावुक हो गए। उन्होंने अपने से 20 साल छोटे स्पेनिश स्टार लामिन यमाल को गले लगाकर बधाई दी। 2007 में मेसी ने यमाल को गोद में खिलाया था और अब दोनों वर्ल्ड कप फाइनल में आमने-सामने नजर आए। फाइनल से पहले हुई क्लोजिंग सेरेमनी में शकीरा और जस्टिन बीबर ने परफॉर्म किया। अमेरिका के प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पेन को विजेता ट्रॉफी दी। फाइनल हारने के बाद मेसी रोने लगे। उनके पास लगातार दूसरा वर्ल्ड कप जीतने का मौका था। मैच के बाद अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी ने लामिन यमाल को गले लगाया।

### स्पेन ने मेस्सी को बेअसर कर दिया भारतीय फुटबॉल के दिग्गज

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व फुटबाल खिलाड़ियों ने विश्व कप के फाइनल में स्पेन के दबदबे, मजबूत रक्षापंक्ति और लगातार दबाव बनाने की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे लियोनेल मेस्सी को बेअसर करने और 120 मिनट तक अर्जेंटीना पर हावी रहने के बाद विश्व कप खिताब के सच्चे हकदार थे। स्पेन ने फेरान टोरेस के अतिरिक्त समय (106वें मिनट) में किए गए गोल की मदद से अर्जेंटीना को लगातार दूसरी बार विश्व कप खिताब जीतने से रोक दिया। भारत के पूर्व कप्तान विक्टर अमलराज ने कहा कि स्पेन ने फाइनल पर पूरी तरह से नियंत्रण रखा और वह अधिक बड़े अंतर से जीत सकता था। उन्होंने कहा स्पेन ने शानदार खेल दिखाया और फाइनल में पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। स्पेन तीन गोल कर सकता था। लेकिन अर्जेंटीना के गोलकीपर ने शानदार प्रदर्शन किया। अमलराज ने कहा कि स्पेन की मजबूत रक्षा पंक्ति ने मेस्सी को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। उन्होंने कहा फाइनल में मेस्सी का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। स्पेन ने उन्हें पूरी तरह से रोके रखा। पूरे 120 मिनट में उन्होंने गेंद को मुश्किल से कुछ बार ही स्पर्श किया होगा। स्पेन की रक्षापंक्ति इतनी मजबूत थी कि उन्हें अपने कौशल दिखाने का मौका ही नहीं मिला।

## आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में मनु, स्वप्निल करेंगे भारत की अगुवाई



हांगझोउ (चीन)। ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले के नेतृत्व में भारत का मजबूत दल बुधवार से शुरू हो रहे आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप के व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में अपनी चुनौती पेश करेगा। भारतीय टीम में मनु और कुसाले के अलावा ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, ईशा सिंह, सुरुचि, एलावेनिल वलारिवन, सिफत कौर सामरा, सोनम उत्तम मस्कर, अनीश भानवाला, राइजा ढिल्लों, गनेमत सेखों और ओलंपियन अनंत जीत सिंह नरुका जैसे प्रमुख निशानेबाज शामिल हैं।

पुरुष 10 मीटर राइफल स्पर्धा पार्थ राकेश माने, हिमांशु ढिल्लों, शाहू तुषार माने और रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल चुनौती पेश करेंगे तो वहीं महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में इलावेनिल वलारिवन, सोनम उत्तम मस्कर और साक्षी सुनील पाडेकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, नीरज कुमार और रुद्रांक्ष पाटिल जबकि महिलाओं में आशी चौकसे, विदार्सा के. विनोद और सिफ्ट कौर समरा मैदान में होंगी। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सुरुचि, सैन्यम और ईशा सिंह भारत की अगुवाई करेंगी। पुरुष वर्ग में केदारलिंग बी. उचगांवकर, कमलजीत और आकाश भारद्वाज हिस्सा लेंगे। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में मनु भाकर, ईशा सिंह और राही सरनोबत को टीम में जगह मिली है। वहीं पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में अनीश भानवाला, ओंकार सिंह और भावेश शेखावत भारत की चुनौती पेश करेंगे। पुरुष ट्रैप स्पर्धा में उदावीर सिंह जाजी, भवनीश मेंदिरत्ता और विवान कपूर उतरेंगे, जबकि महिला ट्रैप में प्रगति दुबे, कीर्ति गुप्ता और राजेश्वरी कुमारी हिस्सा लेंगी। पुरुष स्कीट में गुरजोत सिंह खंगूरा, परमपाल सिंह गुरोन और अभय सिंह सेखों भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। महिला स्कीट में गणेमत सेखों, दर्शना राठौर और यशस्वी राठौर पर जिम्मेदारी होगी।

भारत 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम, 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम और ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धाओं में भी अपनी चुनौती पेश करेगा। प्रतियोगिता का आगाज 22 जुलाई से होगा। पहले दिन 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम और पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के पदक विजेताओं का फैसला होगा। विश्व कप 28 जुलाई तक चलेगा, जहां अंतिम दिन 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम और ट्रैप मिश्रित टीम के पदक मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

## संक्षेप

### भारत अंडर19 की स्थिति मजबूत

कोलंबो। कुशाग्र ओझा के नाबाद शतक से भारत अंडर19 टीम ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे युवा टेस्ट के पहले दिन सोमवार को खराब शुरूआत के बाद पारी को संभाला। भारत ने 65 ओवर में तीन विकेट पर 253 रन बना लिये थे जब खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने दिन का खेल समाप्त करने की घोषणा की। ओझा 177 गेंद में 103 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान यशबर्धन चौहान ने 89 गेंद में 78 रन की पारी खेली जबकि मनल चौहान ने 108 गेंद में 55 रन बनाये। भारत के दो विकेट उस समय गिर गए थे जब खाता भी नहीं खुला था। पहले मैच में दोहरा शतक जमाने वाले लक्ष्य रायचंदानी और शतक लगाने वाले सागर विर्क शून्य पर आउट हो गए। इसके बाद ओझा ने पहले यशबर्धन और फिर मनल के साथ उपयोगी साझेदारियां की।


### दलीप ट्रॉफी में कप्तानी करेंगे रुतुराज गायकवाड़

मुंबई। भारत और महाराष्ट्र के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को 23 अगस्त से बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में होने वाली दलीप ट्रॉफी के लिए पश्चिम क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि शम्श मुलानी उप कप्तान होंगे। मुंबई के मुख्य चयनकर्ता राजेश पवार की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सोमवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल दो में पश्चिम क्षेत्र का मुकाबला 23 से 26 अगस्त के बीच उत्तर क्षेत्र से होगा। दलीप ट्रॉफी में कुल पांच मैच खेले जाएंगे। इनमें फाइनल भी शामिल है जो छह से 10 सितंबर तक खेला जाएगा। पृथ्वी साव भी पश्चिम क्षेत्र की टीम में शामिल हैं, जो पिछले साल मुंबई से महाराष्ट्र चले गए थे। सरफराज खान और मुशीर खान को भी टीम में जगह दी गई है।

### फीफा के प्रमुख ने 115 घंटे विमान में बिताए

न्यूयॉर्क। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने रविवार को समाप्त हुए विश्व कप के दौरान लगभग 60000 मील की दूरी तय की और इस दौरान लगभग 115 घंटे विमान में बिताए। इन्फेंटिनो ने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेले गए विश्व कप के दौरान तीन देशों के 16 शहरों का दौरा किया। उनकी यह यात्रा आखिर में अर्जेंटीना और स्पेन के बीच न्यू जर्सी में खेले गए फाइनल मुकाबले के साथ समाप्त हुई।

## न्यूजीलैंड ने रोमांचक जीत से जीती शृंखला



एजेंसी

ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। मार्क चैपमैन ने 80 रन बनाए और मिचेल सैंटनर ने निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ अच्छा तालमेल बिठाया जिससे न्यूजीलैंड को रविवार को चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज पर एक विकेट से रोमांचक जीत दर्ज करके पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली।

न्यूजीलैंड को जब तीन रन की जरूरत थी और एक विकेट हाथ में था, तभी सैंटनर को जीवनदान मिला। अंतिम बल्लेबाज जेडन लेनोक्स विकेटकीपर के हाथों कैच आउट और एलबीडब्ल्यू के लिए रिव्यू से बचे। इसके बाद न्यूजीलैंड ने 35 गेंदें शेष रहते वेस्टइंडीज के 188 (सभी आउट) के स्कोर को नौ विकेट खोकर पार कर दिया। न्यूजीलैंड के कप्तान सैंटनर ने 45वें ओवर की पहली गेंद पर विजयी रन बनाया। वह 34 रन बनाकर नाबाद रहे जिससे वेस्टइंडीज की सीरीज बराबर करने की उम्मीदों पर पानी फिर गया। वेस्टइंडीज इस मैच में जीत हासिल करके गैरी सोबर्स को उनके गृह नगर ब्रिजटाउन और केंसिंग्टन ओवल में श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहता था।

यह वही स्टेडियम है जहां उन्होंने अपने करियर को संवारा और नाम कमाया। सोबर्स का शुक्रवार को 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। दोनों टीमों ने उनकी याद में काली पट्टी बांधी और झंडे आधे झुकाए गए। सोबर्स के नाम पर बने पवेलियन में दो सीटें खाली छोड़ दी गईं और खेल शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा गया। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज हालांकि फिर से नहीं चल पाए। एक समय उसका स्कोर छह पर विकेट पर 81 रन था। इसके बाद आमिर जांगू और गुडाकेश मोती के बीच सातवें विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की। जांगू ने 71 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा करते हुए 51 रन बनाए जबकि मोती ने 41 रन का योगदान दिया। मोती ने बाद में 47 रन देकर पांच विकेट भी लिए। न्यूजीलैंड ने पहला मैच सात विकेट से गंवाने के बाद दूसरा मैच पांच विकेट से और तीसरा मैच छह विकेट से जीता था।

## मेरे इर्द-गिर्द चर्चाओं का शोर रहेगा जारी : रोहित

एजेंसी

लंदन। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर जारी अटकलों के बीच भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने स्पष्ट किया कि उन्हें इस शोर (आलोचना, अफवाहें, अटकलें और लगातार होने वाली चर्चाएं) की पूरी जानकारी है, लेकिन इससे उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता। रोहित ने कहा कि वह जब तक क्रिकेट खेलते रहेंगे, ऐसी चर्चाएं होती रहेंगी और उनका पूरा ध्यान केवल टीम के लिए रन बनाने पर है। इस 39 साल के बल्लेबाज ने लॉर्ड्स में रविवार को 138 रन की शानदार पारी खेली। उनकी यह बेहतरीन पारी भी भारत को 27 रन की हार से नहीं बचा सकी।

मैच के बाद रोहित ने अपनी भावनाओं पर संयम बनाए रखा। एकदिवसीय क्रिकेट में भारत की ओर से शतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बने रोहित ने बीसीसीआई डॉट टीवी से कहा, जब से मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया है, तब से इस तरह की बातें सुनता आ रहा हूं। जब तक मैं खेलता रहूंगा, यह चलता रहेगा। इसलिए इससे मुझे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा, मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है।

### भारतीय महिला स्वर्ण पदक जीतने में सक्षम : कोच नीवा

नयी दिल्ली। भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम के मुख्य कोच सैंटियागो नीवा ने कहा कि उनकी प्रत्येक खिलाड़ी राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने में सक्षम है और उम्मीद जताई कि टीम पिछली बार की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहेगी।

भारतीय महिला मुक्केबाजों ने पिछले एक साल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है तथा विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप और एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीते हैं। नीवा ने पीटीआई से कहा हमारे पास एक मजबूत टीम है और हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की उम्मीद के साथ उच्च मानक निर्धारित किए हैं।

## सिंधू करेंगी चीन ओपन में भारतीय अभियान की अगुवाई

एजेंसी

चांग्झू (चीन) जापान ओपन का खिताब जीतकर शानदार लय में लौटी भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू मंगलवार से शुरू हो रहे चीन ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में

- सात्विक-चिराग चोट के चलते बाहर

भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी लेकिन पुरुष युगल की शीर्ष जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी कंधे की चोट से उबर रहे सात्विक के कारण इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेगी।

भारतीय टीम बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर पिछले सप्ताह के शानदार प्रदर्शन की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। सिंधू लगभग दो वर्ष बाद जापान ओपन का खिताब जीतकर बेहतरीन लय में चीन पहुंची हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने जापान ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में तीन बार की विश्व चैंपियन जापान की अकाने यामागुची को हराया।



उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अपने सभी मुकाबले सीधे गेमों में जीतकर खिताब अपने नाम किया। सिंधू अपने अभियान की शुरुआत हमवतन उन्नति हुड्डा के खिलाफ करेंगी। दूसरे दौर में उनका सामना चीन की चौथी वरीयता प्राप्त चेन यू फेई से हो सकता है।

महिला एकल में भारत की अन्य खिलाड़ी देविका सिहाग अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ करेंगी। पिछले महीने सिंगापुर ओपन सुपर 750 का खिताब जीतने वाले सात्विक और चिराग ने जापान ओपन से भी सात्विक की बार-बार उभर रही कंधे की चोट के कारण नाम वापस ले लिया था। अब दोनों ने विश्व चैंपियनशिप से पहले पूरी तरह फिट होने के उद्देश्य से चीन ओपन नहीं खेलने का फैसला किया है। विश्व चैंपियनशिप 17 वर्ष बाद भारत में आयोजित होने जा रही है।

### डोपिंग मामले : उत्तर प्रदेश व पंजाब सबसे आगे : खेल मंत्री

नयी दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में खुलासा किया कि भारत में इस साल 15 जुलाई तक डोपिंग के 78 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से उत्तर प्रदेश और पंजाब में सबसे अधिक 13-13 मामले दर्ज किए गए। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने पिछले तीन वर्षों में प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए गए खिलाड़ियों की संख्या के बारे में सवाल पूछा था जिसके लिखित जवाब में मांडविया ने बताया कि 2026 में डोपिंग के 78 मामले दर्ज दर्ज किए गए हैं।

## कराटे चैंपियनशिप में आद्या ने जीता कांस्य



लखनऊ। बांग्लादेश में आयोजित दक्षिण एशियाई कराटे चैंपियनशिप में लखनऊ की युवा खिलाड़ी आद्या चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही लखनऊ के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, एक रजत एवं दो कांस्य पदक जीते। वर्ल्ड कराटे फेडरेशन एवं एशियन कराटे फेडरेशन के तत्वावधान में बांग्लादेश कराटे फेडरेशन द्वारा 15 से 19 जुलाई 2026 तक आयोजित 10वीं कैडेट, जूनियर, अंडर-21 व सीनियर दक्षिण एशियाई कराटे चैंपियनशिप तथा द्वितीय अंडर-14 दक्षिण एशिया कराटे कप में आद्या ने बालिका सब जूनियर कुमिते (55 किलोग्राम से अधिक) भार वर्ग में दमदार खेल दिखाते हुए कांस्य पदक जीता। कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के महासचिव जसपाल सिंह ने बताया कि आद्या चौहान का यह पदक उत्तर प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि चैंपियनशिप में लखनऊ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले लखनऊ के खिलाड़ियों ने बालक जूनियर टीम काता स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के साथ व्यक्तिगत स्पधाओं में रजत और कांस्य पदक भी अपने नाम किए थे। आद्या चौहान की इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय, कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के चेयरमैन कुणाल सिल्कू (आईएएस), अध्यक्ष टी.पी. हवेलिया, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी, आयोजन समिति के चेयरमैन संतोष जायसवाल तथा कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के सचिव कृष्णा अवतार ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सर्वाधिक अंक के साथ अभिज्ञान व आभास चैंपियन

खेल संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ क्षेत्र के मजबूत रेटिंग वाले युवा खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर केडी सिंह बाबू स्टेडियम

- स्पार्क 64 यूथ शतरंज टैलेंट हंट में वरीय खिलाड़ियों का रहा दबदबा

में आयोजित स्पार्क64 ऑल इंडिया यूथ शतरंज टैलेंट हंट 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आयु वर्गों में खिताब अपने नाम किए। स्पोर्ट्स मैनेजमेंट ग्रुप रेवेन रोस के द्वारा



आयोजित टूर्नामेंट में विभिन्न वर्गों के विजेताओं में अंडर-6 में अभिनंदन जायसवाल (6 अंक), अंडर-8 में वीति मित्तल (6.5 अंक), अंडर-10 में अद्विक शुक्ला (6.5 अंक), अंडर-12 में अभिज्ञान कटियार (7 अंक), अंडर-14 में दक्ष मलिक और अभ्युदय राज सिंह (दोनों 5.5 अंक), अंडर-16 में शुभ श्रीवास्तव (6 अंक), अंडर-18 में आभास कुमार श्रीवास्तव (7 अंक) तथा अंडर-20 में सारांश शुक्ला (6 अंक) ने अपने-अपने वर्ग में सर्वोच्च अंक अर्जित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तर प्रदेश की वरिष्ठ निशानेबाज एवं एथलीट तथा भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की पूर्व कार्यकारी निदेशक रचना गोविल ने विजेताओं को सम्मानित किया।

### आखिरी तीन ओवर में काफी रन दिये, वहीं मैच गंवा दिया : गिल

लंदन। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के हाथों तीसरे वनडे में 27 रन से मिली हार के बाद श्रृंखला गंवाने का ठीकरा डैथ ओवरों में रनों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे गेंदबाजों पर फोड़ा। मैच के निर्णायक मोड़ के बारे में पूछने पर गिल ने कहा कि इंग्लैंड की पारी के आखिरी ओवरों में काफी रन बने। उन्होंने मैच के बाद कहा हम 45वें ओवर तक मैच में थे लेकिन आखिरी तीन ओवरों में काफी रन दे दिये और वहीं मैच हमारे हाथ से निकल गया।

## यूपी टी-20 लीग के चौथे सीजन का शंखनाद

### पहली बार लखनऊ इकाना व कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में होंगे मुकाबले

खेल संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश खेलों के क्षेत्र में लगातार नई पहचान बना रहा है। आधुनिक खेल अवसंरचना, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और बड़े खेल आयोजनों को बढ़ावा देने की नीति के चलते प्रदेश अब राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख खेल केंद्र के रूप

- इकाना स्टेडियम में लॉन्च हुआ सीजन-4 के उद्घाटन समारोह का टिकट

में उभर रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश टी-20 लीग के चौथे सीजन का शंखनाद सोमवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में हो गया। भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित समारोह में लीग के उद्घाटन समारोह के टिकटों की लॉन्चिंग की गई।

कार्यक्रम के दौरान उद्घाटन की 4000 टिकट रियायती रेट पर लांच की गई है। इसमें अपर ब्लाक की टिकट 349 रुपए व लोअर विंग की टिकट 499 रुपए की होंगी, जो पहले आओ पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होगा। यह टिकट ई- ड्रिस्टिट एप पर भी मिलेंगे। इकाना स्टेडियम में




14 अगस्त को होने वाले उद्घाटन समारोह में सुप्रसिद्ध सितार वादक ऋषभ रिखीराम शर्मा तथा प्रसिद्ध गायिका जैस्मीन सैंडलास अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं भव्य ड्रोन शो व आतिशबाजी से ऐसा भव्य नजारा पेश किया जाएगा जो यूपी में पहली बार दिखेगा। समारोह का संचालन सुप्रसिद्ध एंकर जतिन सप्रू करेंगे। यूपी टी-20 लीग की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने कहा कि पहली बार लीग का आयोजन दो शहरों में किया जा रहा है। पहला चरण 14 से 26 अगस्त तक लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होगा, जहां उद्घाटन समारोह सहित कुल 22 मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद दूसरा चरण 28 अगस्त से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित होगा, जहां 12 मैच खेले जाएंगे। लीग का फाइनल मुकाबला 6 सितंबर को कानपुर में भव्य समापन समारोह के साथ खेला जाएगा। उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजेगा।

उन्होंने कहा कि इस बार लीग में छह टीमें भाग ले रही हैं, जिससे प्रदेश के युवा क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बार फिर बड़ा मंच मिलेगा। उन्होंने अपने संबोधन में खेलों के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में खेल अधोसंरचना का तेजी से विस्तार हो रहा है। लीग के समापन के बाद कानपुर के ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके अलावा वाराणसी का नया अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम भी जल्द प्रदेश को समर्पित किया जाएगा, जबकि गोरखपुर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास पहले ही किया जा चुका है। आने वाले समय में प्रदेश को कई आधुनिक खेल सुविधाएं

- लखनऊ में 22 और कानपुर में होंगे क्रिकेट के 12 रोमांचक मुकाबले

मिलने वाली हैं। मुख्य अतिथि ने महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने पर भी जोर देते हुए सुझाव दिया कि यूपी टी-20 लीग की तर्ज पर महिला लीग भी शुरू की जानी चाहिए, जिसमें शुरूआती चरण में कम से कम चार टीमों को शामिल किया जाए। इसमें कानपुर की टीम ली जाये तो मैं इसमें पूरा सहयोग करुंगा। इस पर यूपी टी-20 लीग की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि इस दिशा में गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने पैरा तीरंदाज शीतल देवी के संघर्ष और उपलब्धियों की भी चर्चा की।

# मुर्मू आज और कल मकदूनिया की यात्रा पर

## राष्ट्रपति मोल्दोवा पहुंचीं, प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी



किशनॉउ (मोल्दोवा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को मोल्दोवा की ऐतिहासिक यात्रा पर यहां पहुंचीं, जो किसी भी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इस यूरोपीय देश की पहली यात्रा है।

यह यात्रा यूरोप के तीन देशों के उनके दौरे का हिस्सा है, जिसका मकसद व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में संबंधों को प्रगाढ़ करना है। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, किशनॉउ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर, मोल्दोवा गणराज्य के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मिहाई पॉपसोई ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपनी यात्रा के पहले चरण में, राष्ट्रपति मुर्मू मोल्दोवा की राष्ट्रपति माया संदू के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। वह मोल्दोवा गणराज्य की संसद के अध्यक्ष इगोर ग्रोसु से भी मुलाकात करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू मोल्दोवा-भारत संसदीय मैत्री समूह के सदस्यों के साथ वार्ता करेंगी, एक व्यापार मंच को संबोधित करेंगी और प्रवासी भारतीयों से बातचीत करेंगी। मोल्दोवा पूर्वी यूरोप में स्थित है। यह रणनीतिक रूप से पश्चिम में रोमानिया और उत्तर, पूर्व व दक्षिण में यूक्रेन के बीच स्थित है। मोल्दोवा में लगभग 2,000 भारतीय नागरिक रहते हैं, जिनमें से करीब 1,800 मेडिकल छात्र हैं। राष्ट्रपति मुर्मू 21 और 22 जुलाई को उत्तरी मकदूनिया की यात्रा करेंगी। भारत की किसी राष्ट्रपति की इस दक्षिण-पूर्वी यूरोपीय देश की यह पहली यात्रा होगी। तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में मुर्मू 23 से 25 जुलाई तक रोमानिया की यात्रा करेंगी। राष्ट्रपति के साथ यूरोपीय देशों की यात्रा पर गए आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बांभनिया, राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा और लोकसभा सदस्य विजय बघेल शामिल हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को मोल्दोवा के कारोबारियों को भारत में व्यापार और निवेश के अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि देश निवेश के लिए अनुकूल माहौल और व्यापक कारोबारी संभावनाएं उपलब्ध कराता है। यहां भारत-मोल्दोवा व्यापार मंच को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई), साइबर सुरक्षा, वित्तीय प्रौद्योगिकी, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, आधारभूत ढांचा, नवीकरणीय ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण, लॉजिस्टिक, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, औषधि, जैव प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां सौर ऊर्जा, बैटरी भंडारण, स्मार्ट ग्रिड, हरित हाइड्रोजन और अन्य स्वच्छ प्रौद्योगिकियों सहित नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में मोल्दोवा की विकास परियोजनाओं में भागीदारी की इच्छुक हैं। भारत भी मोल्दोवा की कंपनियों के लिए व्यापार और निवेश के अच्छे अवसर प्रदान करता है। हम पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं मोल्दोवा के कारोबारियों को भारत आकर अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित करती हूं। मुर्मू मोल्दोवा की यात्रा करने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति हैं। उनके साथ भारत का एक कारोबारी प्रतिनिधिमंडल भी गया है। उनकी उपस्थिति मोल्दोवा की आर्थिक क्षमता के प्रति भारतीय उद्योग के बढ़ते विश्वास और दीर्घकालिक साझेदारी बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# कॉजपा के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री नड्डा से मुलाकात की



नयी दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा से मुलाकात की। सरकार की ओर से नड्डा ने वार्ता की पहल ऐसे समय की जब संगठन के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी मध्य दिल्ली में पहुंच चुके हैं और उन्होंने संसद की ओर मार्च करने का प्रयास किया।

कॉजपा ने दावा किया कि नड्डा ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह इस मुद्दे पर सरकार के भीतर चर्चा करेंगे और संगठन की मांगों पर सरकार के शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श के लिए कुछ समय मांगा है। कॉजपा की मांगों में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी शामिल है। आधिकारिक सूत्रों ने पुष्टि की कि कॉजपा के प्रतिनिधियों ने नड्डा से मुलाकात की जिन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ सरकार की ओर से बातचीत की पहल की। सूत्रों ने बताया कि कॉजपा के प्रदर्शन को लेकर सरकार के भीतर बातचीत जारी है और सरकार की ओर से एक औपचारिक बयान जारी किए जाने की संभावना है। कॉजपा के मुख्य प्रवक्ता सौरभ दास ने कहा कि उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर उनसे लगभग 10 मिनट तक मुलाकात की। दास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दो घंटे से अधिक समय तक इंतजार करने के बाद आशुतोष रांका और मैंने जे.पी. नड्डा जी से उनके आवास पर लगभग 10 मिनट तक मुलाकात की। हमने अपनी मांगों से संबंधित एक लिखित ज्ञापन उन्हें सौंपा। उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि वह इस बीच सरकार के भीतर इस मुद्दे पर बातचीत करेंगे। इस संबंध में प्रक्रिया जारी है। इस बीच, बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिये जाने जैसी खबरें भी आ रही हैं।

## संक्षेप

### भारी बारिश और भूस्खलन से चारधाम यात्रा रोकी गयी

देहरादून। उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश, मौसम विभाग द्वारा जारी रेड और ऑरेंज अलर्ट तथा चारधाम यात्रा मार्ग के विभिन्न हिस्सों में भूस्खलन के कारण उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए सोमवार को एहतियातन चारधाम यात्रा अस्थायी तौर पर रोक दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मौजूदा मौसम और यात्रा मार्गों की स्थिति के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि मार्ग पूरी तरह सुरक्षित होने और परिस्थितियां सामान्य होने के बाद ही यात्रा दोबारा शुरू की जाएगी। प्रशासन ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह एहतियाती कदम उठाया गया है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगातार बारिश और भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर यात्रा मार्ग प्रभावित हुए हैं, जिसके चलते यह निर्णय लिया गया। गढ़वाल आयुक्त आनंद स्वरूप ने सभी संबंधित जिलाधिकारियों और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्गों पर मौजूद तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया जाए तथा किसी भी यात्री को तब तक आगे न भेजा जाए।

# फ्रांस में बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध की तैयारी

पेरिस। फ्रांस के सांसद 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने संबंधी विधेयक पर सहमति बनाने के प्रयास में जुटे हैं, ताकि इसे सितंबर में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से लागू किया जा सके।

संसद के ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले इसके लिए समय तेजी से निकलता जा रहा है। नेशनल असेंबली के सात सदस्यों और सीनेट के सात सदस्यों की सोमवार को संयुक्त समिति की एक बैठक होनी है, जिसमें ऐसे समझौते पर पहुंचने का प्रयास किया जाएगा, जिस पर इस सप्ताह के अंत तक मतदान कराया जा सके। यूरोपीय आयोग ने पाया है कि विधेयक का नवीनतम मसौदा यूरोपीय संघ (ईयू) के कानून के पूरी तरह अनुरूप नहीं है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस प्रतिबंध के प्रबल समर्थक हैं। ऐसा माना जा रहा है कि अगले वर्ष उनके पद छोड़ने से पहले यह उनके कार्यकाल के अंतिम प्रमुख विधायी कदमों में से एक हो सकता है। नेशनल असेंबली और सीनेट के बीच प्रमुख मतभेद इस बात को लेकर है कि प्रतिबंध किन मंचों पर लागू होगा।

# एक सितंबर से सभी सरकारी पत्राचार बांग्ला भाषा में होंगे



कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार एक सितंबर से सभी आधिकारिक पत्राचार बांग्ला भाषा में करेगी। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में यह घोषणा की और सदन में अमित शाह का पत्र पढ़कर सुनाया, जिसमें भारतीय भाषाओं के अधिक से अधिक इस्तेमाल और उनके विकास के लिए कदम उठाने का सुझाव दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें लिखे एक पत्र में राज्य प्रशासन के हर स्तर पर बांग्ला भाषा के व्यापक उपयोग के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, एक सितंबर से राज्य सरकार के हर स्तर पर बांग्ला भाषा का उपयोग अनिवार्य होगा। हम केंद्र सरकार और अन्य राज्यों के साथ होने वाले सभी आधिकारिक पत्राचार में बांग्ला भाषा का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार के साथ पत्राचार बांग्ला के साथ-साथ हिंदी में भी किया जाएगा। वर्तमान में केंद्र के साथ आधिकारिक पत्राचार सामान्यतः अंग्रेजी भाषा में होता है। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि राज्य सरकार बांग्ला भाषा के अधिक व्यापक इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के आधिकारिक पत्राचार में बांग्ला भाषा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के अपने तीन दिवसीय दौरे पर केंद्रीय गृह मंत्री ने उन्हें बांग्ला भाषा में एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने भाषा की विविधता पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों पर प्रकाश डाला था।

# असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर सेना तैनात, रेल सेवाएं प्रभावित



गुवाहाटी। ऊपरी असम में लगातार हो रही बारिश के कारण सोमवार को बाढ़ की स्थिति और बिगड़ गई जिसके बाद राहत एवं बचाव कार्यों में राज्य की एजेंसियों की मदद के लिए सेना के जवानों को तैनात करना पड़ा। वहीं क्षेत्र में रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है और कई ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं, उन्हें अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है या गंतव्य से पहले रोका गया है।

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार, इस साल आई बाढ़ में अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है। प्राधिकरण ने बताया कि चराईदेव, धेमाजी, डिब्रूगढ़, जोरहाट, शिवसागर, तिनसुकिया और उदलगुरी जिलों में 57,100 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। राज्य के कई चाय बागान बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। टी एसोसिएशन ऑफ इंडिया की असम इकाई ने कहा कि आने वाली नदियों का जलस्तर अचानक बढ़ गया है और वे खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। संस्था ने बताया कि दोरिका नदी का तटबंध टूटने से स्थिति और खराब हो गई है, जिससे नाजिरा क्षेत्र के चाय बागानों का एक बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने कहा कि भारी बारिश के कारण उफनती दिखौ नदी ने तिनसुकिया मंडल के तहत शिवसागर जिले के शिमलुगुड़ी शहर को जलमग्न कर दिया है। बाढ़ का पानी स्टेशन यार्ड और रेलवे कॉलोनी में घुस गया है। क्षेत्र में रेलवे ट्रैक भी डूब गए हैं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए शिमलुगुड़ी-नामतियाली और शिमलुगुड़ी-सेलेनघाट खंडों में ट्रेनों की आवाजाही अगले आदेश तक निलंबित कर दी गई है। डिब्रूगढ़ और तिनसुकिया से चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों का मार्ग ब्रह्मपुत्र के उत्तरी तट पर रंगिया-रंगपारा मार्ग से बदल दिया गया है, जबकि कई स्थानीय ट्रेनों को या तो रद्द कर दिया गया है।

# यूक्रेन ने मॉस्को पर 400 से अधिक ड्रोन दागे



कीव। यूक्रेन ने रूस की राजधानी मॉस्को पर बड़े हमले में 400 से अधिक ड्रोन दागे। मॉस्को के मेयर ने सोमवार को यह जानकारी दी।

यह हमला रूस द्वारा कीव और यूक्रेन के अन्य शहरों पर बैलिस्टिक मिसाइल से किए गए भीषण हमलों के बाद हुआ। दोनों देशों के बीच लगातार जारी जवाबी हमलों के कारण किसी भी समझौता-वार्ता की संभावना फिलहाल कमजोर नजर आ रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि वह सोमवार को महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। पिछले सप्ताह सरकार में फेरबदल के बाद देश में पैदा हुए राजनीतिक संकट को कम करने की कोशिश के तहत यह बैठक हो रही है। इस फेरबदल ने युद्ध लड़ने की रणनीति को लेकर सैन्य नेतृत्व और अन्य धड़ों के बीच गहरे मतभेद उजागर कर दिए हैं। जेलेंस्की के सामने यह भरोसा दिलाने की चुनौती है कि मिखाइलो फेदोरोव (35) को रक्षा मंत्री पद से हटाने और सोवियत प्रशिक्षित जनरल ओलेक्सांद्र सिर्स्की (60) पर सशस्त्र बलों के प्रमुख के रूप में भरोसा बनाए रखने से रूस के खिलाफ जारी युद्ध प्रभावित नहीं होगा। उनके इस फैसले के बाद फेदोरोव के समर्थन और सिर्स्की के विरोध में कई दिन तक सड़कों पर प्रदर्शन हुए। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि रविवार देर रात से सोमवार तड़के तक यूक्रेन ने रूस की राजधानी की तरफ 400 से अधिक ड्रोन दागे। उन्होंने बताया कि इनमें से अधिकतर ड्रोन राजधानी से काफी दूर ही मार गिराए गए, जबकि मॉस्को के आसपास 85 ड्रोन को अवरुद्ध किया गया। मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने कहा कि यूक्रेनी ड्रोन हमलों में 10 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि कई आवासीय इमारतों और नागरिक बुनियादी ढांचे से जुड़ी सुविधाओं को भी नुकसान पहुंचा है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उसकी सेना ने रातभर दक्षिणी यूक्रेनी बंदरगाह शहर ओडेसा में ईंधन भंडारण टैंकों को निशाना बनाकर हमला किया। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रातभर यूक्रेन पर दो मिसाइल और लंबी दूरी तक मार करने वाले 94 ड्रोन दागे।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर लॉन्च




मुंबई। फिल्म 'रामायणः प्रथम संकल्प' का ट्रेलर शनिवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इवेंट में लॉन्च किया गया। इस मौके पर डायरेक्टर नितेश तिवारी, प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा और फिल्म की स्टार कास्ट मौजूद रही। मेकर्स ने घोषणा की कि ट्रेलर 24 जुलाई को दुनियाभर में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगा। इवेंट में भगवान राम की भूमिका

**❍ रणबीर ने सनी देओल के पैर छुए बाबा रामदेव ने मंच पर किया योग**

निभा रहे रणबीर कपूर, साई पल्लवी, यश, सनी देओल, रवि दुबे, विवेक ओबेराय सहित अन्य कलाकार शामिल हुए। इवेंट के दौरान रणबीर ने सनी देओल के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। मंच पर यश ने हिंदी में बात करने की कोशिश की। इस दौरान जुबान फिसलने की वजह से उन्होंने गलती से 'अवसर' (मौका) की जगह 'अवकाश' (छुट्टी) शब्द बोल दिया। करीब चार मिनट के ट्रेलर में फिल्म के भव्य विजुअल्स, बड़े पैमाने पर तैयार की गई दुनिया और प्रमुख किरदारों की पहली विस्तृत झलक दिखाई गई। कार्यक्रम में बाबा रामदेव और कुमार विश्वास भी थे। इवेंट में बाबा रामदेव ने मंच पर योग भी करके दिखाया। वहीं, बाबा रामदेव ने हंसते हुए कहा कि जब उन्होंने पहली बार सुना कि इस फिल्म का बजट 4000 करोड़ रुपए है, तो यह सुनकर उनकी समाधि लग गई।

# बेटे वीर के लिए कोई शॉर्टकट नहीं रखा कई ऑडिशन देकर बने 'प्रीतम': हिरानी



मुंबई। इस वेब सीरीज में अरशद वारसी, वीर हिरानी, विक्रांत मैसी, बोमन ईरानी और मोना सिंह महत्वपूर्ण रोल में हैं। राजकुमार हिरानी ने वेब सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' से ओटीटी डेब्यू किया। इससे उनके बेटे वीर का भी डेब्यू हुआ। बॉक्स ऑफिस के बाद अब हिरानी ओटीटी पर भी इतिहास रच रहे हैं। आज तकनीक रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुकी है, लेकिन बुजुर्गों या तकनीक से कम परिचित लोगों के लिए यह आसान नहीं है। ट्रेन की टिकट बुक करने से लेकर बैंकिंग तक हर काम ऑनलाइन हो गया है। साइबर क्राइम की कुछ कहानियां पढ़ने के बाद लगा कि अब अपराध करने के तरीके ही नहीं, उन्हें सुलझाने का तरीके भी बदल चुके हैं। यहीं से मेरे मन में एक कहानी जन्मीं, जिसमें एक ईमानदार पुलिस अधिकारी अचानक साइबर सेल में भेज दिया जाए तो वह इस नई दुनिया में कैसे खुद को ढालेगा और क्राइम की जांच कैसे करेगा। इसके बाद प्रीतम का किरदार जुड़ा, जो युवा हैकर है। दोनों की अलग सोच और अनुभव से एक अनोखी दोस्ती और रोमांचक कहानी बनती है।

### दो सदियों में इंसान ने की बड़ी तरक्की : जावेद

मुंबई। जावेद कहते हैं धर्मों को समझने के लिए इंसान को उसके ऐतिहासिक संदर्भ में देखना होगा। वो उस जमाने में जन्मा जब इंसान के पास प्रकृति की वैज्ञानिक व्याख्या नहीं थी। इंसान ने शायद अपनी पूरी तारीख में कभी इतनी तरक्की नहीं की जितनी पिछले सौ-दो सौ सालों में की है। उसने समंदर की गहराइयां नाप लीं आसमान की ऊंचाइयां छू लीं, चांद पर कदम रख दिया और अरबों किलोमीटर दूर मौजूद ग्रहों तक अपने यान भेज दिए। उसने परमाणु की बनावट समझ ली, इंसानी जीनोम को पढ़ लिया और ऐसी मशीनें बना लीं जो सीख भी सकती हैं और फैसले भी कर सकती हैं। लेकिन इन सब उपलब्धियों के बीच एक सवाल अब भी हमारे सामने खड़ा है।

# आर्टिकल 370 को बेस्ट फीचर फिल्म का नेशनल अवॉर्ड



मुंबई। यामी गौतम ने 'आर्टिकल 370' में ठकअ अधिकारी जूनी हक्सर और 'चंदू चैंपियन' में कार्तिक आर्यन ने मुरलीकांत पेटकर का किरदार निभाया था। फिल्म आर्टिकल 370 को शनिवार को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में वर्ष 2024 की बेस्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला। वहीं, फिल्म 'श्रीकांत' को बेस्ट हिंदी फिल्म का पुरस्कार मिला और यामी गौतम को लीडिंग रोल में बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार दिया गया।

**❍ कार्तिक आर्यन बेस्ट एक्टर, यामी गौतम बेस्ट एक्ट्रेस, 72वें नेशनल अवॉर्ड का एलान**

वहीं, 'ब्रमायुगम' के लिए ममूटी और 'चंदू चैंपियन' के लिए कार्तिक आर्यन को संयुक्त रूप से लीडिंग रोल में बेस्ट एक्टर का पुरस्कार दिया गया।

बेस्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार जीतने वाली 'आर्टिकल 370' का निर्देशन आदित्य सुहास जांभले ने किया था। फिल्म में यामी गौतम ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिसके लिए उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। जो उनका पहला नेशनल अवॉर्ड होगा। सैकनिल्क के मुताबिक, करीब 20 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में लगभग 110 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया। आदित्य सुहास जांभले को इससे पहले 2016 में शॉर्ट फिल्म 'आबा ऐकताय ना?' के लिए बेस्ट डायरेक्शन (नॉन-फीचर) और 2019 में शॉर्ट फिल्म 'खारवस' के लिए बेस्ट शॉर्ट फिक्शन फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था।

आदित्य सुहास जांभले को इससे पहले 2016 में शॉर्ट फिल्म 'आबा ऐकताय ना?' के लिए बेस्ट डायरेक्शन (नॉन-फीचर) और 2019 में शॉर्ट फिल्म 'खारवस' के लिए बेस्ट शॉर्ट फिक्शन फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। कार्तिक आर्यन और ममूटी को संयुक्त रूप से बेस्ट एक्टर का पुरस्कार मिला। यह कार्तिक का पहला नेशनल अवॉर्ड है, जबकि ममूटी का यह चौथा नेशनल अवॉर्ड है। बेस्ट हिंदी फिल्म का पुरस्कार जीतने वाली फिल्म 'श्रीकांत' का डायरेक्शन तुषार हीरानंदानी ने किया था। फिल्म में मुख्य भूमिका में राजकुमार राव नजर आए थे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com